बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 5, अंक 178, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम 14

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति 13

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## आईएमए अध्यक्ष की बिना शर्त माफी को सुप्रीम कोर्ट ने किया अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी



### पतंजलि केस

- नाराज कोर्ट ने कहा-आप अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते
- रामदेव, बालकृष्ण की अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा। सुनवाई के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन ने हालिया साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी लेकिन अदालत ने अस्वीकार कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने अशोकन से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आराम से सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार दें और अदालत पर आक्षेप लगाएं। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि अदालत संगठन के अध्यक्ष के माफीनामे को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं है। अशोकन ने साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले को लेकर सवालों के जवाब दिए थे।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए।

## थोक महंगाई बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर पर

### लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईंधन-बिजली के साथ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का असर

अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही।

मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

### सितंबर तक नरमी की उम्मीद

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी। विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही।

### 6.6% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्थाः मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

# हिंदू-मुस्लिम किया तो सार्वजनिक जीवन जीने के योग्य नहीं रहूंगा

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार में कही मन की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार** : चुनावी माहौल में मतों के ध्रुवीकरण को लेकर चल रही आम चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को लेकर मन की बात साझा की है। मंगलवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कहा कि मैं बचपन से मुस्लिम परिवार के साथ रहा हूं, मेरे कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। मैं जिस दिन हिन्दू-मुसलमान करूंगा उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। ऐसा नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है।

लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार पर्चा भरने के बाद प्रधानमंत्री ने मुसलमानों के प्रति अपनी धारणा को जगजाहिर किया। सवाल उठा कि, आप ये धारणा तोड़ने में सफल क्यों नहीं हो पाए कि आप मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं? मोदी बोले, यह मुद्दा मुसलमान का नहीं है, निजी तौर पर मुसलमान कितने भी मोदी के साथ होंगे, लेकिन एक निश्चित विचार का प्रभाव है, जो उनको आदेश करता है कि आप ये करो-वो करो।

- बोले-गोधरा दंगों के बाद उनकी छवि जानबूझकर खराब की गई

मोदी ने बताया कि, मेरे घर के अगल-बगल सारे मुस्लिम परिवार हैं। हमारे घर में ईद भी मनती थी। ईद के दिन घर पर खाना नहीं बनता था। मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आ जाता था। मुहर्रम में हमारा ताजिये के नीचे से निकलना अनिवार्य होता था, यह हमें सिखाया गया था। प्रधानमंत्री के मुताबिक 2002 में गोधरा कांड के बाद सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब की गई। ज्यादा बच्चों वाले बयान पर बोले कि मैंने ना हिन्दू कहा, ना मुसलमान। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। मैंने कहा है कि उतने बच्चे हों जिसका लालन-पालन कर सको।

### वाराणसी से तीसरी बार किया नामांकन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। उन्होंने अपने प्रस्तावकों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इससे पहले उन्होंने गंगा नदी और काल भैरव को नमन किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।



नामांकन दाखिल करते प्रधानमंत्री मोदी।

### कई राज्यों के सीएम केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी सहित घटक दलों के कई नेता शामिल रहे।

### एक नजर

#### दिल्ली के परीक्षा केंद्रों पर सीयूईटी-यूजी स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कहा कि 15 मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीईयूटी-यूजी) को अपरिहार्य कारणों से दिल्ली भर के केंद्रों के लिए स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा अब दिल्ली में 29 मई को होगी और संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। देश के अन्य शहरों व विदेशों में परीक्षा 15 मई को ही होगी।

#### लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाया है।

## भीमा कोरेगांव केस में गौतम नवलखा को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन. भट्टी ने नवलखा की जमानत पर लगी बंबई हाईकोर्ट की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी पक्ष यथाशीघ्र 20 लाख रुपये का भुगतान करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे

## दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से भेजे धमकी भरे संदेश, जांच में कुछ नहीं मिला
- पहले भी 20 अस्पतालों, हवाई अड्डो को मिली थी धमकी

राष्ट्रीय राजधानी के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को मंगलवार को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले दिल्ली के 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें चार अस्पतालों में बम होने की खबर मिली जबकि दिल्ली पुलिस के मुताबिक सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, ईमेल यूरोप स्थित मेलिंग सेवा कंपनी 'बीबल डॉट कॉम' से भेजे गए थे, जिसमें वही सामग्री थी जो रविवार को अस्पतालों को भेजी गई ईमेल में थी।

धमकी में कहा गया कि मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक उपकरण रखे हैं। उनमें अगले कुछ समय में धमाका होगा। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा निर्दोष लोगों का खून बहने की जिम्मेदारी आप पर होगी।

### पंतनगर एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

**पंतनगर।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। आनन-फानन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

## तीन बहनों को बचाने में किशोर गंगा में डूबा



परिजनों को समझाते एसडीएम एसपी वर्मा व सीओ उझानी शक्ति सिंह।

संवाददाता, कछला (बदायूं)



- गोताखोरों पर रुपयों के लालच में ठीक से नहीं तलाशने का आरोप
- गंगा सप्तमी पर मंगलवार सुबह स्नान करने के लिए कछला घाट आया था कासगंज का परिवार

**अमृत विचार** : परिजनों के साथ स्नान करने कछला गंगा घाट आया किशोर गंगा में डूबतीं अपनी तीन बहनों को बचाने की कोशिश में डूब गया। गोताखोरों ने तीनों बहनों को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका। फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ की टीम ने तलाश किया, फिर भी किशोर नहीं मिला। गुस्साए परिजनों ने गोताखोरों पर लेटलतीफी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

कासगंज के मोहल्ला श्रीगणेश नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह गंगा सप्तमी पर गंगा स्नान करने लिए मंगलवार को कछला आए थे। स्नान के दौरान धर्मेंद्र की बेटी रिया (18), सिया (13) और भतीजी पायल (18) डूबने लगे। धर्मेंद्र के बेटे पीयूष (14) ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूब गया। परिजनों ने शोर मचाया तो गोताखोर और नाविक गंगा में कूद पड़े। रिया, सिया और पायल को सकुशल निकाल लिया लेकिन पीयूष का पता नहीं चला। कछला चौकी के इंचार्ज हरवीर सिंह मौके पर पहुंचे।

गोताखोर पीयूष को नहीं खोज सके तो फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ की टीम बुलाई लेकिन देर शाम तक पीयूष का पता नहीं चल सका। परिजनों ने गोताखोरों पर आरोप लगाया कि रुपयों के लालच में उन्होंने पीयूष की सही से तलाश नहीं की। परिजनों ने गंगा पुल पर हंगामा किया जिसके चलते वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। एसडीएम एसपी वर्मा व सीओ शक्ति सिंह के समझाने पर परिजन शांत हुए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को फिर से गंगा में पीयूष की तलाश की जाएगी।

## दिल्ली शराब नीति केस में ईडी बनाएगी 'आप' को आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट में कहा-दाखिल करेंगे नई चार्जशीट
- मनीष सिसोदिया की जमानत का किया विरोध

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही।

ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा कि मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। सिसोदिया के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई धनशोधन और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को अभी भी गिरफ्तार कर रही हैं और मुकदमे की सुनवाई जल्द पूरा होने का कोई सवाल ही नहीं है।

## पद्मश्री साहू सुशील सहाय का निधन

**मुरादाबाद।** बिलारी के प्रतिष्ठित साहू घराने से संबंध रखने वाले साहू सुनील सहाय के बड़े भाई सुशील सहाय (80 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने करीबी गांव नगलिया जट स्थित फार्म हाउस हरविलास में अंतिम सांस ली। मेंथा की शिवालिक प्रजाति के आविष्कार के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। सुशील सहाय स्वैच्छिक कृषि वैज्ञानिक के रूप में जाने जाते थे। 1974 में उन्होंने भारतीय क्रांति दल से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। उनका रामपुर जिले में भी उद्योग एवं कारोबार है।



## दिल्ली में आयकर विभाग की इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी



बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए पहुंचे अग्निशमन कर्मचारी।

- दमकल कर्मियों ने दो महिलाओं समेत सात को बचाया
- अग्निशमन विभाग की 21 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में आयकर विभाग में कार्यरत कार्यालय अधीक्षक सतेंद्र कुमार (46) की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी हैं। पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में, इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे।

## 30 लाख की अफीम के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने मंगलवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पूर्वी छोर पर 30 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एनसीबी और जीआरपी भी शामिल रही। महिला तस्कर झारखंड की रहने वाली है। वह अफीम लेकर बरेली जा रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि अफीम की तस्करी को लेकर काफी समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस दौरान जानकारी मिली कि प्रमिला नामक महिला दो किलो अफीम लेकर झारखंड से बरेली जा रही है।

समृद्धि

### लखनऊ में 2014 से घटता गया रकबा, मांग और दाम बढ़ने से फिर लहलहाई फसल

## रामदाना की बढ़ी पैदावार से किसान हुए मालामाल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गोसाईगंज क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा किसान एफपीओ के माध्यम से करने लगे खेती



**अमृत विचार** : राजधानी के गोसाईगंज क्षेत्र के किसानों ने फिर से रामदाना की खेती पर भरोसा जताया है। 2014 के बाद से इसका रकबा घटकर न के बराबर पहुंच गया था लेकिन दो वर्षों से किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के माध्यम से एक हजार से ज्यादा किसान रामदाना की खेती करने लगे हैं। इसमें गेहूं के बराबर लागत और अधिक मुनाफा देख अन्य ब्लॉकों के किसान भी आकर्षित हुए हैं। गोसाईगंज क्षेत्र रामदाना की बेल्ट कही जाती है। यहां एफपीओ ने वर्ष 2022 में 500 एकड़ से खेती की शुरुआत की थी और 2023 में रकबा बढ़कर एक हजार एकड़ हो गया। इस वर्ष 1500 एकड़ में पैदावार का लक्ष्य रखा गया है। रामदाना खरीफ की फसल है, जो लखनऊ से लगे बाराबंकी व रायबरेली के कुछ क्षेत्र में होती है। राजस्थान में सबसे ज्यादा पैदावार होती है। लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र के किसान अक्टूबर से दिसंबर तक इसकी खेती करते हैं। इसकी वजह राजस्थान की अन्नपूर्णा प्रजाति है।

### 15 हजार की लागत में 84 हजार से ज्यादा की हो रही कमाई

एक एकड़ में रामदाना की खेती में 15 हजार रुपये खर्च आता है। गोसाईगंज में जो उत्पादन हो रहा वह एक एकड़ में 12 क्विंटल तक है। वर्तमान में रामदाना का भाव लगभग 72 रुपये किलो है। लागत निकालकर एक एकड़ में इसकी खेती से 84 हजार रुपये से ज्यादा कमाई हो रही है।

### बढ़ा रकबा, कोलकाता में बिक्री

नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने बताया कि रामदाना से गजक, पट्टी, हलवा, लड्डू आदि खाद्य पदार्थ बनते हैं। इधर दो वर्ष से रामदाना का बिस्कुट और कन्फेक्शनरी में इस्तेमाल होने से मांग के साथ दाम बढ़े हैं। इसे देखते हुए किसान फिर से खेती करने लगे हैं। इनके द्वारा तैयार रामदाना कोलकाता की फैक्ट्रियों से ज्यादातर बेचते हैं। कुछ किसान निर्यात भी करते हैं।

> जिले में रामदाना की खेती पूर्व में बड़े पैमाने पर होती थी, जो धीरे-धीरे घटती गई। जो अब एफपीओ के माध्यम से इसे बढ़ा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम आए हैं। जल्द अन्य क्षेत्रों में भी अधिक पैदावार होगी। - **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### राहुल आनंद बने बीसलपुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट

**पीलीभीत।** लंबे अरसे से रिक्त चल रहे न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर के न्यायालय में न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति हो गई। उच्च न्यायालय की ओर से मंगलवार को जारी सूची में जिला मुख्यालय पर तैनात अधिकारी राहुल आनंद को न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन बीसलपुर के रिक्त चल रहे न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर तैनात किया है। उच्च न्यायालय का आदेश जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा के कार्यालय में प्राप्त हो गया है। राहुल आनंद लंबे अरसे से जिला मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे।

### बेटे को मंदिर से बुलाने गई महिला को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत।** बेटे को मंदिर से बुलाने गई महिला की पिटाई कर दी गई। मामला थानपा क्षेत्र के गांव बकसपुर का है। गांव कीरहने वाली खेमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 मई की शाम साढ़े छह बजे वह अपने पुत्र रवि को घर के पास एक मंदिर में बुलाने गई थी। आरोप है कि वहां पर गांव का श्याम बिहारी, पुत्तूलाल, नंद किशोर और एक अन्य व्यक्ति संग खड़े थे। आरोपियों ने बिना वजह गाली गलौज करने के बाद उसके सिर पर डंडा मार दिया। इतना ही विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई।** खेत में खड़ा चारा जोतने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम भैसासुर के प्रेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने खेत में चारा बोया था। जिसको गांव के ही सूबेदार ने 12 मई की सुबह नौ बजे जोत दिया। पीड़ित ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने घर में घुसकर गाली गलौज की। इसके बाद हमला करके मारपीट की गई। अन्य लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ...तो गर्मी में पानी को नहीं तरसेगी सवा लाख की आबादी

## जल जीवन मिशन की 48 पेयजल परियोजनाएं धरातल पर उतरने के साथ हर घर नल से पानी पहुंचाने का दावा कर रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ग्रामीण अंचलों की 1.20 लाख आबादी को गर्मी में शुद्ध जल के लिए नहीं तरसना पड़ेगा। आखिरकार उनको शुद्ध पानी नसीब ही हो गया। जल जीवन मिशन के तहत जिले में 48 पेयजल परियोजनाओं का काम पूरा करते हुए पानी सप्लाई शुरू करा दी गई है। अफसरों का दावा है कि अगले डेढ़-दो माह में 50 अन्य पेयजल परियोजनाओं का काम पूरा लिया जाएगा। शेष एक-दो परियोजनाओं को छोड़ सभी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

बीस लाख से अधिक आबादी वाले तराई के इस जिले में हर घर नल योजना के तहत गांवों में घरों तक पाइप लाइन के जरिए शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए 550 करोड़ रुपए की लागत से 484 पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी मिली थी। इसके तहत ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के साथ पंप हाउसों का निर्माण और सोलर पैनल से संबंधित कार्य कराए जा रहे हैं। जिले में दो कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से फरवरी 2022 में काम शुरू कराया गया था।

जल निगम के मुताबिक फेज दो के तहत 264 पेयजल परियोजनाओं पर काम शुरू कराया गया था। इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। अधिकारियों का दावा है कि 80 फीसदी काम हो चुका है। फेज तीन में भी 220 पेयजल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। विभाग के मुताबिक फेज तीन को लेकर देरी से काम शुरू हुआ था। इसमें 219 पेयजल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। एक परियोजना का कार्य जमींनी विवाद के चलते शुरू हो सका है। निस्तारण होते ही इस परियोजना पर भी तेजी से काम शुरू कराया जाएगा।



मोहम्मदपुर भजा में तैयार किया गया ओवरहैंड टैंक व सोलर पैनल।



नवदिया भगत गांव में पहुंचा जल से पानी, तो खुशी से उछल पड़े बच्चे। ● अमृत विचार

- जिले में जल जीवन मिशन के तहत 550 करोड़ से 484 परियोजनाओं पर हो रहा काम
- 50 अन्य परियोजनाओं का काम दो माह के भीतर पूरा करने का दावा कर रहे अफसर

"जल जीवन मिशन के तहत जनपद में 48 पेयजल परियोजनाओं का कार्य पूरा किया जा चुका है। परियोजना से जुड़े सभी गांवों में पेयजल सप्लाई भी शुरू की जा चुकी है। डेढ़-दो माह में 50 अन्य परियाजनाओं का कार्य शत प्रतिशत पूरा करा लिया जाएगा। शेष अन्य परियोजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। - **मनीष गंगवार,** अधिशासी अभियंता, जल निगम

### बीसलपुर व बरखेड़ा में सर्वाधिक 14-14 परियोजनाएं पूरी

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत जिले के छह ब्लॉकों में 48 परियोजनाओं का काम पूरा कर लिया गया। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से गांवों में घर-घर पानी की सप्लाई भी पूरी की जा चुकी है। यह सभी परियोजनाएं बिलसंडा ब्लाक को छोड़कर शेष बचे छह अन्य ब्लाकों में पूरी की गई है। ब्लाकवार परियोजना कार्यों पर नजर दौड़ाए तो इसमें बीसलपुर एवं बरखेड़ा में सर्वाधिक 14-14 परियोजनाओं का शत प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि ललौरीखेड़ा ब्लाक में 10, मरौरी में पांच, अमरिया में चार और पूरनपुर ब्लाक में मात्र एक परियोजना का कार्य पूरा किया गया है। जल निगम के अधिकारियों का दावा है कि अगले डेढ़ या दो माह में करीब 50 परियोजनाओं का कार्य भी पूरा करा लिया जाएगा।

### 15216 घरों को कनेक्शन, 1.20 लाख आबादी तक पहुंचा शुद्ध पानी

जिले में 48 पेयजल परियोजनाओं का काम पूरा होने के बाद घरों में शुद्ध पानी की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन सभी परियोजनाओं का कार्य पूरा होने के बाद गांवों में घर-घर 15216 कनेक्शन किए गए हैं। 48 परियोजनाओं के माध्यम से 1,20,275 आबादी लाभावित हुई है।

### यह है स्थिति

| ब्लाक | कनेक्शनों की संख्या | लाभान्वितों की संख्या |
|---|---|---|
| पूरनपुर | 430 | 2838 |
| मरौरी | 1445 | 12145 |
| ललौरीखेड़ा | 3063 | 23888 |
| अमरिया | 1285 | 10313 |
| बीसलपुर | 5361 | 48857 |
| बरखेड़ा | 3552 | 32334 |

## मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** महिला अस्पताल के सीएमएस डा. राजेश की ओर से मीडिया कर्मी पर दर्ज कराई एफआईआर को लेकर मंगलवार को व्यापारियों ने डीएम-एडीएम को ज्ञापन दिए गए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के निर्देश पर युवा विंग के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा की अगुवाई में कई व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम न्यायिक अजीत परेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में युवा आशीष लोधी, आरके शर्मा एडवोकेट, गौरव राणा, निखिल, प्रदीप श्रीवास्तव, रवि रस्तोगी, ऋषभ अभिनेत्री, प्रतीक अग्रवाल, सैफ अंसारी, राजन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

उधर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल की अगुवाई में व्यापारियों ने डीएम संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मीडिया कर्मी पर दर्ज रिपोर्ट निरस्त कराने का आग्रह किया। ज्ञापन देने वालों में हनी अरोड़ा, अभिषेक सिंह, अमित, स्पर्श सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी पर प्रसव के बाद नवजात की मौत, डाक्टर पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, बिलसंडा

- परिजन बोले- महिला डॉक्टर की होती तैनाती तो बचाई जा सकती थी नवजात की जान
- एमओआईसी ने कहा-जिला अस्पताल किया था रेफर, परिजनों के स्तर से बरती गई लापरवाही

**अमृत विचारः** नगर स्थित सीएचसी पर कराए गए प्रसव के बाद एक नवजात की मौत हो गई। हालांकि सीएचसी के जिम्मेदारों ने किसी तरह की लापरवाही के आरोपों से इनकार किया है।

थाना क्षेत्र के गांव लिलहर के शिवम राजपूत ने बताया कि प्रसव पीड़ा होने पर वह पत्नी शशि को सोमवार शाम गांव की आशा सपना देवी के साथ नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए थे। वहां पर एएनएम ने प्रसव किया। शिवम के मुताबिक पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। इसका पता चलते ही परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं था। कुछ देर बाद यह खुशियां मिट गईं। आरोप है जन्म के कुछ देर बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी।

यहां महिला चिकित्सक की तैनाती न होने से समुचित उपचार के आभाव में नवजात ने दम तोड़ दिया। उधर, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उन्होंने समय रहते ही नवजात को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था, लेकिन परिजन उसे लेकर नहीं गए। जिस कारण नवजात की मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा का कहना है कि नवजात बेहद कमजोर था। उसे एएनएम ने जन्म के तुरंत बाद जिला अस्पताल ले जाने के लिए रेफर कर दिया था, लेकिन उसके परिजन लेकर नहीं गए। इसमें अस्पताल प्रशासन का कोई दोष नहीं है।

### महिला डॉक्टर की नहीं हो सकी है तैनाती

ब्लॉक क्षेत्र की डेढ़ लाख से अधिक की आबादी के बीच सीएचसी में लंबे समय से महिला डॉक्टर नहीं है। इससे पहले भी सीएचसी और निजी अस्पतालों में भी कई नवजात की मौत हो चुकी हैं। जिसके बाद महिला डॉक्टर की तैनाती न होने पर सवाल उठाए जाते हैं। हालांकि लंबे समय बाद भी महिला डॉक्टर की तैनाती नहीं हो सकी है।

## पहले टक्कर मारकर किया घायल, फिर धमकाया

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम फूटाकुआं के रहने वाले रामऔतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अप्रैल को वह बाइक से पत्नी रीतू भारती के साथ जा रहे थे। कुरैया और बरगदा के बीच पहुंचते ही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें दंपति घायल हो गए। तीन मई को पीड़ित आरोपी के के घर गया और हादसे में आई चोटों पर हुए खर्च का व्यय करने का आग्रह किया। आरोप है कि इस पर आरोपियों ने गाली गलौज कर धमकी देते भगा दिया। पुलिस ने मामले में बाइक चालक खजुरिया पचपेड़ा निवासी तेजदीप उर्फ छोटे और उसके पिता राजेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने पर लोधीपुर में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** गांव लोधीपुर में आधा अधूरा मार्ग छोड़ देने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारियों से समाधान कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के गांव लोधीपुर में लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। आरोप है कि ठेकेदार ने गांव के यूनुस खां की दुकान से मेहंदी हसन के घर तक करीब 290 मीटर निर्माण कार्य कराया था। आरोप है कि मार्ग निर्माण में काफी अनियमितताएं बरती गई। मार्ग में पुलियों को ऊंचा नहीं किया गया और नालियों की मरम्मत भी नहीं की गई। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने कई बार अवर अभियंता से आधा अधूरा मार्ग का निर्माण पूरा कराने की मांग की लेकिन वह अनसुना कर गया और निर्माण नहीं कराया। मंगलवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर लोक निर्माण विभाग की ओर से आधा अधूरा छोड़ा गया मार्ग शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# एकता नगरः बंच केबल में लगी आग से बत्ती गुल



एकता नगर में बंच केबिल जलने के बाद सुधार को पहुंची टीम।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रात को ही पहुंची टीम ने किया सुधार, लोग परेशान

**अमृत विचारः** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती ने उपभोक्ताओं को बेहाल कर दिया है। ग्रामीण अंचलों को छोड़िए शहरी क्षेत्र में भी बिजली सप्लाई लड़खड़ाई हुई है। दिनभर की आंख मिचौली के बाद सोमवार रात को एकता नगर कॉलोनी में बिजली संकट गहरा गया।


शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए लंबे समय से सिर्फ दावे ही किए जा सके है। जर्जर तारों के स्थान पर बंच केबिल डाली जा रही है। सोमवार को भी दिन में कई बार बिजली आती-जाती रही। मोहल्ला सुनगढ़ी में एक फेस में खराबी आने से 50 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर रात को ही पावर कॉरपोरेशन की टीम पहुंची और सुधार किया। इससे पहले यही दिक्कत मोहल्ला गोपाल सिंह में आर्य समाज मंदिर के पास की गली से सामने आई थी। जिसे ठीक कराया गया था। कुछ देर बाद ही एकता नगर कॉलोनी में बंच केबिल में आग गई और कॉलोनी व आसपास के घरों की बिजली गुल हो गई।

गर्मी में बिजली गुल होती ही उपभोक्ता तिलमिला उठे। इसकी सूचना मिलने पर पावर कारपोरेशन की टीम पहुंची और देर रात सुधार कराकर सप्लाई चालू कराई। अशोक कॉलोनी में भी देर रात तक बिजली गुल रही। दूसरे दिन मंगलवार को दिन में बंच केबिल डालने का काम चला, जिसके चलते एकता नगर की सप्लाई बाधित रही।










## एक नजर

### सांड़ की टक्कर से वृद्ध घायल, हालत गंभीर

**बरखेड़ा।** गांव भैसहा ग्वालपुर के 60 वर्षीय लालाराम गांव के मिश्रीलाल के साथ रमपुरा नत्थू गांव गए थे। मंगलवार शाम दोनों अलग अलग साइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में ब्लॉक तिराहे दो छुट्टा सांड लड़ रहे थे। सांड़ की टक्कर लगने से लालाराम घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया है।

### ग्रामीण पर हमला करने वालों पर एफआईआर

**बीसलपुर।** ग्रामीण पर हमला करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम दौलतपुरहीरा निवासी कृपाल सिंह ने बताया कि वह बीते दिनों अपने गांव के मंदिर में पूजा करने गए थे। इस बीच रमेश चंद्र से कहासुनी हो गई। आरोपी ने अपने साथी राजकुमार और महिपाल के साथ मिलकर पीड़ित की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। धारदार हथियार से भी वार किए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### शिक्षक पर छात्र को बेरहमी से पीटने का आरोप

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल के शिक्षक पर कक्षा तीन के छात्र से मारपीट करने का आरोप लगा। आरोप है कि होमवर्क पूरा न करने पर शिक्षक ने उसकी पिटाई कर दी। जिसमें छात्र को चोट भी आई। परिवार वालों ने इसे लेकर आरोप लगाए। हालांकि अभी किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर कोई शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म अब मांग रहा चार लाख

संवाददाता, बरखेड़ा

- युवती की मां ने दी पुलिस को तहरीर, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचारः** युवती को प्रेमजाल में फंसाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। डेढ़ साल बाद भी शादी नहीं की। चार लाख रुपये दहेज की मांग कर दी। युवती की मां ने मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके गांव में लखनऊ कलां के एक युवक का आना जाना था। उसने पीड़िता की पुत्री से करीबी बढ़ाई और प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर पीड़िता से दुष्कर्म किया। डेढ़ साल बाद भी शादी नहीं की है। अब आरोपियों ने शादी करने से इनकार कर दिया। जब शादी की बात करने गए तो आरोपियों ने कह दिया कि चार लाख रुपये दे दो फिर शादी करा देंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आईजी के निर्देश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : आईजी के निर्देश पर बरखेड़ा पुलिस ने बरेली जनपद के थाना क्योलडिया क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की ओर से दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी, अमानत में खयानत की धाराओं में दर्ज की है। जिसमें अपने ससुराल पक्ष के छह लोगों को आरोपी बनाया है। पति की मौत के बाद देवर पर दुष्कर्म और अन्य ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एडीएम ने अमृत विचार की खबर का संज्ञान लेकर नगर पालिका के अफसरों से मांगी थी रिपोर्ट

# रिपोर्ट तैयार ...सात वाहन खराब, 17 निष्प्रोज्य निकले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- खड़े हुए वाहनों की डीजल बुक भी की तलब,

**अमृत विचार :** शहर की सफाई व्यवस्था में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की मरम्मत और बार-बार खराब होने का मामला पिछले दिनों अमृत विचार ने उजागर किया था। जिसके बाद एडीएम ने नगरपालिका से रिपोर्ट मांगी थी। बताया गया है कि एडीएम के निर्देश पर नगरपालिका के अफसरों ने चालकों से वाहनों की लॉक बुक हैंडओवर लेने के बाद अपनी पूरी रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें पालिका ने सात वाहन खराब और 17 वाहन निष्प्रोज्य बताए हैं। रिपोर्ट तैयार होने पर एडीएम को भेजा जाएगा।

शहर के 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए नगरपालिका के पास 152 सरकारी और 208 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी है। वहीं कूड़ा उठान के लिए संसाधन के तौर पर नए पुराने मिलाकर करीब 45 वाहन मौजूद हैं। पालिका के मुताबिक इसमें मात्र छह ट्रैक्टर-ट्राली, 26 लोडर, एक जेसीबी, एक कैटलकैचर और एक सीवर टैंक साफ करने वाली मशीन है। खास बात यह है कि जो वाहन दुरुस्त बताए जा रहे हैं, उसमें भी किसी ट्रैक्टर में बैटरी तो किसी में लाइट नहीं है। एक जेसीबी मशीन बीते छह माह से खराब पड़ी हुई है। जिसे आज तक ठीक नहीं कराया जा रहा है।

वहीं कूड़ा उठान से संबधित वाहनों का एक बड़ा जखीरा वाटर वर्क्स कंपाउंड में खड़ा है। यहां कई ऐसे वाहन है, जिनकी हालत अन्य वाहनों से बेहतर है, लेकिन इन्हें कंडम की श्रेणी में डालकर छोड़ दिया है। खास बात यह है कि इनमें कुछ वाहनों के भीतर सीटों के ऊपर तो पड़े प्लास्टिक के कवर तक नहीं उतरें हैं और इन पर घास उग आई है।

इस मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इधर वॉटर वर्क्स कंपाउंड में खड़े इन बदहाल वाहनों का मामला संज्ञान में आने के बाद एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने ईओ से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी थी। जिसके बाद नगरपालिका ने वाटर वर्क्स में खड़े वाहनों के चालकों से उनकी लॉक बुक मांगी है। जिसमें डीजल की खपत की पड़ताल की जा रही है। वहीं वाहनों में सात वाहन खराब दिखाए हैं। जिसमें एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, छोटा हाथी, मशीन समेत सात वाहन शामिल हैं। इसके अलावा 17 वाहन निष्प्रोज्य पड़े हैं। जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, छोटा हाथी, जेसीबी मशीन, ट्रॉली आदि शामिल हैं। जिनको नीलाम किया जाना है। सफाई निरीक्षक आबिद अली ने बताया कि प्रशासन की ओर से वाहनों की रिपोर्ट और डीजल लॉक मांगी गई थी। इसलिए रिपोर्ट बनाकर भेजी जा रही है।

### सख्ती के बाद चालकों से डीजल से जुड़े अभिलेख भी जब्त

– नगरपालिका में निष्प्रोज्य पड़े वाहन और खराब पड़े वाहनों को लेकर एडीएम ऋतु पुनिया ने ईओ से पूरी रिपोर्ट तलब की है। इसके बाद नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग ने वहां खड़े वाहनों के चालक और अन्य चालकों से उनकी डीजल से जुड़े अभिलेख भी जब्त कर पड़ताल कर रही है। कहीं किसी में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। क्योंकि डीजल की रिपोर्ट भी एडीएम की ओर से मांगी गई है। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में कितना डीजल खपता है। इसलिए डीजल लॉक बुक को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

# महिला शिक्षामित्र से मांगी 50 लाख रंगदारी बोला- रुपये नहीं तो फिर मकान कर दो नाम

## मोबाइल से चुराए फोटो एडिट करने के बाद कर रहा था ब्लैकमेल, पांच लाख रुपये भी ऐंठ चुका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ दर्ज की नामजद रिपोर्ट, भेजा जेल

**अमृत विचारः** महिला शिक्षामित्र से करीबियां बढ़ाने के बाद एक युवक ने उसके मोबाइल से कुछ फोटो चोरी से निकाल लिए। इसके बाद फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। परेशान होकर शिक्षामित्र ने पांच लाख रुपये दो बार में दे भी दिए। मगर, कुछ समय बाद ही दोबारा ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी गई। स्थानांतरण कराने के बाद भी पीछा नहीं छूटा। रास्ते में रोकर धमकाते हुए आरोपी ने 50 लाख रुपये बतौर रंगदारी मांगे, न होने पर मकान उसके नाम कराने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

> एक महिला शिक्षामित्र की ओर से तहरीर प्राप्त हुई थी। एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> – नरेश त्यागी, सदर कोतवाल

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र है। करीब 10 साल पहले उसकी मुलाकात ग्रीन सिटी कॉलोनी के महेश कुमार शर्मा से हुई थी। दोनों के बीच अच्छे संबंध हो गए थे। इसी बीच आरोपी ने व्हाट्सएप से पीड़िता के कुछ फोटो निकाल लिए। इन फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। दस लाख रुपये न देने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से प्रताड़ित होकर पीड़िता ने अपना स्थानांतरण मरौरी ब्लॉक क्षेत्र में करा लिया।द्ध मगर इसकी जानकारी होने के बाद दोबारा परेशान करना शुरू कर दिया। वर्ष 2022 में दो बार में पांच लाख रुपये दे दिए। उस वक्त महेश ने कहा कि फोटो और वीडियो डिलीट कर दिए हैं।

कुछ समय तक शांत भी रहा। मगर, इसके बाद अब फिर से 50 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। उससे कहा इतनी बड़ी रकम कहा से लाएंगे। इस पर आरोपी मकान उसके नाम करने की बात कहने लगा। यह मांग पूरी न होने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 16 अप्रैल को आरोपी ने फोन कर 50 लाख रुपये की मांग की। 11 मई की सुबह पांच बजे पॉलिटेक्निक रेलवे क्रासिंग के पास रास्ते में रोककर धमकाया। जब रुपये का इंतजाम न होने की बात कही तो परिवार समेत हत्या कराने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। ये भी बताया कि आरोपी पर पूर्व के भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### धमकियों से घबराकर छोड़ दिया स्कूल जाना

महिला शिक्षा मित्र की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में उसने बताया कि आरोपी की ब्लैकमेलिंग और धमकियों के चलते उसका घर से निकलना ही दूभर हो गया था। इतना ही नहीं उसने एक बार बचने के लिए अपना स्थानांतरण भी दूसरी स्कूल में करा लिया था। जब इसके बाद भी पीछा नहीं छोड़ा तो मजबूरी में स्कूल जाना ही छोड़ना पड़ गया था। शिक्षा मित्र ने रंगदारी मांगने के साक्ष्य के तौर पर पुलिस को कॉल रिकॉर्डिंग भी दी है।

## बंद किराना दुकान में लगाई आग, घटना सीसीटीवी में कैद

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सीमेंट रोड पर मौजूद किराना की बंद दुकान में एक व्यक्ति ने आग लगा दी। जिससे हजारों रुपये का सामान जल गया। सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बे की मेन बाजार में सीमेंट रोड के पास रामकृपाल की किराना दुकान है। उन्होंने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार शाम दुकान बंद कर चले गए। देर रात किसी व्यक्ति ने शटर के नीचे से दुकान के अंदर आग लगा दी। जिससे दुकान में रखा काफी सामान जल गया। मंगलवार सुबह दुकान पर पहुंचने पर घटना का पता चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। दुकान में आग लगाने की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मामले को दिखाया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम अफसरों को रिपोर्ट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- उप प्रभागीय वनाधिकारी की मौजूदगी में तीन सदस्यीय चिकित्सीय पैनल ने किया पीएम
- वीडियोग्राफी भी कराई, महोफ रेंज में गश्त के दौरान वन कर्मियों को पड़ा मिला था शव

**अमृत विचारः** महोफ रेंज में मृत मिले तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम तीन सदस्यीय चिकित्सीय पैनल ने किया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया उप प्रभागीय वनाधिकारी की देखरेख में संपन्न हुई। अब वन अफसरों को रिपोर्ट का इंतजार है। ताकि तेंदुआ की मौत खुलासा हो सकेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में वन कर्मियों को गश्त के दौरान एक तेंदुआ का शव पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद शव कब्जे में लेकर महोफ रेंज कार्यालय लाया गया था। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। जिनके निर्देश पर तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह की ओर से आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया।

इधर मंगलवार दोपहर बाद महोफ रेंज में तीन सदस्यीय चिकित्सीय पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया गया है। पैनल में डिप्टी सीवीओ डॉ. लक्ष्मी प्रसाद, पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार और बरखेड़ा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरपाल सिंह शामिल रहे। पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान की देखरेख में हुए पोस्टमार्टम के दौरान गठित टीम में शामिल रहे। उप प्रभागीय वनाधिकारी दीपक पांडेय, विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजनाधिकारी नरेश कुमार, डब्ल्यूटीआई के राघवेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान मनोज कुमार मौजूद रहे। इस अब वन अफसरों को तेंदुए की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। अफसरों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

> उच्चाधिकारियों द्वारा गठित टीम की मौजूदगी में चिकित्सीय पैनल द्वारा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपार्ट आने के बाद ही तेंदुआ की मौत के बारे में कुछ कहा जा सकता है।
>
> – रमेश चौहान, उप प्रभागीय वनाधिकारी

# स्कूल की हकीकत खुद जानने निकल पड़े डीएम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


प्राथमिक विद्यालय मैदना में स्टाफ से जानकारी लेते डीएम। ● अमृत विचार

- प्रबंध समिति ने प्रधानाध्यापिका पर लगाया था धमकाने का आरोप
- डीएम ने बीएसए से जांच पड़ताल कर रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर धमकाने का आरोप लगाया। शिकायत पर डीएम ने बीएसए को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही डीएम ने मंगलवार को स्वयं विद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान खामियां मिलने पर सुधार लाने को कहा।

मामला मरोरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मैदना का है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरपाल सिंह समेत पांच सदस्यों ने मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर कर शिकायत की थी। जिसमें कहा गया कि दो मई को प्रबंध समिति के पांच सदस्यों ने पत्राचार के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय मैदना की प्रधानाध्यापिका की शिकायत की थी। आरोप है कि जांच को पहुंची टीम ने शिकायतकर्ताओं के बयान तो दर्ज किए, लेकिन विद्यालय में लगे कैमरों के फुटेज और अभिलेखों की जांच नहीं की गई।

जांच में खानापूरी कर टीम लौट गई और उनके बाद प्रधानाध्यापिका को क्लीनचिट दे दी गई। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि 13 मई को प्रधानाध्यापिका ने प्रबंध समिति सदस्यों को एमडीएम का खाना चेक करने के बहाने बुलाया और धमकाया। आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका ने बच्चों और रसोइयों को धमकाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने बीएसए को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### स्कूल पहुंचे डीएम, अभिलेख देखे

इधर शिकायत के बाद डीएम संजय कुमार सिंह ने स्वयं प्राथमिक विद्यालय मैदना पहुंचकर व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाफ मौजूद मिला। डीएम ने उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों की हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मिल रजिस्टर आदि की गहनता से जांच की। कक्षाओं में बच्चों से अक्षरज्ञान की जानकारी लेने के साथ गिनती–पहाड़ा सुना। बच्चों ने मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछा। जिस पर बच्चों ने बताया कि प्रतिदिन भोजन समय से मिलता है। इस दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका समेत शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शिक्षा में और सुधार लाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, धमकाने का भी लगाया आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचारः** घर में घुसकर मोहल्ले के ही युवक ने युवती से छेड़छाड़ की विरोध करने पर उसे धमकाया। पीड़िता किसी तरह भागकर खुद को बचाया। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। शहर की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मई को वह घर पर अकेली थी। इस बीच नशे की हालत में मोहल्ले का ही गुलफाम घर में घुस आया। पीड़िता को बुरी नियत से पकड़ लिया। अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध कउरने पर धमकी दी गई। किसी तरह छूटकर पीड़िता घर के बाहर भाग गई। शोर मचाकर आसपास के लोगों को जमा किया। इसके बाद आरोपी भाग गया। पुलिस ने मामले में घर में घुसकर छेड़छाड़ और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि विवेचना कराई जा रही है।

# पुलिस ने जिसे क्लीनचिट दी कोर्ट ने उसे मुल्जिम मान भेज दिया जेल

संवाददाता, बिलसंडा

- हाईकोर्ट से राहत न मिलने पर प्रधान पति ने किया था सरेंडर
- बृजेश हत्याकांड में आरोपी को दो साल पहले पुलिस दे चुकी क्लीनचिट

**अमृत विचारः** बृजेश हत्याकांड में पुलिस ने जिस नामजद आरोपी प्रधान पति को क्लीन चिट दी थी, कोर्ट ने उसे मुल्जिम मानते हुए जेल भेज दिया। आरोपी प्रधान पति ने हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से राहत नहीं मिल सकी। इसके बाद आज सत्र न्यायालय में खुद को सरेंडर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव पसगवां के रहने वाले बृजेश कुमार को 19 दिसंबर 2021 को गांव के समीप पीटकर अधमरा कर दिया गया था। गंभीर हालत में परिजन उसे थाने ले गए थे। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। उपचार से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई छोटेलाल की ओर से आरोपी बीपी सिंह, महीप सिंह, गोकुल प्रसाद के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था।

मृतक की पत्नी के ब्यान पर पुलिस ने प्रधान पति शेर सिंह यादव को अभियुक्त बनाया था, लेकिन विवेचना में उसे निर्दोष करार देते हुए क्लीन चिट दे दी थी। पुलिस की इस कारगुजारी की शिकायत जब पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से की तो दियोरियाकलां पुलिस को दोबारा विवेचना सौंपी गई। दोबारा विवेचना में भी पुलिस ने प्रधान पति को क्लीन चिट दे दी थी। बताते हैं कि पुलिस ने शेर सिंह यादव के अलावा तीन अन्य आरोपियों को ही दोषी माना और मुकदमे में चार्जशीट लगाकर कोर्ट में दाखिल कर दी। उधर पीड़िता ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा और पुलिस पर आरोप लगाते हुए शेर सिंह यादव को क्लीन चिट दिए जाने पर आपत्ति जताई। जिस पर कोर्ट ने आरोपी शेर सिंह यादव को घटना में अभियुक्त बनाया। कोर्ट ने हत्याभियुक्त शेर सिंह यादव को इस बाबत 23 नवंबर को समन भी जारी किया। इससे पहले ही आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी थी, लेकिन वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। हाई कोर्ट ने एक मई 2024 को अपील खारिज कर दी। जिसके बाद मंगलवार को आरोपी प्रधान पति को सत्र न्यायालय में खुद को सरेंडर करना पड़ा। जिसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

# अवैध खनन पर एसडीएम का छापा ट्रैक्टर-ट्राली समेत एक लोडर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अवैध खनन की सूचना मिलने पर एसडीएम सदर ने आधी रात को पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। भनक लगाने पर खनन करने तो मौके से भाग निकले, लेकिन टीम ने मौके पर मिले दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक लोडर को कब्जे में ले लिया। गांव रम्पुरिया महोफ के ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को सूचना दी कि गांव के समीप ही कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह ने आधी रात को ही न्यूरिया पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। मौके पर कुछ लोग एक प्लाट में अवैध रूप से खनन कर पटान कर रहे थे। टीम को देख खनन में जुटे लोग भाग निकले। टीम ने मौके पर मिले दो ट्रैक्टर-ट्राली समेत एक मडलोडर को कब्जे में लिया है।

पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली और मडलोडर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में एसडीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि मौके पर मिले ट्रैक्टर-ट्राली आदि को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। अवैध खनन होते पाया गया था। रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

## तहसीलदार की कार्रवाई से मची खलबली

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** खनन की सूचना पर तहसीलदार पूरनपुर ने घुंघचिहाई क्षेत्र में छापा मारा। मामले की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों के भेजी जा रही है। प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। दरअसल, क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा लंबे समय से चल रहा है। कई बार कार्रवाईयां भी हुई हैं, लेकिन पूर्णतया रोकथाम नहीं लगाई जा सकी है। एक बार फिर खनन की आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को तहसीलदार पूरनपुर धीरेंद्र सिंह ने राजस्व टीम के साथ घुंघचिहाई क्षेत्र में छापा मारा। तहसीलदार ने बताया खनन करने वालों के पास 500 घन मीटर की परमिशन थी। पूरे मामले की गहनता से जांच की गई है। रिपोर्ट बनाकर खनन अधिकारी को भेजी जा रही है।

**लापरवाही** पैसा बचाने के चक्कर में जा चुकी कई लोगों की जान, जिम्मेदार सिर्फ दिखावे तक सीमित, नहीं कर पा रहे सख्ती

# नियम दरकिनार, ट्रैक्टर–ट्रॉली से ढो रहे सवारी ...खुद की भी फ्रिक नहीं

संवाददाता, बीसलपुर


ट्रैक्टर ट्राली पर सफर करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा..का मंत्र देते हुए शासन-प्रशासन हादसों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंतित है। परिवहन विभाग भी जनपद में बढ़ते हादसों के पीछे वाहनों की तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी को वजह मानकर सुधार कार्य और जागरूक करने में जुटा है। मगर, धरातल पर तस्वीर बदलती नहीं दिख रही। कहने को बड़े हादसों के बाद जिले में चेकिंग अभियान चलाए गए और चालान भी हुए। लेकिन, ट्रैक्टर ट्राली में सफर एक बार फिर बढ़ गया है। कृषि कार्य के लिए पंजीयन कराने के बाद न सिर्फ ट्रैक्टर-ट्रॉली का कॉमर्शियल उपयोग हो रहा है। बल्कि यातायात नियमों को दरकिनार कर उनसे सवारियां भी ढोई जा रही हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रैक्टर-टाली में सफर करने वालों को खुद की भी फिक्र नहीं है।

प्रदेश में तमाम जगह तो वहीं जनपद में भी कई बार ट्रैक्टर-ट्राली से हादसे हो चुके हैं। जहानाबाद में बीते साल घरातियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से वृद्धा समेत दो की मौत हो गई थी। असम हाईवे पर पिकअप सवार हरिद्वार से लौट रहे 11 लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके अलावा कई अन्य हादसे भी हो चुके हैं। अभी कुछ दिन पहले ही हुए हादसों में ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोग घायल हुए थे। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने इसे लेकर चेकिंग कर चालान भी किए थे। इसके बाद अभी भी सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं।

न तो हादसों को देखते हुए लोग जागरूक हो सके हैं, न ही सख्त कार्रवाई हो सकी है। ग्रामीण अंचलों में इस तरह से मालवाहक वाहनों पर लोग सफर कर रहे हैं।ट्रॉली में सवार होकर लोग अपनी रिश्तेदारियों व अन्य कार्यक्रमों में आवाजाही कर रहे हैं। जबकि ट्रालियों के पलटने से क्षेत्र के दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। मंगलवार को भी कई ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां सफर करती दिखी। ये वाहन मुख्य मार्गों से ही गुजरते रहे।

### लाइसेंस का पता नहीं, थाम लेते स्टेयरिंग

ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग खनन कार्य में भी लिया जाता है। खनन में लगे अधिकांश ट्रैक्टर–ट्रालियों पर नंबर तक नहीं पड़ा होता। इसके अलावा ट्रैक्टर चलाने वाले अधिकतर लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं रहता। बावजूद वह ट्रैक्टर ट्रॉलियों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं खासबात तो यह भी है कि कई ट्रैक्टर ट्रॉलियां नाबालिग चला रहे हैं, आज तक इन पर कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस और परिवहन विभाग की तरफ से तब सख्ती दिखाना शुरू की जाती है जब कोई बड़ी घटना होती है।। यदि पुलिस और परिवहन विभाग पहले से सजग रहते तो नियमों के विपरीत ट्रैक्टर ट्रॉलियों का संचालन जिले में बिल्कुल न हो।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना
द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

## प्लाटिंग के लिए तोड़ दिया सरकारी हैंडपंप

**पूरनपुर।** खेत में प्लाटिंग करने के लिए एक व्यक्ति ने पानी निकास के लिए बनाया गया सरकारी नाला तोड़ दिया। इसकी जानकारी लगने पर बीडीओ ने रोजगार सेवक को भेजकर जांच कराई। ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिमरिया से राजीव नगर जाने वाले मार्ग पर पानी निकास के लिए निर्माणाधीन नाला बना हुआ था। सड़क किनारे बने इस नाला का आधा निर्माण कराया जा चुका है। शेष जगह में ईंटे लगी हुई थी। प्लाटिंग करने के लिए खेत में बनाए गए सरकारी नाले को तोड़ दिया गया। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह से की गई। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेकर रोजगार सेवक को जांच करने के लिए भेजा। रोजगार सेवक ने बीडीओ को नाला तोड़े जाने के बारे में बताया। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में रोजगार सेवक से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। जांच में नाला तोड़ने की बात सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

# डरा रहा डायरिया... मलेरिया के तेजी से बढ़ रहे मरीज

## अब तक जिले में 150 से अधिक मिल चुके हैं मलेरिया केस, बिलसंडा सबसे अधिक संवेदनशील

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी लैब के बाहर जांच करने के लिए लगी लाइन।



मेडिकल कॉलेज में उमड़ी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहली बारिश और भीषण गर्मी के दौरान मच्छरों का असर दिखने लगा है। मच्छरों का हमला तेज होने के कारण मलेरिया मरीजों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिस वजह से ओपीडी फुल चल रही है। हालांकि इस बार मलेरिया का प्रकोप ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। वहीं, अब मरीजों को डायरिया भी डरा रहा है। विशेषज्ञ लगातार डेंगू और मलेरिया की बीमारी से लोगों को बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं। अगर, किसी भी तरह का लक्षण दिखाई दे तो तत्काल उसकी जांच कराकर अपना इलाज कराएं। इधर, मलेरिया के अब तक सर्वाधिक केस बिलसंडा में सामने आए हैं। जिसके पीछे वहां फैली गंदगी को वजह बताया जा रहा है।

तराई की इस बेल्ट में मौसम के बदलाव का असर अब बच्चे बुजुर्ग सभी के सेहत पर भारी पड़ रहा है।

● **सरकारी से लेकर निजी अस्पताओं की ओपीडी में प्रतिदिन बढ़ रही मरीजों की संख्या**

जिले में सुबह से निकल रही तेज धूप से लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। ओपीडी खुलते ही मरीज व तीमारदारों की भीड़ जुट रही है। यह हाल एक दिन का नहीं रोजाना का है। मंगलवार को भी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों की सुबह आठ बजे से भीड़ लगी रही। पर्चा काउंटर पर लाइन में लगने के बाद मरीज डॉक्टरों के चैंबर के बाहर लाइन में खड़े दिखे। मंगलवार को करीब 700 से अधिक पर्चे बने। जिनमें अधिकतर मरीजों में मलेरिया के लक्षण दिखाई दिए। इन मरीजों में बुखार से पीड़ित दिखा तो कोई सिरदर्द और शरीर दर्द से। साथ ही कुछ मरीज डायरिया से पीड़ित दिखे। जहां डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद दवा काउंटर पर दिन भर लाइन लगी रही। पैथोलॉजी लैब में भी जांच के लिए लाइन लगी रही। बढ़ते मरीजों की तादाद को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड रिजर्व किया गया है।

जहां लू, डिहाइड्रेशन, मलेरिया आदि की बीमारियों की चपेट में आने वाले मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ। जिले में अभी तक सबसे ज्यादा मलेरिया केस बिलसंडा में मिले हैं। बिलसंडा में उन गांवों में केस मिले हैं, जो नहर किनारे बसे हुए हैं। वहां सबसे ज्यादा केस मिल रहे हैं। मगर इस बार डेंगू के केस सामने नहीं आए हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों को मानना है कि मच्छरों की पनपने की वजह से डेंगू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों को खतरा बन जाता है। खास बात यह है कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए घरों में ज्यादा देर तक पानी भर न रहने दें और न ही उसे खुला छोड़ें। अगर, अचानक बुखार के साथ आंखों के पीछे तेज दर्द हो तो मरीज की जांच अवश्य करानी चाहिए।

### मलेरिया से बचना तो इन बातों का रखें ख्याल

- घर के आस-पास गंदा पानी न जमा होने दें।
- पूरी बांह का शर्ट या टीशर्ट पहनकर रहें।
- नालों के आस पास बिल्कुल न रहें।
- गाड़ी चलाते समय मुंह पर मास्क अवश्य लगाएं।
- रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- खुले में बिकने वाले खाद्य सामानों का प्रयोग न करें।

# सीबीएसई के नतीजों से परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान, खुशी का ठिकाना नहीं



ईशर अकादमी में तहसील टॉपर ऐशदीप कौर को मिठाई खिलाते हुए स्टाफ।



लकी चिल्ड्रन स्कूल में तहसील स्तर पर टॉप थ्री में जगह बनाने वाली कीरतप्रीत कौर के साथ स्टाफ व परिजन।

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के समस्त सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। ईशर अकादमी की छात्रा ऐशदीप कौर, सेंट जोसेफ के छात्र आर्यन मल्होत्रा और लकी चिल्ड्रन कॉलेज की कीरत प्रीत कौर ने तहसील स्तर टॉप थ्री में जगह बनाई। दूसरे दिन मंगलवार को भी परिचितों का शुभकामनाएं देने के लिए उनके घरों पर आना-जाना बना रहा।

सीबीएसई बोर्ड में ईशर अकादमी की छात्रा ऐशदीप कौर ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर तहसील में परचम लहराया। इसके अलावा स्कूल के ही मेहर सिंह ने भी इंटरमीडिएट में 92 फीसदी और अंजली सिंह ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाई स्कूल में ईशर अकादमी के ही ओजस गुप्ता ने 90 फीसदी,

● **ईशर अकादमी के अलावा सेंट जोसेफ और लकी चिल्ड्रन कॉलेज के बच्चों ने लहराया परचम**

जसमीत कौर ने 89.6 फीसदी और आराध्या कठेरिया को 87 फीसदी अंक मिले। सेंट जोसेफ स्कूल के आर्यन मल्होत्रा ने 95.6 प्रतिशत अंक पाकर 12वीं में तहसील स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। आर्यन स्कूल में टॉप पर रहे। युवराज प्रताप सिंह 93.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व रोहिणी गुरुरानी 91.8 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। साइंस में कुल 37 बच्चे पंजीकृत थे, सभी ने परीक्षा दी। सभी पास भी हुए। दसवीं में कृशांगी शुक्ला 93.5 प्रतिशत अंको से स्कूल में प्रथम, सहजप्रीत कौर और यशी चतुर्वेदी जिन्होंने 93.16 फीसदी अंक अर्जित किए। सयुंक्त रूप से दूसरे स्थान पर व तीसरे स्थान पर श्रुति सक्सेना, जिन्होंने 92.5 प्रतिशत प्राप्त किए। फराह नाज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सामाजिक विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्रधानाचार्य फादर राजेश प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर दीपा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसके अलावा माधोटांडा के विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें छात्र फुजेल खान ने 90.8 प्रतिशत प्राप्त कर पहले स्थान प्राप्त किया। तुलसी सिंह ने 77.8 प्रतिशत से दूसरा और जगरूप सिंह ने 76 फीसदी अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में पास हुए सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। विद्यालय के मुख्य संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता, प्रबंधक विकास गुप्ता, प्रधानाचार्य अविनाश और शिक्षकों ने पास हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

पूरनपुर के लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र कीरत प्रीत कौर चोपड़ा ने 95.4 प्रतिशत अंक पाकर तहसील में 12वीं कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा की सफलता से परिजन काफी खुश है। कीरत प्रीत कौर के पिता अमरेंद्र चोपड़ा अधिवक्ता और माता सत्येंद्र कौर शिक्षिका है। कीरतप्रीत भविष्य में कलाकार बनना चाहती है। विद्यालय की प्रिंसिपल मधु नागी और प्रबंधक विजय नागी ने छात्रा को मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी। डायरेक्टर अमन नागी ने बताया कि छात्रा कीरत प्रीत कौर को टाइम टेबल बनाकर लक्ष्य निर्धारित शिक्षा का अध्ययन कराया गया जिससे वह अच्छे अंक लाने में सफल रही।

### चालक की बेटी हमदा ने 10वीं में पाए 93 फीसदी अंक



**पीलीभीत।** सीबीएसई बोर्ड की ओर से जारी किए 10वीं और 12वीं रिजल्ट में सेंट एलॉयसियस कॉलेज में कक्षा 10वीं की छात्रा हमदा ने 93 फीसदी अंक हासिल किए हैं। हमदा ने हिंदी में 96, मैथ में 90, साइंस में 93, सामाजिक विज्ञान में 94 और अंग्रेजी में 93 अंक हासिल किए हैं। बेटी की इस कामयाबी पर परिवार में उत्साह है। उनके पिता मोहम्मद उमर सीएमओ कार्यालय में चालक के पद पर कार्यरत है। परिवार वालों ने हमदा को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।

### 97.4 % अंक पाकर शगुन ने बनाई टॉप 10 में जगह



**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं की छात्रा शगुन गंगवार ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जिले की टॉप 10 लिस्ट में वह पांचवें स्थान पर आई है। वह आईएएस बनना चाहती है। वह अपने पिता इंद्रपाल गंगवार को आदर्श मानती हैं।

### लिटिल एंजेल्स की स्तुति साहू के आए 96.8 प्रतिशत अंक



**पीलीभीत।** लिटिल एंजेल्स स्कूल की 12वीं की छात्रा स्तुति साहू ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी के साथ वह विद्यालय में पांचवें और जिले की टॉप 10 सूची में आठवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब हुई हैं।

# भीषण गर्मी में सरकारी हैंडपंप खराब, कैसे बुझेगी प्यास



मकरंदपुर चौराहे पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचार:** मकरंदपुर रोशन सिंह ग्राम पंचायत में मुख्य चौराहा पर लगा इकलौता इंडिया मार्का हैंडपंप पखवाड़ा भर से खराब है। अफसर सुध नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते आसपास के दुकानदारों और यात्रियों को पेयजल को लेकर दिक्कत उठानी पड़ रही है। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार सुधि नहीं ले रहे। ग्रामीणों ने लापरवाही को लेकर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

दियोरिया बीसलपुर मार्ग पर मकरंदापुर चौराहे पर इंडिया मार्का हैंडपंप लगा है। आसपास के दुकानदार और राहगीर इसी हैंडपंप से प्यास बुझाते हैं।

● **सचिव नहीं दे रहे ध्यान, ग्रामीण परेशान किया प्रदर्शन**

वर्तमान में गर्मी अधिक पड़ रही है। ऐसे में पानी न मिले तो और दिक्कत बढ़ जाती है। करीब दो सप्ताह पहले हैंडपंप खराब हो गया। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने सचिव को कॉल कर इसकी जानकारी दी, लेकिन इसके बाद भी कोई सुधि नहीं ली गई है।

स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर हैंडपंप जल्द सुधरवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप कुमार, हरीश मौर्य, अरविंद कुमार, देवदत्त चौधरी, राजेश कुमार, सोनपाल, अन्नू लाल, श्रीपाल मौर्य, उमेश रस्तोगी, उपेन्द्र रस्तोगी, देवेन्द्र गंगवार, जारिफ, राहुल, मुनेंद्र कुमार, रामू आदि थे।

# टेंपो चालक पर घायल के पिता ने कराई एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी हेमराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र गौतम वर्मा क्षेत्र के ही गांव अरसिया बोझ निवासी अपने दोस्त ओमपाल के साथ नौ मई की शाम करीब सात बजे मोटरसाइकिल से पौटा से पीलीभीत जा रहा था। वाहन को ओमपाल सावधानी पूर्वक धीरे-धीरे अपनी साइड में चला रहा था। उसका पुत्र गौतम वर्मा पीछे बैठा हुआ था। जैसे ही यह लोग जिरौनिया पुलिस चौकी के समीप पहुंचे। तभी पीलीभीत की तरफ से एक टेंपो का चालक वाहन को ओवरलोड हालत में तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाया और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ओमकार मोटरसाइकिल से अलग गिर गया। उसके पुत्र का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। इसके साथ ही पूरे शरीर मे गंभीर चोटें आई। मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पीलीभीत ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की दुर्घटना की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों का दाखिला कराएं और नियमित भेजें स्कूल




**पीलीभीत।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दलेलगंज से मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत ग्राम प्रधान नन्हे मंसूरी ने हरी झंडी दिखाकर की। बच्चों ने शिक्षा के महत्व से जुड़े नारे लगाए। विद्यालय समिति अध्यक्ष शेर सिंह, सदस्य शरीफ अहमद, रईस खान, शकील अहमद, राशिद खान समेत कई ग्रामीण शामिल हुए। अभिभावकों से मिलकर बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने और नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया गया। इंचार्ज अध्यापक कृष्ण कुमार, तंजीम अहमद खान, मोहम्मद कमर, संजीव कुमार गंगवार, विजेंद्र कुमार सिंह, गीता रानी, स्वाति शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### रैली निकाल कर बच्चों ने किया जागरूक




**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम वासुकपुर में मंगलवार को कम्पोज़िट विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली। बच्चों ने जागरुकता से ओतप्रोत नारे लगाकर अभिभावकों को जागरूक किया। सरकारी विद्यालय के शिक्षकों ने लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। गांव में विभिन्न रास्तों से होते हुए बच्चे गुजरे। अभिभावकों से वार्ता कर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए कहा गया। रैली स्कूल में पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद फुरक़ान, जयदेव, मोहम्मद फरहान, शाहमत ख़ां, शबाना, प्रधान प्रतिनिधि गुलबहार ख़ान आदि मौजूद रहे।

## एडीजी ने पढ़ाया अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था का पाठ

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पीसी मीना ने मंगलवार को जोन के समस्त जिलों के पुलिस अधिकारियों संग गुगल मीट के जरिए बैठक की। जिसमे अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इसमें पीलीभीत एसपी अविनाश पांडे समेत अन्य अफसर भी शामिल हुए। अब प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर रणनीति तैयार की जा रही है।

अपर पुलिस महानिदेशक की ओर से तीन बिंदुओ पर निर्देशित किया गया। जिसमे कहा कि यूपी-112 की गाड़ियों की मुख्य चौराहों/ भीड-भाड वाले स्थानों पर ड्यूटी लगाई जाए। इनके द्वारा नियमित रूप से गस्त की जाए। जिससे चोरी- नकबजनी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। नियमित रूप से बैंक चेकिंग की जाए। बैंक के बाहर भी संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जाए। इसके अलावा जीरो टॉलरेंस नीति के अन्तर्गत अपराध पर नियन्त्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसका सख्ती से पालन कराया जाए।

# कूड़ा, मच्छर और गंदा पानी... बस यही है नखासा की कहानी

## घनी आबादी के बीच रातोंरात नखासा मोहल्ला में प्लाट तालाब जैसा बनने से नर्क जैसे हो गए हालात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इन दिनों संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका के चलते साफ सफाई को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का पाठ लोगों को पढ़ाया जा रहा है। जिम्मेदार भी इसे लेकर व्यवस्था बेहतर बनाने के दावे भी कर रहे हैं, लेकिन धरातल की हकीकत इससे उलट है। अभी कुछ दिन पहले ही मोहल्ला सुनगढ़ी की गलियों में जलभराव और गंदगी की तस्वीरें उजागर हुई थीं। कुछ इसी तरह से अब हालात घनी आबादी वाले वार्ड एक मोहल्ला नखासा में बन चुके हैं।

गांधी स्टेडियम के पीछे बसी इस बस्ती में 100 से अधिक मकान और करीब एक हजार लोग जीवन यापन कर रहे हैं। मगर, यहां शहर में मिलने वाली सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। यहां नालों की सफाई वर्षो से नहीं हुई है। जिस वजह से गदंगी के ढेर लगे हैं। मच्छरों ने नींच उड़ा दी है। एक खाली प्लाट पड़ा था। जहां बच्चे अक्सर क्रिकेट खेला करते थे। इसमें नाले का पानी भर गया है। शनिवार को 50 मिनट हुई बारिश के बाद नाले उफना गए और पानी ओवरफ्लो होने की वजह से बैक हो गए। जिस वजह से वहां खाली पड़े एक प्लाट में रातों रात चार फुट से अधिक गंदा पानी भर गया। मानों जैसे कोई तालाब बना हुआ है। जिसमें मच्छर समेत अन्य कीड़े पनप रहे हैं। वहीं गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से वहां से निकला ही दूभर है। लोग घरों के खिड़की दरवाजे बंद करके बचाव करने पर मजबूर हैं। यह हाल तब है जब शहर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन कोई भी जिम्मेदार अभी तक झांकने नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों की मानें तो यह समस्या कई सालों से चल रही है। विरोध के बाद टीम आती है, मगर आश्वासन देकर चली जाती है।


वार्ड नंबर एक मोहल्ला नखासा में स्थित एक प्लाट में भरा गंदा पानी।


मोहल्ला नखासा में एक मकान के बाहर नाले में गंदगी का ढेर।

- मच्छरों ने उड़ाई नींद, लोग बोले- जलभराव से बीमारी ही नहीं, हादसे का भी सता रहा डर

**मानसून नजदीक..और बदतर न हो जाएं हालात:** अभी कुछ दिन पहले हुई बारिश के बाद हुए जलभराव के बाद शहर के इंतजामों पर सवाल उठ चुके हैं। मुख्य मार्गों से लेकर गली मोहल्लों में पानी भर गया था। मानसून की दस्तक नजदीक हैं। ऐसे में इस तरह की बदतर व्यवस्था में सुधार न किया गया तो आगे और अव्यवस्था हो सकती है। इसे लेकर भी लोग चिंतित है। कुछ ही दूरी पर खाली जगह में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। यहां पर भी मच्छरों की भरमार है।

आचार संहिता की वजह से टेंडर नहीं हो सका। मगर मानसून को देखते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों की मदद से नालों की सफाई कराई जा रही है। मोहल्ला नखासा की स्थिति को लेकर सफाई नायक से जानकारी करने के बाद सफाई कराई जाएगी। किसी तरहकी कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
**– लाल चंद भारती**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत

### प्लॉट और गड्ढों में जलभराव से हो चुके हैं हादसे

खाली पड़े प्लॉट और गड्ढों में जलभराव के बाद कई बार जनपद में दुखद हादसे हो चुके हैं। बीते साल ही अमरिया में खनन के बाद छोड़े गए गड्ढे में भरे पानी में गिरकर तीन मासूमों की मौत हो गई थी। जिसके बाद रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। इससे पहले 2018 में ग्राम बरहा में एक खाली जगह में जलभराव में चार बच्चों की डूबकर मौत हो गई थी। इसके अलावा भी कई हादसे हो चुके हैं। मोहल्ला नखासा में भी जिस स्थान पर जलभराव है, वह घनी आबादी क्षेत्र है। ऐसे में लोगों को हादसे का डर बना हुआ है।


नाले में मोटी मोटी परतें जम गई है। जिनको निकाला नहीं जा रहा है। चारों तरफ से नाला चोक पड़ा है। जिसमें गंदगी का ढेर लगा हुआ है। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसका खामियाजा लोगों को बारिश के मौसम में भुगतान पड़ रहा है। संक्रामक बीमारियों को भी खतरा बना हुआ है।
**– छोटेलाल, स्थानीय नागरिक**

### फागिंग तो दूर सफाई तक नहीं होती


बचपन से देख रहे नालों में गदंगी भरी हुई है। कभी कोई सफाई करने के लिए नहीं आता है। बारिश के मौसम में जलभराव हो जाता है। जिस वजह से गंदा पानी घर तक में भर जाता है। पानी भरने के कारण कई बार स्कूल भी नहीं जा पाते हैं। अब तो प्लाट पर गंदा पानी भर गया है। इसकी कोई सुधि नहीं ले रहा।
**– बबीता, स्थानीय नागरिक**


शनिवार को हुई बारिश के बाद खाली प्लाट में नाले का गंदा पानी भर गया है। जिस वजह से उसमें मच्छर और कीड़े पनप रहे हैं। जिसकी वजह से घर में रहना मुश्किल हो रहा है। रात भर मच्छरों की भिनभिनाहट से पूरा घर परेशान है। नगरपालिका की ओर से सफाई तो दूर फॉगिंग तक नहीं कराई गई है।
**– सुशीला देवी, स्थानीय नागरिक**


कहने को मोहल्ला नखासा मलिन बस्ती में आता है। जिसमें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। लेकिन इसके बाद भी सालों से यहां नालों के अलावा खाली प्लाटों में गंदा पानी भरा हुआ है। मकान की नींव की खुदाई कर रहे हैं। जिसमें कीचड़ और गंदा पानी भरा हुआ है। रहना भी मुश्किल हो रहा है।
**– आकाश कटियार, स्थानीय नागरिक**


नगरपालिका की ओर से सड़क पर झाड़ू और नाली की सफाई कराई जा रही है। इस जटिल समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दुर्गंध से रहना मुश्किल हो रहा है। सभासद से कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।
**– अजय, स्थानीय नागरिक**


जरा सी बारिश में पानी मोहल्ले में भर जाता है। घरों तक में रहना मुश्किल हो रहा है। सुविधा के नाम पर सिर्फ दिखवा हो रहा है। सफाई के अलावा कोई फॉगिंग तक करने नहीं आया है। अधिकतर लोग गंदगी की वजह से यहां रहना भी बेहतर नहीं समझ रहे हैं।
**– द्वारिका प्रसाद**, स्थानीय नागरिक

# ट्रेन की बोगी में महिलाओं से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

संवाददाता, निगोही


- आरोपियों ने मारपीट के दौरान बच्चों को भी नहीं बख्शा, जिंदपुरा हाल्ट से हुए थे सवार
- निगोही स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर लोगों ने एक आरोपी को दबोचा, बाकी हो गए फरार

**अमृत विचार:** ट्रेन की बोगी में जिंदपुरा हाल्ट से सवार हुए कुछ लोगों ने महिलाओं से छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। मासूम बच्चों को भी नहीं बख्शा। निगोही स्टेशन पर पहुंचते ही लोगों ने एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसके साथी फरार हो गए।

मंगलवार शाम को शाहजहांपुर का एक परिवार जिसमें पांच महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, सभी लोग पूर्णागिरी के दर्शन करके ट्रेन से शाहजहांपुर लौट रहे थे। ट्रेन जब जिंदपुरा हाल्ट के पास रुकी तो 20-25 युवक ट्रेन पर चढ़ गए और पहले से ही फुल बोगी में जबरन महिलाओं के पास बैठकर उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे। युवकों ने जब शाहजहांपुर के परिवार के साथ इसी तरह की हरकत की तो उन लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं और मासूम बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बोगी में मौजूद लोग सहम गए। आरोपी युवकों ने निगोही तक महिलाओं और बच्चों के साथ जमकर मारपीट की। निगोही स्टेशन पर गाड़ी जब पहुंची, तो कुछ लोगों में हिम्मत आई और एक आरोपी युवक को पकड़ लिया। उसके साथी मौके से भाग गए।

आरोपी युवक को निगोही स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के एक सिपाही के सुपुर्द कर दिया गया।मामले की शिकायत जीआरपी के अलावा पुलिस से भी की गई है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं इस घटना के बाद से परिवार के लोग दहशत में हैं। इस घटना की सूचना स्टेशन मास्टर ने पीलीभीत जीआरपी को दी है क्योंकि निगोही स्टेशन पीलीभीत जीआरपी की सीमा में आता है।

## जूना अखाड़े के संत हरिहरानंद पुरी महाराज ब्रह्मलीन


ब्रह्मलीन हुए संत का फोटो।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जूना अखाड़े के संत हरिहरानंद पुरी महाराज ब्रह्मलीन हो गए। उनकी उम्र 112 वर्ष बताई जा रही है। वह मूलत: उड़ीसा राजघराने में जन्म लिया है। उनके जवान पुत्र डॉ. अनुज मिश्रा की मृत्यु के उपरांत पत्नी सहित उन्होंने ले सन्यास ले लिया था। वह कई दिनों से अमरिया के बिलासपुर गांव में आश्रम में रहते थे। बताते है कि वह काशी एवं हिमाचल शिव शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर रहे थे। उनके धर्मपुत्र प्रखर मिश्रा ने बताया कि शनिवार को दिव्य शक्ति यज्ञ किया था। 24 मई को गुरुदेव सोड़सी संस्कार एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उनके समाधि के कार्यक्रम में क्षेत्रवासी एवं उनके शिष्यगण डॉक्टर सर्वेंद्र मिश्रा, विजेंद्र मिश्रा( एडवोकेट), करन वर्मा (एडवोकेट) राजकुमार भारती मनोज गुप्ता, सूर्य प्रकाश आदि शामिल रहे।

# कैसे बढ़ेगी पैदावार, खेतों में पॉलिथीन से मिट्टी हो रही बीमार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दैनिक जीवन में पॉलिथीन का बढ़ता उपयोग आम जनमानस के लिए तो नुकसान दे ही रहा है, वहीं अब यह खेतों की उर्वरा शक्ति को भी क्षीण कर रहा है। कूड़ा निस्तारण के नाम पर शहर-कस्बों से निकला कूड़ा खेतों के किनारे डाला जा रहा है। जहां कूड़े के साथ आई पॉलिथीन धीरे-धीरे खेतों में पहुंच रही है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक पॉलिथीन खेतों की मिट्टी की सेहत बिगाड़ने के साथ फसलों के उत्पादन को भी प्रभावित करती है।

शहरों एवं कस्बों से रोजाना निकलने वाले कचरे में 15 से 20 फीसदी तक पॉलिथीन एवं अन्य प्लास्टिक मैटेरियल रहता है। नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों द्वारा कूड़ा निस्तारण के नाम पर इस कचरे को शहर-कस्बों से सटे इलाकों में खेतों के किनारे ही डंप किया जा रहा है। शहर की बात करें तो यहां का कूड़ा शहर से सटे मीरापुर गांव के समीप डाला जा रहा है। वहीं पूरनपुर नगर का कूड़ा भी पालिका कर्मियों द्वारा मुझा रोड पर खेतों के किनारे बने डंपिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है।

कमोबेश ऐसा ही हाल जिले के अन्य कस्बों का है। डंपिंग ग्राउंडों से पॉलिथीन सटे इलाके के खेतों में पहुंच रही है। खेतों में पहुंच रही पॉलिथीन धीरे-धीरे मिट्टी में दबती चली जा रही है। मिट्टी में दबने से पॉलिथीन नष्ट तो नहीं होती, लेकिन कई मायनों में यह खेतों की उर्वरा शक्ति को क्षीण करती जा रही है।


शहर से सटे एक खेत के पास लगा पॉलिथीन का ढेर। ● अमृत विचार

- कूड़ा निस्तारण के नाम पर निकायों से खेतों के किनारे डंपिंग ग्राउंड बनाकर डाला जा रहा कूड़ा
- कृषि वैज्ञानिक बोले: उर्वरा शक्ति क्षीण होने के साथ फसलों के उत्पादन पर भी पड़ेगा असर

### उपजाऊ क्षमता घटने के साथ मित्र कीड़े हो रहे नष्ट

कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका के मुताबिक पॉलिथीन सीधे तौर पर मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को नष्ट करती है। कई जगहों पर पॉलिथीन और प्लास्टिक को जला दिया जाता है। जलने के बाद इससे वायु प्रदूषण तो होता ही है, लेकिन जहां इसे जलाया जाता है वहां की मिट्टी भी प्रदूषित हो जाती है। मिट्टी के अंदर केंचुआ, फफूंद जैसे कई प्रकार के मित्र कीड़े होते हैं, जो मिट्टी एवं फसलों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। फिलहाल इसके लिए किसानों को खुद जागरूक होकर खेतों में पॉलिथीन पहुंचने से रोकना होगा। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन रिपोर्ट के अनुसार प्लास्टिक के जमीन पर जमा होने से मिट्टी और जल दोनों प्रदूषित हो रहे है। जमीन की हवा सोखने की शक्ति भी समाप्त हो जाती है। लाभप्रद बैक्टीरिया मर जाते हैं, जो बचते हैं उनकी क्षमता कम हो जाती है। इससे उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो जाती है।

### पॉलिथीन के यह हैं दुष्प्रभाव

- पॉलिथीन मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को करती है नष्ट
- खेतों में लाभप्रद बैक्टीरिया की क्षमता कम होती है
- जमीन की हवा सोखने की शक्ति भी होती है कम
- पौधों का विकास न होने से असमय दम तोड़ देते हैं।

### खेतों में पॉलीथिन पहुंचने से नहीं रोक पा रहे किसान

वैसे तो केंद्र और प्रदेश सरकार मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाने के साथ किसानों को जागरूक करने को गांव-गांव किसान गोष्ठियां आयोजित करती है, लेकिन मिट्टी की उर्वरा शक्ति के लिए खतरनाक मानी जाने वाली पॉलिथीन पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाने में नाकाम है। वहीं किसान फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए तमाम तरह की रासायनिक और जैविक खादों का प्रयोग तो बढ़ाते जा रहे हैं, लेकिन नुकसान पहुंचा रही पॉलिथीन को खेतों में पहुंचने से रोक नहीं पा सके हैं।

# रोड सेफ्टी.. सड़क हादसे कम करने के लिए रोड इंजीनियरिंग पर रहेगा फोकस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सड़क हादसे कम करने के लिए अब जिला प्रशासन रोड इंजीनियरिंग पर फोकस करेगा। इसके लिए बकायदा एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट के मुताबिक जिले में 19 चिन्हित प्वाइंटों पर सुधारात्मक कार्य कराया जाएगा। इसके लिए एक अन्य प्रोजेक्ट तैयार कर एनएच के साथ समन्वय स्थापित करते हुए धनराशि आवंटित कराई जाएगी।

जनपद में पिछले माह से एकाएक सड़क हादसों में तेजी आई है। तमाम लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कुछ दिन पहले डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। बैठक में आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर इन हादसों के कारण जानने के साथ ब्लैक स्पाटों पर सुधारात्मक कार्य कराने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद इस पर काफी तेजी से काम भी हुआ।

इधर सोमवार को शहर में कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू समेत 14 प्रशिक्षु आईएएस समेत सड़क परिवहन से जुड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। इधर संगोष्ठी के बाद जिला प्रशासन ने सड़क हादसों को कम करने के लिए अब रोड इंजीनियरिंग पर फोकस करते हुए बकायदा रूपरेखा तय की गई। इसके तहत जिले में चिन्हित 19 संवेदनशील प्वाइंटों पर सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे। डीएम संजय कुमार सिंह इन प्वाइंटों का स्थलीय निरीक्षण भी कर चुके हैं।

इसके साथ ही डीएम एनएच, लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं समेत एआरटीओ के साथ इस पर मंथन भी कर चुके हैं। फिलहाल इन सभी प्वाइंटों पर सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे, साथ इन प्वाइंटों पर कार्य कराने के लिए मंत्रालय से धनराशि भी आवंटित कराई जाएगी। ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।


शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर वाहनों की आवाजाही। ● अमृत विचार

- प्रशासन ने तैयार किया प्रोजेक्ट, जिले के 19 प्वाइंटों पर होंगे सुधारात्मक कार्य, एनएच के साथ मिलकर जिला प्रशासन बनाएगा कार्ययोजना

जनपद में सड़क हादसों को कम करने के लिए रोड इंजीनियरिंग पर फोकस करते हुए सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे। इसको लेकर बैठक आयोजित की जानी है। एनएच विंग से वार्ता की गई है। जल्द ही एक प्रस्ताव बनाकर मंत्रालय को भेजा जाएगा।
**– संजय कुमार सिंह**, डीएम।

### कई प्वाइंटों पर डीएम और एसपी खुद परख चुके हैं हालात

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुए शुरू की गई इस मुहिम को धरातल पर उतारने के की कमान खुद डीएम और एसपी संभाल रहे हैं। इसे लेकर बरेली हाईवे, सितारगंज हाईवे, असम हाईवे आदि पर कई प्वाइंटों पर अधिकारी मौका मुआयना कर ब्लैक स्पॉट की व्यवस्थाएं परखी थी। कई जगह सड़कों की चौड़ाई और फुटपाथ के नीचा होने की स्थिति भी सामने आई थी।

## वाहन पार्किंग के ठेके कर दिए..फिर भी सड़क पर ही खड़े हो रहे वाहन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शासन स्तर से अवैध स्टैंड और अतिक्रमण को लेकर पिछले साल सख्ती की गई थी। जिसके बाद अधिकारियों ने खूब दौड़भाग की। नगर पालिका की ओर से भी वाहन पार्किंग को लेकर ठेके कर दिए । माना जा रहा था कि शहर के मुख्य बाजार, जेपी रोड, गांधी स्टेडियम रोड समेत अन्य मार्गों पर सड़कों पर बेतरतीब वाहनों की पार्किंग की समस्या दूर हो सकेगी। लेकिन ये सब चंद दिन तक सीमित रहा। पुनः पुराने जैसे हालात बन चुके हैं। वाहन पार्किंग स्थल पर चंद लोग ही अपने वाहन खड़े कर रहे हैं, बकाया सब सड़क पर जहां-तहां बेतरतीब पार्किंग करने में जुटे हैं। पुलिस की ओर से भी इन पर कोई सख्ती नहीं की जा सकी है।

# शतचंडी महायज्ञ के लिए निकाली कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** गांव तकिया दीनारपुर में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कलश यात्रा निकाल कर धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शारदा नदी से जल लेकर महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। उसके बाद पंचांग पूजन और मंडप तैयार किए। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं शामिल हुईं। बुधवार को बेदी पूजन और मंडप पूजन किया जाएगा। शुक्रवार को अरणी मंथन से यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश कराई जाएगी। मंगलवार शाम को नैमिषधाम के रितेश शास्त्री ने श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया यज्ञ सुबह 7 से 11 बजे तक कराया जाएगा। भागवत कथा दोपहर 2 से 5 और रात में 8 से 11 बजे तक चलेगी। महंत सूरज गिरी, गुरभाग सिंह, आशुतोष शिक्षित राजू, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान, श्रेय सिंह आदि मौजूद रहे।

## गायत्री महायज्ञ में उमड़े भक्त, आज होगा पूजन



**बरखेड़ा।** क्षेत्र के गांव नवादा महेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से पांच दिवसीय कार्यक्रम 12 मई को शुरू हुआ था। जिसमें पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई थी। प्रतिदिन पावन प्रज्ञा पुराण कथा की जा रही थी। सोमवार से रोज सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक गायत्री महायज्ञ व देव शक्तियों का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंगलवार को गायत्री महायज्ञ में हुए पूजन में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। वैदिक मत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दी। आज देव शक्तियों का पूजन होगा। 16 मई को अंतिम दिन गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न किया जाएगा। उसी दिन कन्या भोज और शात को दीप महायज्ञ, टोली की विदाई होगी। इस मौके पर हीरालाल, लेखराज, राजेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान धर्मदास, पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र पाल, महेंद्र पाल, भूपराम शर्मा, सुंदरलाल, दोदराज, सत्यपाल, माखनलाल, मनोज वर्मा, चंद्रपाल वर्मा, शेर सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## पदाधिकारियों और विभाग प्रमुखों को दिलाई शपथ



**मझोला :** स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती के पदाधिकारियों और विभाग प्रमुख छात्र छात्राओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। प्रधानाचार्य भानु प्रताप ने छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई। जिसमें अध्यक्ष हरनीत सिंह, उपाध्यक्ष अमन कुमार, मंत्री आराध्या गुप्ता, उपमंत्री अंशिका यादव, सेनापति संजय कुमार, उपसेनापति नितिन कुमार, वंदना प्रमुख अनमोल आदि विभाग प्रमुख ने शपथ ग्रहण की। शिशु मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने पदाधिकारी एवं विभाग प्रमुख छात्र छात्राओं को शिशु भारती संगठन के विषय में विस्तार से बताया। शिशु भारती प्रमुख सियाराम वर्मा, सहायक सुनीता आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने चिता को बुझाकर महिला का निकाला शव

## मायके वालों को सूचना दिए बिना कर रहे थे मनजीत का अंतिम संस्कार

शाहजहांपुर कार्यालय

- मां ने जलाने का लगाया आरोप, ससुराल वालों ने मायके वालों से की हाथापाई

**अमृत विचार:** सवा माह पूर्व पति से प्रताड़ित होकर महिला ने आग लगा ली थी। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। ससुराल वाले मायके वालों को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर रहे थे, तभी मायका पक्ष पहुंच गया। ससुरालियों ने महिला की मां को मारा पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता को बुझाकर महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा। मां ने पति तथा अन्य लोगों पर जलाने का आरोप लगाया है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव लाड़पुर निवासी प्रीतम सिंह की शादी कई साल पहले मनजीत कौर(32) निवासी रसूलपुर खुर्द थाना पुवायां के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे थे। पति से प्रताड़ित हो मनजीत ने सवा माह पूर्व घर में डीजल छिड़ककर आग लगा ली थी। ससुरालियों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां से रेफर करने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ससुराल वाले तीन दिन पूर्व मनजीत को घर ले गए थे। घर में ही उसका इलाज चल रहा था। सोमवार की सुबह सात बजे उसकी घर पर ही मौत हो गई। मनजीत की मां सुखविंदर कौर ने बताया कि उन्हें दिन में 11 बजे बेटी के मरने की खबर मिली। लेकिन ससुराल वालों ने उसे कोई सूचना नहीं दी थी। सुखविंदर का आरोप है कि दिन में दस बजे बेटी की ससुराल पहुंचे तो पता चला कि उसकी बेटी को अंतिम संस्कार के लिए गांव के बाहर नदी के किनारे चारपाई समेत ले गए है। वह परिवार वालों के साथ श्मशान घाट पर पहुंची। आरोप है कि इस बीच ससुराल वालों ने उसके साथ हाथापाई कर मारा पीटा और शव को जलाने लगे। सूचना पर डायल 112 पहुंच गई। पुलिस ने जल रही चिता को किसी तरह बुझाया। हालांकि तब तक शव के कुछ अवशेष जल गए थे। कांट प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> मृतका के मायके वालों की तरफ कोई तहरीर नहीं आई है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। – **दया शंकर**, कांट प्रभारी निरीक्षक

### मां ने लगाया आरोप- बेटी को मारता पीटता था दामाद

मृतका की मां ने आरोप लगाया कि उसका दामाद प्रीतम सिंह शराब पीकर उसकी बेटी मनजीत कौर को मारता पीटता था और भूखा रखता था। उसी ने उसे जला दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत, ईयर फोन लीड बनी वजह

**रजागंज, अमृत विचार:** कान में ईयर फोन लीड लगाकर जा रहे एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसा मंगलवार को गोला कोतवाली के गांव करनपुर के पास हुआ। गांव करनपुर निवासी ऋषिकांत महत्मा का 16 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र गौतम सुबह घर से खेतों की तरफ जा रहा था। बताते हैं कि उसने कान में मोबाइल फोन की ईयर लीड लगा रखी थी। इसी बीच गोला की तरफ से लखीमपुर जा रहे रेल इंजन के चालक ने हार्न भी बजाया। आसपास के लोगों ने शोर शराबा करते हुए उसे हटने के लिए कहा, लेकिन ईयरफोन लगे होने से वह सुन नहीं सका और उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और सूचना परिवार वालों को दी। खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची गोला कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पीड़ितों को धमका रहे आरोपी पुलिस नहीं ले रही दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पीड़ित बेरोजगारों ने एसपी से मिलकर की शिकायत
- नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से 12 लाख रुपये ठगे जाने का मामला

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी की फोटो लगाकर बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर 12 लाख रुपये ठगे जाने के मामले में एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी के कोई प्रयास नहीं किए। आरोपी अब बेरोजगारों को फोन कर धमका रहे हैं, लेकिन पुलिस इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही। पीड़ित बेरोजगार मंगलवार को एसपी से मिले और शिकायती पत्र देकर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

गांव भदूरा के आनंद कुमार शुक्ला, बृजेंद्र सिंह, आसिफ, शिल्पी आदि ने बताया कि आरकेडी नाम की कंपनी ने अप्रैल 24 में कार्यालय लालपुर बैरियर के पास खोला था। मुख्यमंत्री योगी की फोटो लगाकर कंपनी के कथित अधिकारियों ने बताया कि डीएम से सेनेटरी पैड पैकिंग की अनुमति मिल गई है। जिस पर उन्होंने भरोसा कर लिया और शुल्क जमा कर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी भी जमा कर दी, लेकिन यह पूरा मामला फर्जी निकला। कंपनी ने 5230 महिलाओं को समूह के रूप में जोड़ा। इसके अलावा 70 कर्मचारियों की भर्ती की गई। तीन मई में को जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि अधिकारी यहां से चंपत हो गए हैं। उन्हें पहले कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस के कार्रवाई न करने पर छह दिन पहले एसपी से मिले। एसपी के आदेश पर तीन दिन पहले सदर कोतवाली पुलिस ने गाजीपुर के सुधांशु यादव, बिहार के निरंजन कुमार, अभिषेक सिंह और लखनऊ के सुनील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी के कोई प्रयास नहीं किए। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी उन्हें फोन कर धमका रहे हैं। रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस आरोपियों से मिली हुई है। इसलिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर रुपये वापस कराने की मांग की है।

# घाघरा नदी में नहाते समय चार दोस्त डूबे

संवाददाता, खमरिया

- तीन युवकों ने तैर कर बचाई अपनी जान
- गोताखोरों ने ग्रामीणों की मदद से गायब युवक की नदी में की तलाश, नहीं चला पता


मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र में क्रिकेट खेलकर मंगलवार को घाघरा नदी में नहा रहे चार दोस्त गहरे पानी में चले गए। इससे वहां हड़कंप मच गया। तीन युवकों ने किसी तरह से तैरकर अपनी जान बचाई, लेकिन चौथा युवक तेज धार में फंसकर बह गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर डूबे युवक की तलाश कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। युवक का पता न चलने से उसके परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के निकट से घाघरा नदी बह रही है। गांव का चांद सलमानी(20) पुत्र मैलु सलमानी, शादाब (20) पुत्र मरगूब सलमानी, नसरूद्दीन (18) पुत्र अली अहमद, वजहुद्दीन (17) पुत्र मोहियुद्दीन मंगलवार को नदी के किनारे मैदान में किक्रेट मैच खेलने गए थे। खेलने के बाद चारों युवक नदी में नहाने के लिए पाने में उतर गए। चारों गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में फंस गए।

शादाब, नसरूद्दीन, व वजहुद्दीन ने किसी प्रकार तैरकर नदी से बाहर निकल आए, जबकि चांद नदी के बहाव में बह गया। साथियों ने उसके बहने की खबर जब परिवार वालों को दी तो उनमें चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसओ देवेंद्र कुमार ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नदी में उतारा और तलाश कराई, लेकिन चांद का कहीं भी पता नही चल सका।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बहे युवक की तलाश स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई गई है, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। चांद के न मिलने से परिवार में चीख पुकार मची है।

## किराएदार पर चोरी का जताया शक, रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला दुर्बल आश्रम निर्मल नगर में हफ्ते भर पहले हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में मकान मालिक ने अपने ही किराएदार पर शक जाहिर किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला दुर्बल आश्रम निर्मल नगर निवासी सुशीला गुप्ता ने बताया कि छह मई 24 को वह अपनी बहन के घर बिसवां (सीतापुर) गई थी, वहां से 10 मई को वह अपने घर सुबह करीब 11 बजे वापस पहुंची तो देखा कि मेन गेट का ताला खुला हुआ था। जब कमरे के पास पहुंची तो उसका भी ताला गायब था। कमरे की सिटकनी बंद थी। जब वह सिटकिनी खोलकर कमरे में गयी तो देखा कि बक्से में रखे दो बहुओं के जेवर 1,20,000 रुपये गायब थे। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र और बहू गुड़गांव में रहते हैं। उन्होंने अपने किराएदार गांव लुधौरही निवासी हिमांशु उर्फ छोटू पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि जब वह अपनी बहन के घर गई थी तो घर पर केवल किराएदार ही बचा था। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी कर हड़पे गए 2,78,500 रुपये वापस

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर पांच लोगों से हड़पे गए 2,78,500 रुपये वापस कराए हैं। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि साइबर अपराधियों ने रितिक सिंह से 1500 रुपये, प्रवेश कुमार शुक्ला से 7000 रुपये, शरद तिवारी से 20,000 रुपये, अजीत कुमार श्रीवास्तव से 100,000 और शुभम गुप्ता से 150,000 रुपये ऑनलाइन धोखाधड़ी कर हड़प लिए थे। साइबर टीम ने ऑनलाइन धोखाधडी करने वालों से रुपये वापस लौटा दिए गए हैं।

## धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर, अफरा-तफरी

**गोला गोकर्णनाथ।** लखीमपुर रोड पर हाइडिल के पास ट्रांसफार्मर में सुबह साढ़े पांच बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख पड़ोस के मकानों में सो रहे लोग भी जाग गए। मार्निग वाक के लिए निकले लोग बिजली करंट और आग से बचने के लिए इधर उधर से भाग निकले। ट्रांसफार्मर में आग लगने से काफी समय तक मोहल्ले की बिजली आपूर्ति ठप रही। एसडीओ विनीत कुमार वर्मा ने बताया कि तकनीकी खराबी से ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। ट्रांसफार्मर बदल कर दोपहर में बिजली आपूर्ति शुरू करा दी गई है।

# ईवीएम जमा करने को लेकर कर्मचारियों में जमकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- करीब आधे घंटे तक चला हंगामा सुरक्षाकर्मियों ने कराया शांत

**अमृत विचार:** सोमवार की आधी रात राजापुर मंडी समिति अखाड़ा बन गई। स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराने को लेकर कर्मचारियों के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। उनमें जमकर गाली गलौज के साथ लात-घूसे चले। इससे वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस ने किसी तरह से बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। सूचना पर सीडीओ एडीएम और सीओ गोला भी पहुंच गए। अधिकारियों ने मारपीट करने वाले कर्मचारियों की तलाश की, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई।

लोकसभा की खीरी और धौरहरा सीट के लिए सोमवार को मतदान हुआ था। ईवीएम को रखने के लिए राजापुर मंडी समिति में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। मतदान सकुशल संपन्न होने के बाद शाम करीब साढ़े छह बजे से पोलिंग पार्टियां ईवीएम जमा कराने के लिए मंडी परिसर में पहुंचने लगीं थीं।

इसको लेकर मंडी समिति में कई अफसर भी मौजूद थे। पलिया विधानसभा की ईवीएम जमा हो रही थी। बूथ संख्या एक से लेकर 30 तक की ईवीएम के लिए एक काउंटर लगा था। बताया जाता है कि इस पर पलिया के राजस्व कर्मी ईवीएम जमा कर रहे थे। तभी रात करीब डेढ़ बजे इस काउंटर पर एक पीठासीन अधिकारी अपनी ईवीएम जमा करने पहुंच गए। उनका एक राजस्वकर्मी से ईवीएम जमा करने को लेकर विवाद हो गया।

पास में ही एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह भी खड़े थे। एसडीएम के सामने ही कर्मचारियों के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। उनमें गाली गलौज होने लगी है। मौजूद तमाम सुरक्षा कर्मी और कर्मचारी दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन मामला बढ़ता चला गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक बवाल चलता रहा। तब जाकर किसी तरह से सुरक्षाकर्मियों ने बीच बचाव किया। कई अफसर भी मौके पर पहुंच गए।

> कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। पुलिस ने समझा बुझाकर शांत करा दिया था। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। यदि कोई तहरीर आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। -**अंबर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर**

# ड्रम में भरे पानी में डूबकर बच्चे की मौत

संवाददाता, एटा

- खिलौने से खेलते-खेलते लापता हो गया था रचित, तलाशने पर पानी भरे ड्रम में मिली लाश

**अमृत विचार:** परिजनों की जरा सी लापरवाही डेढ़ साल के बच्चे की जान पर भारी पड़ गई। राजा का रामपुर क्षेत्र के कला गांव में डेढ़ साल का बच्चा घर के अंदर खिलौने से खेलते-खेलते बाथरूम में जाकर पानी भरे ड्रम में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई।

राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गांव कला निवासी अजय कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर उनका डेढ़ वर्षीय बेटा रचित घर में दादा-दादी के पास खेलौना ट्रैक्टर से खेल रहा था। इसी दौरान रचित की मां अंजली, बहन और भाभी मतदान करने के चली गईं। बाबा राधेश्याम ने बाहर अकेला खेलते देख रचित को घर के अंदर कर दिया।

इसके बाद रचित घर के अंदर खिलौनों से खेलने लगा। इसी बीच उन के बड़े भाई का दिल्ली से फोन आ गया। बाबा और दादी फोन पर बेटे से बातें करने लगे। उन्होंने देखा तो रचित घर में नहीं दिखा। फिर उन्होंने पूरा घर छान लिया, लेकिन रचित नहीं मिला। इस दौरान उनकी पत्नी अंजलि व अन्य लोग घर पहुंच गए। तलाशी के दौरान दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने बाथरूम की तरफ जाकर देखा तो रचित ड्रम में डूबा था। खिलौना पानी के अंदर पड़ा था। तत्काल रचित को ड्रम से निकालकर अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मना कर दिया। इसके बाद उसे कायमगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## टॉफी देने के बहाने चार साल की बच्ची से दुष्कर्म

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी 70 साल के बुजुर्ग ने चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मई की शाम उनकी चार साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाला टीकाराम टॉफी दिलाने के बहाने उनकी बेटी को ले गया। अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया।

काफी देर तक बच्ची के न दिखने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। बच्ची टीकाराम के घर पर बदहवास मिली। आरोपी वहां से भाग गया। उझानी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को जेल भेजा गया है। मेडिकल परीक्षण व आगे की जांच की जा रही है।

# 15 साल से कम उम्र के बच्चे भी झेल रहे टीबी का दंश

एक्सक्लूसिव

- मंडल में ऐसे बच्चों की संख्या 3710, आरपीटीएमयू की रिपोर्ट से खुलासा
- टीबी रोगियों के मामले में जिला मंडल में पहले तो बदायूं दूसरे स्थान पर

अंकित चौहान, बरेली

अमृत विचार : 15 साल से कम उम्र के बच्चे तेजी के साथ टीबी यानी क्षय रोग की गिरफ्त में आ रहे हैं। रिजनल टीबी प्रोग्रेमेटिक मैनेजमेंट यूनिट (आरपीटीएमयू) की रिपोर्ट भी यही कह रही है। मंडल में ऐसे 3710 बच्चे टीबी से ग्रसित हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार पीड़ित बच्चों का इलाज चल रहा है।

वर्ष 2025 तक देश से क्षय रोग मिटाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे चौंका रहे हैं। बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों की बड़ी तादाद टीबी रोगियों के रूप में सामने आई है। मंडल में टीबी रोगियों के मामले में जिला पहले स्थान पर है। दूसरा नंबर बदायूं का है। जबकि पीलीभीत में सबसे कम टीबी रोगी हैं। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में जनवरी से दिसंबर तक जिले में 19145, बदायूं में 10042, पीलीभीत में 4591 और शाहजहांपुर में 10366 मरीज चिह्नित किए थे। मंडल में कुल 44144 मरीज सामने आए, जिनमें आठ प्रतिशत यानी 3710 बच्चे थे। वहीं 2024 में जनवरी से अप्रैल तक जिले में 7426, बदायूं में 3737, पीलीभीत में 1695 और शाहजहांपुर में 3760 टीबी रोगी सामने आ चुके हैं।

### बच्चों में टीबी होने का मुख्य कारण

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सुदीप सरन के अनुसार बड़ों की तुलना में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से वे बहुत जल्द संक्रमण की चपेट में आते हैं। बच्चों की टीबी होने का प्रमुख कारण यह भी है कि अगर घर में किसी सदस्य को टीबी है तो बच्चे उसके संपर्क में आते हैं तो उन्हें भी टीबी होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए परिजनों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हर साल टीबी रोगियों को चिह्नित किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए निगरानी की जा रही है।
-**डॉ. एके चौधरी**, नोडल अधिकारी, आरटीपीएमयू, बरेली

## दरगाह पर महिलाओं से छेड़छाड़ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- बिजनौर की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट, दो अन्य महिलाएं भी शिकायत करने पहुंचीं
- सोमवार को वायरल हुआ था वीडियो, पुलिस ने दरगाह के पास से पकड़ा आरोपी

बदायूं कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर की एक दरगाह के पास चादर बेचने वाला युवक कई वर्षों से महिलाओं का उत्पीड़न कर रहा है। दुष्कर्म की पीड़ित बिजनौर निवासी एक जायरीन ने हिम्मत जुटाई तो अन्य पीड़ित महिलाएं भी सामने आईं। एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है और दो अन्य महिलाओं की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद बुधवार को उसे जेल भेजा जाएगा। दुष्कर्म करने का वीडियो उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने में अहम होगा।

शहर में एक विख्यात दरगाह में देश- विदेशों से जायरीन आते हैं। महीने और सालों तक यहां रहकर इलाज भी कराते हैं। दरगाह में टिनशेड डालकर रहने वाला राहत मिस्त्री दरगाह के बाहर चादर बेचता है। बिजनौर निवासी एक महिला ने सोमवार को एसएसपी से शिकायत कह कि पति की मौत के बाद वह अपने बच्चे के साथ इलाज कराने के लिए दरगाह आई थी और यहीं रह रही थी। लगभग 15 दिन पहले राहत उसे बहला फुसलाकर अपनी दुकान में ले गया और दुष्कर्म किया। विरोध पर मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि वह दरगाह में इलाज के लिए आने वाली किशोरियों, युवतियों और महिलाओं का उत्पीड़न करता है। उनके साथ दुष्कर्म करता है।

इसके बाद दो अन्य महिलाएं राहत की शिकायत करने कोतवाली पहुंचीं। बताया कि राहत उनके साथ दुष्कर्म की कोशिश कर चुका है। पुलिस ने तीनों महिलाओं की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ चल रही है। सदर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि आरोपी का वीडियो सामने आया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को जेल भेजा जाएगा।

### बीटेक, बीफार्म और एमटेक के परीक्षा फार्म आज से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एमएससी, बीटेक, बीफार्म, एमटेक-पीएचडी की मुख्य परीक्षा के फार्म 14 मई से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम ओर अष्टम सेमेस्टर के संस्थागत, बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के छात्र 25 मई तक फार्म भर सकेंगे।

# तीन हजार में पढ़ाने को लड़की रखकर घर बैठी सरकारी स्कूल की शिक्षिका

## शिकायत पर हुई जांच में खुली पोल, बीईओ ने की शिक्षिका के निलंबन की संस्तुति

- पिछले चार माह से स्कूल नहीं आई शिक्षिका, निकल रहा है वेतन
- जांच के बाद से स्कूल में पड़ा ताला बच्चों की पढ़ाई हो रही चौपट

बदायूं कार्यालय

**अमृत विचार:** बीईओ की लापरवाही की वजह से शिक्षक स्कूलों से गायब रहकर मौज मस्ती कर रहे हैं। एक शिक्षिका पिछले चार माह से स्कूल नहीं पहुंची है। उसने तीन हजार रुपये में गांव ही एक लकड़ी को पढ़ाने के लिए लगा रहा है और स्वयं घर पर मौजकर रही है। उसका वेतन भी विभाग से लगातार निकल रहा है। पोल तब खुली जब ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई। बीईओ ने शिक्षिका के निलंबन की संस्तुति की है। जांच के बाद से स्कूल में ताला पड़ा हुआ है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से चौपट हो गई है।


निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से जानकारी लेते बीईओ उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी।

आसफपुर ब्लॉक के गांव मोतीपुरा प्राथमिक स्कूल में कार्यरत शिक्षिका प्रीति पिछले चार माह से लापता है। उसके द्वारा तीन हजार में गांव की ही एक लड़की को स्कूल में पढ़ाई कराने के लिए रखा हुआ है। जिसकी शिकायत गांव निवासी मुन्ना सिंह, प्रेमपाल सिंह, दीपक सिंह, रिंकू, जुगेंद्र आदि ने डीएम से की। डीएम ने बीएसए को जांच के आदेश कर दिए।

बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकरी उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी को जांच के लिए स्कूल भेज दिया। उनके पहुंचने पर स्कूल बंद मिला। ग्रामीणों ने बताया शिक्षिका प्रीति स्कूल नहीं आती है। महीने में एक बार आने पर रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करा दी जाती है। स्कूल न आने का विरोध करने पर शिक्षिका द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है।

ग्रामीणों ने बीईओ को बताया कि शिक्षिका ने तीन हजार रुपये में एक लड़की को पढ़ाई कराने के लिए लगा रखा है। उसके द्वारा भी कभी-कभी स्कूल खोला जाता है। शिकायत सही पाए जाने पर बीईओ ने शिक्षिका प्रीति को निलंबित करने की संस्तुति बीएसए को की है।

शिकायत पर जांच के लिए स्कूल पहुंचे थे। शिकायत सही मिली है। शिक्षिका को निलंबित करने के लिए संस्तुति की है।
– **उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी**, बीईओ

### साधू ने ग्रामीण से हड़पे लाखों के जेवर और नगदी

**कलान, अमृत विचार :** साधू ने एक ग्रामीण को घर के अंदर खजाना दबा होने की बताकर उससे लाखों रुपये के जेवर और नगदी हड़प ली। ग्रामीण को जब खजाना नहीं मिला, तब उसे ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव गुदौरा दाउदपुर निवासी धरमवीर ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव में एक साधू दो माह पूर्व आए थे, जिनसे उसकी मुलाकात हो गई। साधू ने कहा कि बहुत ही धनी हो, तुम्हारे घर में माया का वास है, सोने चांदी के गने गहने गड़े हुए हैं, तुम जल्दी करोड़पति हो जाओगे। तुम्हें हवन करना होगा, खर्चा भी करना होगा। साधू के झांसे में धरमवीर फंस गया और उसने दो माह में सोने की जंजीर, अंगूठी, कुंडल, पायलें और 12 लाख रुपये नगद धीरे-धीरे ले लिए। जब धरमवीर का काम नहीं बना, तो उसने कथित साधू से कहा तो उसने धमकी दी कि यह बात किसी को पता चली तो तेरी औलाद भी नष्ट हो जाएगी और तू कहीं का नहीं रहेगा। उसने यह भी बताया कि साधू अपना पता ढाई घाट मिर्जापुर बताता था। पीड़ित धरमवीर ने थाना प्रभारी से साधू के मोबाइल नंबर के माध्यम से कार्रवाई किए जाने मांग की है।

B.I.U. बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
प्रवेश प्रारम्भ
BIUCOP BIU College of Pharmacy Bareilly Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

B.I.U. बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
प्रवेश प्रारम्भ
FOPS Faculty of Paramedical Sciences Bareilly Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## बाथरूम में पानी से भरे ड्रम में डूबकर बच्चे की मौत

- खिलौने से खेलते-खेलते लापता हो गया था रचित, तलाशने पर पानी भरे ड्रम में मिली लाश

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** परिजनों की जरा सी लापरवाही डेढ़ साल के बच्चे की जान पर भारी पड़ गई। राजा का रामपुर क्षेत्र के कला गांव में डेढ़ साल का बच्चा घर के अंदर खिलौने से खेलते-खेलते बाथरूम में जाकर पानी भरे ड्रम में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई।

राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गांव कला निवासी अजय कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर उनका डेढ़ वर्षीय बेटा रचित घर में दादा-दादी के पास खेलौना ट्रैक्टर से खेल रहा था। इसी दौरान रचित की मां अंजली, बहन और भाभी मतदान करने के चली गईं। बाबा राधेश्याम ने बाहर अकेला खेलते देख रचित को घर के अंदर कर दिया।

इसके बाद रचित घर के अंदर खिलौनों से खेलने लगा। इसी बीच उन के बड़े भाई का दिल्ली से फोन आ गया। बाबा और दादी फोन पर बेटे से बातें करने लगे। उन्होंने देखा तो रचित घर में नहीं दिखा। फिर उन्होंने पूरा घर छान लिया, लेकिन रचित नहीं मिला। इस दौरान उनकी पत्नी अंजलि व अन्य लोग घर पहुंच गए।


मृतक रचित।

तलाशी के दौरान दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने बाथरूम की तरफ जाकर देखा तो रचित ड्रम में डूबा था।

खिलौना पानी के अंदर पड़ा था। तत्काल रचित को ड्रम से निकालकर अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मना कर दिया। इसके बाद उसे कायमगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### नाले में गिरा सांड़ लोगों ने निकाला

**खुटार, अमृत विचार :** गांव रौतापुर कलां में आबादी के बीचों बीच बना नाला हादसे को दावत दे रहा है। इसमें गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। सोमवार रात एक सांड़ नाले में गिर गया। लोगों ने देखार तो उसे रस्सी से खींचकर बाहर निकाला गया। जिससे उसकी जान बची। नाले में गिरकर एक ग्रामीण की जान जा चुकी है। वर्ष 2023 में इस नाले का निर्माण जिला पंचायत की तरफ से कराया गया। लेकिन सुरक्षा के लिहाज से पटले रखने की जरूरत नहीं समझी गई। वहीं, खुटार द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल ने बताया कि बजट के मुताबिक नाला निर्माण कराया और पटले डलवाये गए थे। लोगों ने पटले गायब कर दिए। जबकि गांव के कपिल कुमार, प्रकाश पाल, रमेश, रामकिशोर पाल, ओरीलाल राजेश, मुनेश आदि का कहना है कि नाले पर पटले न रखवाकर ऐसे ही खुला छोड़ दिया था। करीब दस माह पहले गांव के रहने वाले बाबूराम( 65) नाले में गिर गए थे और उनकी मौत हो गई थी। लोगों ने बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे नाले में सांड़ गिर गया था। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांड़ को बमुश्किल बाहर निकाल सके।

## स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रवेश पंजीकरण आज से

- बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स और यूजी डिप्लोमा में होंगे प्रवेश
- बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए कल से होंगे पंजीकरण

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रवेश पंजीकरण बुधवार से शुरू हो जाएंगे। छात्रों को बीसीबी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर 150 रुपये शुल्क देकर पंजीकरण करना होगा। वहीं कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए गुरुवार से पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। इसके लिए पोर्टल अपडेट किया जा रहा है।

स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश त्रिपाठी ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स की 160 सीट, बीसीए की 160 सीट, बीबीए की 240 सीट और सभी यूजी डिप्लोमा की प्रत्येक की 30 सीट के सापेक्ष प्रवेश के लिए पंजीकरण होंगे। 10 जून तक पंजीकरण स्लिप और सभी दस्तावेज संबंधित विभाग में जमा करने होंगे। वहीं बरेली कॉलेज की मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए, बीएससी और बीकॉम में के लिए गुरुवार को पोर्टल खोला जाएगा।

### अवंतीबाई में जल्द शुरू होंगे प्रवेश

**बरेली।** रानी अवंतीबाई और साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयों में जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एक-दो दिन में पोर्टल पर पंजीकरण भी शुरू हो जाएंगे। अवंतीबाई महाविद्यालय में स्नातक में बीए की 720, बीकॉम की 160, बीएससी जीव विज्ञान की 80 और बीएससी गणित की 80 सीटों पर प्रवेश होंगे। अवंतीबाई कॉलेज का पोर्टल अपडेट किया जा रहा है। पोर्टल अपडेट होने के बाद पंजीकरण शुरू होंगे। वहीं साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में बीए की 720, बीएससी गृह विज्ञान की 60 और बीकॉम ऑनर्स की 60 सीटें हैं।

### कुत्तों के झुंड ने बच्चे को नोचकर किया घायल

**संभल।** सरायतरीन के मुहल्ला होली चौक मंगलपुरा निवासी महमूद का 11 वर्षीय बेटा रजा मोती मस्जिद के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है। मंगलवार को रजा छुट्टी होने से पहले ही स्कूल से घर आया और अपने छोटे भाई नौ साल के असद को लेकर एक बजे गांव मोतीनगर जाने वाले रास्ते पर स्थित चांदी वालों के आम के बाग के पास मैदान में पहुंचा। यहां पहुंचते ही कुत्तों के झुंड ने रजा व असद को घेर लिया। जिसमें असद तो भागने में कामयाब हो गया, लेकिन कुत्तों ने रजा को गंभीर घायल कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पासपोर्ट L9477984 में मेरा नाम MOHAMMAD BACCHAN अंकित है जो गलत है। जबकि मेरे आधार में मेरा नाम MOHD BACHCHAN S/O NISAR AHMAD अंकित है जो कि सही है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मो. बच्चन पुत्र निसार अहमद, नि. मो. महमन्द जलाल नगर, निकट कुम्हारों वाला मंदिर, तह. सदर, जिला शाहजहाँपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिया देवल के यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल सन 2015 रोल नं. 0853162 एंव इन्टरमीडिएट सन 2017 रोल नं. 0628617 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अवध बिहारी, पुत्र दिवारी लाल, नि. 551, नीरू यादव वाली गली, मढ़ीनाथ बरेली**

सूचना
मैंने अपना नाम रामदुलार से संशोधित कर अब रामदुलार सिंह यादव कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **रामदुलार सिंह यादव पुत्र श्री श्याम बिहारी, मकान संख्या-07 सेक्टर-1, ग्रीनपार्क एक्सटेंशन बरेली (उ.प्र.) 243006**

पब्लिक नोटिस
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विनोद कुमार पुत्र स्व. छोटे लाल व कीर्ति पत्नी श्री विनोद ने एक किता आवासीय मकान नम्बर 137 का भाग रकबई 34.83 वर्ग मी. वाकै मौहल्ला माधोबाड़ी पर. तह. व जिला बरेली को संजीव खन्ना व राजीव खन्ना पुत्रगण स्व. राजेन्द्र खन्ना से क्रय करने हेतु ऋण सहायता प्राप्त करने के लिये एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया है जिसके बाबत पूर्व बैनामा दिनांकित 21.10.1994 क्रमांक 3667 स.र. सदर बरेली के द्वारा मेला रानी खन्ना पुत्री बोधराज व विद्यावन्ती पुत्री उत्तम चन्द्र व सत्यपाल पुत्र चमनदास ने क्रय की थी तत्पश्चात विद्यावन्ती ने द्वारा वसीयत दिनांक 04.08.1993 के द्वारा अपने हिस्से की सम्पत्ति मेला रानी ने क्रय की गयी सम्पत्ति से अपने हिस्से की बसीयत दिनांक क्रमशः दिनांक 04.08.1993 राजेन्द्र खन्ना पुत्र श्री आश्चर्य लाल खन्ना के हक में कर दी तथा मेला रानी की मृत्यु दिनांक 28.02.1997 को हो गयी तथा बाद वफात मेला रानी खन्ना, राजेन्द्र प्रसाद खन्ना उनके हिस्से की सम्पत्ति के मालिक बतौर वारिसान हो गये जिसके पश्चात राजेन्द्र खन्ना ने प्राप्त सम्पत्ति की पंजीकृत बसीयत दिनांक 07.09.2022 संजीव खन्ना व राजेश खन्ना के पक्ष में कर दी। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।
**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय-चैम्बर नं. 11,**
**बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीवद्ध अधिवक्ता मो.9319908378**

## बालिका को सांप ने डसा, झाड़ फूंक में चली गई जान

- सोमवार रात हुई घटना, पूरी रात परिजन कराते रहे झाड़ फूंक
- मंगलवार सुबह मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/ मिर्जापुर

**अमृत विचार:** कमरे में चारपाई पर सो रही बालिका को सोमवार रात में सांप ने डस लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ फूंक कराने वाले के पास लेकर चले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर मंगलवार सुबह मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफा नगर निवासी उदयवीर सिंह ने बताया कि उसकी 12 वर्षीया बेटी आकांक्षी सोमवार की रात दस बजे कमरे में चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान कमरे में कहीं से सांप आ गया, जिसने आकांक्षी के पैर में डस लिया। सांप ने उसे चार-पांच जगह डसा। इस पर उसकी नींद खुली तो देखा कि सांप था, जो भागा जा रहा था। बालिका के शोर मचाने पर परिवार के लोग कमरे में पहुंच गए। जहां आकांक्षी ने परिवार वालों को सांप के डसने की बात बताई, इतने सुनते ही परिजन परेशान हो गए।

परिजन आकांक्षी को अस्पताल ले जाने के बजाय नया गांव सहबेगपुर में झाड़ फूंक करने वाली महिला के पास पहुंच गए। पूरी रात झाड़ फूंक कराते रहे लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ, तब मंगलवार सुबह करीब सात बजे उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया। आकांक्षी गांव के जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी।

परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई में काफी तेज थी। बेटी की मौत से मां लक्ष्मी व पिता उदयवीर का रो रोकर बुरा हाल है। आकांक्षी चार भाई बहनों में दूसरे नंबर पर थी। मंगलवार शाम को किशोरी का ढाई घाट गंगा तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सेमीखेड़ा (बरेली)
पत्रांक : 115/सी/क्रय/2024-25 दिनांक 14.05.2024
ई-निविदा सूचना
सत्र 2024-25 हेतु इस चीनी मिल में सामग्री-उपकरण आपूर्ति, विभिन्न कार्यपूर्ति एवं सामग्री विक्रय हेतु इच्छुक/अनुभवी निविदादाताओं से ई-निविदायें दि. 15-05-2024 से पेराई सत्र की समाप्ति तक निर्धारित सारणी / समय-समय पर आमंत्रित की जायेगी, जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in तथा upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।
प्रधान प्रबन्धक

बाबा पं. रामचन्द्र शर्मा महाविद्यालय
वजीरगंज मार्ग, अम्बियापुर, बिल्सी (बदायूँ)
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
E-mail : mjp331@mjpru.ac.in
आवश्यकता है
1. प्राचार्य-एक पद
2. प्रवक्ता कला संकाय-एक पद
हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र
3. प्रवक्ता विज्ञान संकाय-एक पद
जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान
योग्यता-MJPRU/UGC के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन, सत्यापित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो के साथ कॉलेज प्रबन्धक के नाम विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजें-
मो. 9412445246, 9412535987
प्रबन्धक-प्रशान्त शर्मा

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# कश्मीर में चुनाव नहीं लड़कर भी भाजपा खेल रही जीत-हार का खेल

चुनाव : जम्मू-कश्मीर

राजपुरुष

**अमृत विचार।** जम्मू और कश्मीर से चार साल पहले अनुच्छेद 370 हटाने वाली भाजपा कश्मीर घाटी में लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। लेकिन दिलचस्पी पूरी दिखा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कश्मीर की तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इसके बावजूद बड़ा सवाल यही है कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने आखिरकार कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने से किनारा क्यों कर लिया। वह भी तब जब भाजपा बाकी देश में एक-एक सीट जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

एक ओर जहां भाजपा की इस रणनीति को लेकर राजनीतिक विश्लेषक और विपक्षी दलों के नेता कह रहे हैं कि भाजपा ने ऐसा घाटी में लोगों के बीच फैले ग़ुस्से को बाहर आने से रोकने के लिए किया है, तो दूसरी तरफ यह मानने वालों की कमी नहीं है कि भाजपा के इस फैसले में बड़ी दूरदर्शिता छिपी है। यही वजह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भाजपा को चुनाव नहीं लड़ने के लिए घेर तो रही हैं, लेकिन भाजपा की सियासी चाल से संशकित भी नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि भाजपा घाटी में अल्ताफ बुखारी की जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस को समर्थन देकर विधान सभा चुनाव के लिए अपनी मजबूत जमीन तैयार करने के काम में जुटी है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का यह डर बेवजह भी नहीं है, गृह मंत्री अमित शाह पिछले दिनों जम्मू में राज्य की भाजपा इकाई को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कह भी गए थे। उन्होंने साफ कहा था कि हम कश्मीर में कमल खिलाने की जल्दबाजी में नहीं हैं। बस एक बात याद रखें, लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों को वोट नहीं जाने दें। राज्य में विधानसभा चुनाव बरसात के बाद प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता पार्टी के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले को लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे लेने की रणनीति बताते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा घाटी में लोकसभा चुनाव में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी को परोक्ष समर्थन दे रही है। इसके पीछे पार्टी की रणनीति है कि विधानसभा चुनाव में कश्मीर में यह दल उसकी मदद करें। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी भले ही नेशनल कॉन्फ्रेस और पीडीपी के मुकाबले छोटे दल हैं, लेकिन उनका अपना खास वोट बैंक है। अनंतनाग-राजौरी और बारामुला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की अपनी पैठ भी बहुत कमजोर नहीं हैं। यहां पार्टी ने जनजातीय आबादी को अपने पक्ष में मोड़ा है।

### नेकां के अस्तित्व और पीडीपी की साख का सवाल

**अमृत विचार।** अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत जम्मू संभाग की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही कांग्रेस लद्दाख में चुनाव लड़ रही है, जबकि कश्मीर की तीनों सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतारे हैं। लेकिन घाटी की तीनों सीटों पर पीडीपी भी चुनाव लड़ रही है। श्रीनगर में 13 मई को चौथे चरण में मतदान हो चुका है। अब बारामूला लोकसभा सीट पर 20 मई और अनंतनाग-राजौरी में 25 मई को वोट पड़ने हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटें और भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। लेकिन धारा 370 हटने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में पांच लोकसभा सीटें हैं।

दरअसल 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर राज्य था, जिसमें लद्दाख भी शामिल था, तब यहां छह लोकसभा सीटें थीं। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर हालात यह हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। माना तो यहां तक जा रहा है कि अब तक वर्चस्व कायम रखने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। श्रीनगर लोकसभा सीट पर रिकार्ड 38 फीसदी मतदान के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी को पीडीपी के युवा अध्यक्ष वहीद पारा, अपनी पार्टी के अशरफ मीर तथा डीपीएपी के अमीर अहमद भट्ट ने कांटे की टक्कर दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रीनगर सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मोहसिन को हराकर 70,050 वोटों के बड़े अंतर से सीट जीती थी।

### बारामुला में उमर की राह नहीं आसान

- बारामुला लोकसभा सीट से जहां 20 मई को मतदान होना है, चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की राह आसान नहीं नजर आ रही है। यहां पीपुल्स कान्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन के अलावा निर्दलीय इंजीनियर रशीद व पीडीपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर मोहम्मद फैयाज नेशनल कॉन्फ्रेंस की उम्मीदों पर पलीता लगा रहे हैं।

### महबूबा को अनंतनाग से जीत का भरोसा

- अनंतनाग राजौरी लोकसभा सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। वह कह चुकी हैं कि भाजपा यहां उनके खिलाफ अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी का समर्थन कर रही है। अपनी पार्टी ने इस सीट से जफर इकबाल मन्हास को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस सीट पर मियां अल्ताफ अहमद मैदान में हैं।


## लद्दाख सीट पर लगातार तीसरी बार कमल खिलाने की चुनौती

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लद्दाख लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल के स्थान पर लेह पर्वतीय विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद ताशी ग्यालसान को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी सेरिंग नामग्याल से हो रहा है। लेकिन यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। इसकी वजह कारगिल के संगठनों की तरफ से चुनाव लड़ रहे हाजी हनीफा हैं, जो मुकाबले में आने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

क्षेत्रफल को लिहाज से देश के सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र लद्दाख में भाजपा के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। पार्टी टिकट कटने से नाराज मौजूदा सांसद जमयांग को मनाने में कामयाब रही है, लेकिन जनता के एक वर्ग में केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद मांगे पूरी नहीं होने से थोड़ी नाराजगी है। पार्टी ने इसके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू यहां डेरा डाले हैं। 2019 में भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल ने निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 10 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। निर्दलीय असगर अली करबलाई तीसरे और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। 2014 में लद्दाख से भाजपा के थुपस्तान छेवांग सांसद चुने गए थे। लद्दाख में करीब दो लाख मतदाता हैं। यहां 20 मई को मतदान होना है।

### जम्मू व उधमपुर में कांग्रेस रोक पाएगी जीत की हैट्रिक

- उधर, जम्मू से आने वाली दोनों लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने कमल खिलाया था। इन दोनों सीटों पर मतदान हो चुका है। जम्मू से इस बार जुगल किशोर शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने उतरे थे, उन्होंने 2014 में भी जीत हासिल की थी। इस बार यहां उनका मुकाबला रमन भल्ला से हुआ है, जिन्हें इंडिया गठबंधन के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन प्राप्त था। उधर, उधमपुर सीट पर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह के लिए भी उधमपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वह 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी को इस बार भी दोनों सीटों पर जीत मिलने की पूरी उम्मीद है।



## हिमाचल में बढ़ी सियासी गर्मी, पहली जून को राज्य की सभी चार लोकसभा सीटों पर मतदान

# दांव पर लगे हैं दावे बड़े, शह और मात की हो रही जोर आजमाइश

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा पिछले दो चुनावों से राज्य में कर रही क्लीन स्वीप, इस बार लगा पाएगी जीत की हैट्रिक
- पिछले चुनाव में तीन लाख से ज्यादा मतों से भाजपा ने खिलाया था राज्य की सभी सीटों पर कमल

हिमाचल में मौसम अभी हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों से ठंडा है, लेकिन सियासी गर्मी है कि बढ़ती ही जा रही है। राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए पहली जून को मतदान होना है। 2014 और 2019 की मोदी लहर में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार क्लीन स्वीप करके हैट्रिक लगाने का दावा कर रही है। लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार होने से इस बार मुकाबला पहले जैसा आसान नहीं है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की चारों सीटों पर जीत का अंतर तीन लाख या इससे ऊपर था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस मत अंतर को पाटना है। फिलहाल कांग्रेस और भाजपा दोनों ओर से जनता का समर्थन पाने की जोर आजमाइश जोर पकड़ती जा रही है। हिमाचल की राजनीति कांग्रेस और भाजपा के बीच झूलती रही है। ऐसे में कई बार जनता का मन भांपना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते ही यहां कई बार दिग्गजों को भी हार का स्वाद चखना पड़ा है। हिमाचल में ऐसे दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनका करारी शिकस्त से सामना हो चुका है। लोकसभा चुनाव में बड़े नेताओं में धूमल, शांता, वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य में अभी सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल शेष है, इसलिए फिलहाल सत्ता विरोधी लहर की बात बेमानी है। ऐसे में 10 साल बाद लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस के लिए खाता खोलने का पूरा अवसर है।

**हमीरपुर वोट प्रतिशत-2019**
69.04% भाजपा | 28.64% कांग्रेस


**मंडी वोट प्रतिशत-2019**
68.75% भाजपा | 25.68% कांग्रेस

**शिमला वोट प्रतिशत-2019**
66.35% भाजपा | 28.63% कांग्रेस

**कांगड़ा वोट प्रतिशत**
72.02% भाजपा | 24.60% कांग्रेस

**2019 का परिणाम**

| लोस सीट | दल | प्रत्याशी | वोट मिले |
|---|---|---|---|
| कांगड़ा | भाजपा | किशन कपूर | 7,25,218 |
| | कांग्रेस | पवन काजल | 2,47,595 |
| **लोस सीट** | **दल** | **प्रत्याशी** | **वोट मिले** |
| मंडी | भाजपा | रामस्वरूप शर्मा | 6,47,189 |
| | कांग्रेस | आश्रय शर्मा | 2,41,730 |
| **लोस सीट** | **दल** | **प्रत्याशी** | **वोट मिले** |
| शिमला | भाजपा | सुरेश कुमार कश्यप | 6,06,183 |
| | कांग्रेस | धनी राम शांडिल | 2,78,668 |
| **लोस सीट** | **दल** | **प्रत्याशी** | **वोट मिले** |
| हमीरपुर | भाजपा | अनुराग ठाकुर | 6,82,292 |
| | कांग्रेस | राम लाल ठाकुर | 2,83,120 |



सुखविन्दर सिंह सुक्खु।

### सीएम सुक्खू की सरकार का पैमाना होंगे परिणाम

- हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भाजपा पर अपने हैवीवेट प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है तो कांग्रेस के सामने साख बचाने की चुनौती है। प्रदेश में सरकार होने के बाद भी हाल के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा झटका झेला है। डेढ़ वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 में 40 सीटें जीती थीं। लेकिन छह विधायकों के विद्रोही हो जाने से अब उसके पास 34 विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम से यह भी पता चलेगा कि जनता राज्य की कांग्रेस सरकार से कितनी संतुष्ट है।



कंगना रनौत।



विक्रमादित्य सिंह।

### मंडी में क्वीन और किंग की लड़ाई में किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज

- मंडी लोकसभा सीट पर इस बार देश भर की निगाह है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत यहां से भाजपा की प्रत्याशी हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता विक्रमादित्य सिंह से है। लोग इसे किंग और क्वीन की लड़ाई भी बता रहे हैं। विक्रमादित्य हिमाचल सरकार में लोक निर्माण मंत्री हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी लोकसभा सीट से ही सांसद हैं। विक्रमादित्य शिमला (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक हैं। उनके पिता और मां दोनों ने इस सीट पर तीन-तीन बार जीत दर्ज की है। कंगना रनौत की दो महीने पहले ही राजनीति में एंट्री हुई है। उनकी लंबे समय से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मंडी लोकसभा सीट का इतिहास काफी दिलचस्प है। ये सीट कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा के खाते में आती-जाती रही है। पिछले 2019 के चुनाव में यहां भाजपा के राम स्वरूप वर्मा को चार लाख से ज्यादा मतों से जीत मिली थी।

### अनुराग ठाकुर की जीत का पंजा रोक पाएगा कांग्रेस का हाथ



अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर इस बार जीत का पंजा लगाने उतरे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे तेजतर्रार युवा नेता अनुराग ने पहला चुनाव वर्ष 2008 में लड़ा था, इसके बाद से लगातार 2009, 14 और 19 में जीत हासिल की थी। साल 2019 में उन्होंने लगभग चार लाख मतों से जीत हासिल करके कमल खिलाया था। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 1967 के बाद 2014 तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने यहां नौ बार जीत दर्ज की है। अनुराग ठाकुर के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमा धूमल भी इस सीट से तीन बार सांसद रहे हैं। कांग्रेस ने हमीरपुर सीट से निष्ठावान पदाधिकारी सतपाल रायजादा पर दांव लगाया है।

### कांगड़ा में आनंद शर्मा के सामने भाजपा से बड़ी समय की चुनौती



आनंद शर्मा।

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने इस बार अपने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। वह कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़े हैं। राज्यसभा सदस्य ही निर्वाचित होते रहे हैं। आनंद की राह में सबसे बड़ी चुनौती सीमित समय मिलना है। उन्हें प्रचार के लिए तीन हफ्ते का समय ही मिला है, जबकि भाजपा यहां काफी पहले से अपना मैदान सजाए बैठी है। पार्टी ने अपने सांसद की जगह डॉ राजीव भारद्वाज को प्रत्याशी बनाया है। उनका यह पहला चुनाव है, लेकिन वह काफी समय से प्रचार में जुटे हैं। भाजपा संगठन पन्ना प्रमुख सम्मेलन और मोर्चों के कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरी कर चुका है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग से किशन कपूर को टिकट दिया था और वह प्रदेश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीते थे। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में राजपूत, अन्य पिछड़ा वर्ग व ब्राह्मण मतदाता अधिक हैं। यहां 34 प्रतिशत राजपूत, 32 प्रतिशत ओबीसी, 20 प्रतिशत ब्राह्मण व 14 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति मतदाता हैं।

### शिमला में भाजपा की जीत का चौका, कैच करने के लिए खड़े सुल्तानपुरी



विनोद सुल्तानपुरी।

शिमला लोकसभा सीट पर 2009 से भाजपा का कब्जा है। पार्टी इस बार जीत का चौका मारना चाहती है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप दूसरी बार चुनाव में मैदान में उतरे हैं। उन्होंने पहली बार जब 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था, तब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। सुरेश कश्यप ने सवा तीन लाख से ज्यादा वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को मात दी थी। वह हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार सुरेश का मुकाबला कसौली से कांग्रेस के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से है। सुल्तानपुरी को राजनीति पिता से विरासत में मिली है। उनके पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला संसदीय सीट से छह बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि सुल्तानपुरी कांग्रेस से 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। लेकिन साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कसौली से जीत हासिल की थी। उन्होंने इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल को हराया था।

## हजारीबाग में दो भाजपा विधायक आमने-सामने

चुनाव डेस्क



मनीष जायसवाल।



जयप्रकाश भाई पटेल।

- कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक पर दांव लगाकर मुकाबला बनाया रोचक
- कांग्रेस के लिए पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा कर रहे प्रचार, पौत्र ने भी थामा हाथ का साथ

**अमृत विचार।** झारखंड की हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार दो विधायकों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। भाजपा ने इस सीट पर मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है तो कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। लोकसभा चुनाव में आमने-सामने आए दोनों विधायक वर्ष 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग की ही दो सीटों से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अब इस मुकाबले में बड़ा सवाल यही है कि हजारीबाग में इस बार भाजपा को अपने गढ़ में शिकस्त मिलेगी या लगातार चौथी बार कमल खिलेगा।

हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार सदर सीट के विधायक मनीष जायसवाल को टक्कर दे रहे मांडू सीट के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल (जेपी पटेल) को पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने पहले समर्थन देने का ऐलान किया था, अब चुनाव प्रचार में भी हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। इससे मुकाबला कांटे का होने का आसार बनते जा रहे हैं। मनीष जायसवाल जहां लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं, वहीं जयप्रकाश भाई पटेल तीन बार। सियासत के मैदान में दोनों विधायक अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जेपी पटेल मांडू सीट से भाजपा विधायक और विधानसभा में भाजपा के सचेतक थे। उनके भाजपा छोड़ने की किसी को उम्मीद नहीं थी। लेकिन भाजपा को उसके गढ़ में पस्त करने के लिए कांग्रेस ने व्यूह रचना की। जेपी पटेल भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए और पार्टी ने उन्हें हजारीबाग से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया।
हजारीबाग के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से मना करते हुए संसदीय राजनीति से सन्यास का ऐलान कर दिया था, दरअसल उन्हें अपना टिकट कटने का अंदेशा हो गया था। जयंत सिन्हा पूरे चुनाव में कहीं सक्रिय नहीं हैं। यहां तक कि भाजपा की किसी बैठक तक में नहीं शामिल हुए हैं। अब उनके बेटे आशिर सिन्हा के कांग्रेस में शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है।

### दोनों के बीच पहले भी हो चुकी है भिड़ंत

- मनीष जायसवाल और जेपी पटेल 2011 में भी एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। उस समय मांडू के विधानसभा उपचुनाव में जेपी पटेल जेएमएम और मनीष जायसवाल जेवीएम के उम्मीदवार थे। जीत जेपी पटेल की हुई थी। पटेल के पिता टेकलाल महतो जेएमएम के कद्दावर नेता रहे हैं। वो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार जेएमएम के सांसद रहे हैं। पिता की सीट से जेपी पटेल जेएमएम के टिकट पर विधायक चुने गए थे, लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और 2019 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।

### मांगा समर्थन



नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने जनसंपर्क किया और मतदाताओं से संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा।

# भविष्य के डॉक्टरों ने चुनाव पर भी की दिल की बात

**किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों ने बेबाकी से रखें चुनावी मुद्दे**

- आने वाली सरकार से आस, शिक्षा, चिकित्सा और मिले रोजगार
- लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीबीएस छात्रों ने उठाए मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 20 मई को चुनाव है। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। हर तरफ चुनावी चर्चा का माहौल है। आने वाले समय मे देश की बागडोर किसके हाथों में होगी, इसकी जोरों पर चर्चा है। हर चुनाव में युवाओं की अधिक भागीदारी मानी जाती है।

अमृत विचार ने इसी कड़ी में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों से उनके मुद्दे जाने। जिस पर एमबीबीएस के छात्रों ने कहा कि आने वाली सरकार ऐसी हो जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की गारंटी दे। छात्रों का कहना है कि देश की आर्थिक मजबूती में युवाओं का बड़ा योगदान होता है। उनकी काबिलियत के अनुसार यदि रोजगार मुहैया हो तो आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी सुधरेगा।



पेपर लीक होने जैसी घटनाएं हर हाल में रुकनी चाहिए। निजी कॉलेजों की मनमानी पर अंकुश लगाना भी जरूरी है। साथ ही सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर टिप्पणी भी की।

### जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए



विनीत मौर्य

छात्र विनीत ने कहा सरकारों को जमीन स्तर पर योजनाओं को लेकर हकीकत को परखना चाहिए। जैसे फ्री अनाज, पीएम आवास योजना में घपला हो जाता है। कोटेदार अनाज कम देता है और गांव का मुखिया अपने करीबी को पीएम आवास दिला देते हैं। ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए कि जो योजना हमने लागू की है।

### आने वाली पीढ़ी को मजबूत करें



अनिमेश श्रीवास्तव

अमृत विचार से संवाद के दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र अनिमेश श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के बाद शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव आया है। लेकिन बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। हम लोग दूर दराज यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। पढ़ाई के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### वादे नहीं होते पूरे



निशांत गोस्वामी

छात्र निशांत गोस्वामी ने बताया कि सरकारें वादे तो करती हैं लेकिन पूरा नहीं करती हैं। युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेपर लीक होना है। सालों साल छात्र तैयारी करते हैं। लेकिन पेपर लीक हो जाता है। इस व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए और भी कई तरह कि छात्रों के लिए चुनौतियां हैं। चिकित्सा क्षेत्र में बड़े बदलाव की जरूरत है।

### हर क्षेत्र में हुआ सुधार



तरुण कुमार

छात्र तरुण कुमार ने कहा कि देखा जाए तो बीते 10-12 सालों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। हर क्षेत्र में सुधार हुआ है। लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार है। सरकार को युवाओं की चुनौतियों को कम करने की योजना पर काम करना चाहिए। आज बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

# इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, भरा जोश**

**बोले, हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए**

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है।

मोदी ने कहा कि हमारे बूथ पर पिछली बार जितने वोट मिले थे उसका हिसाब लगा लीजिए। इस बार वो रिकॉर्ड तोड़ना है। इसी कड़ी में उन्होंने मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है, तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का यह प्यार, यह उत्साह, यह आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह धारा 370 हटाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था, इस सपने को हमने पूरा किया है। मेरे जीवन की सबसे बड़ी घटना जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में बड़ी संख्या में मतदान होते देखना है। अगर श्रीनगर कर सकता है तो क्या काशी नहीं कर सकता है। इसीलिए 370 कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। मेरी इच्छा है कि हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए। यह मेरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### बिना रुके-झुके और थके मोदी ने किया है कार्य : योगी

- रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



**राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 10 वर्षों तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। काशी में उनके नामांकन पर दुनिया कौतूहल व आश्चर्य से निगाह लगाई थी। यह विचार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रकट किए। योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है, क्योंकि काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में प्रधानमंत्री का जुड़ाव प्रेरणादायी है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में इन नेताओं की रही मौजूदगी

कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय मंत्री व चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मछलीशहर के सांसद व प्रत्याशी बीपी सरोज, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, काशी के जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अपनी ढपली अपना राग



भाजपा हिंदुस्तान की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। कोई भी बता दे कि हमने चुनावी घोषणा पत्र की बातें पूरी न की हों। हमारी कथनी-करनी में कभी अंतर नहीं रहा है। - राजनाथ सिंह



हम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में फेंक देंगे। शहीदों के नाम पर हम भेदभाव नहीं होने देंगे। मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। - राहुल गांधी



मुलायम के लिए पहले समाज के वर्गों की चिंता प्राथमिकता से रही है और अखिलेश के लिए सत्ता सर्वोपरि है। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास को सिद्ध करके दिखाया। - मोहन यादव



किसानों की आय दोगुनी छोड़िए। न खाद मिली, मिली तो चोरी हुई। ताली थाली बजवाकर वैक्सीन लगवा दिया। किसानों को नैनो यूरिया दिलवा दी, जिसका कोई लाभ नहीं। - अखिलेश यादव

### इलेक्शन बायस्कोप



चुनावी मौसम में जनसभा अथवा रैली चाहे एनडीए की हो या इंडी गठबंधन की, उमड़ रही भीड़ देखते बनती है। ऐसी भीड़ को देखकर कतई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि पलड़ा किस दल का भारी है। राहुल-अखिलेश की मंगलवार को जालौन में आयोजित एक संयुक्त रैली में भीड़ का यह दृश्य नजर आया। -अमृत विचार

# आरक्षित सीटों पर महारथियों की भी जुड़ी प्रतिष्ठा

**नेता जुटे अपने-अपने बच्चों के चुनाव प्रबन्धन में**

**कई सीटों पर आ सकते हैं चौंकाने वाले परिणाम**

**बाराबंकी समेत कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला**

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में 17 आरक्षित सीटें हैं, इन सीटों पर प्रत्याशी हीं नहीं, महारथियों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। इन सीटों पर भाजपा अपने पूर्व की भांति, 2014 चुनाव जैसा क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं सपा व कांग्रेस ने कद्दावर नेताओं के पुत्रों को प्रत्याशी बनाकर चुनौती बढ़ा दी हैं। पर्दे के पीछे महारथियों के उतरने से कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा समेत एनडीए गठबंधन ने प्रदेश की सभी आरक्षित सीटों पर विजय प्राप्त की थी, और 2019 में अपना दल (एस) के साथ 15 सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रदर्शन को कायम रखने के लिए भाजपा ने अधिकांश आरक्षित सीटों पर मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। मगर, वर्तमान में इन सीटों का राजनीतिक समीकरण बदल गया है।

आरक्षित सीटों की बात करें तो कौशांबी में भाजपा के मौजूदा सांसद शुमार विनोद सोनकर के सामने सपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता इंद्रजीत सरोज के पुत्र युवा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज चुनौती पेश कर रहे है। अपने पुत्र के चुनाव का पूरा प्रबन्धन इंद्रजीत खुद कर रहें हैं। यहीं हाल, मछली शहर सीट का है, भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने मुकाबले में सपा नेता तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज हैं। दोनों ही नेता अपने बच्चों को चुनाव जिताने के लिए रात-दिन एक किये हुए हैं।

इसके बाद बाराबंकी सीट की बात करें तो भाजपा के पहले प्रत्याशी व मौजूदा सांसद उपेंद्र रावत की वजह से चर्चा में आई थी। सांसद को टिकट देते ही एक वीडियो वायरल होने पर, भाजपा बैकफुट पर आ गई और प्रत्याशी बदलकर राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के तनुज पूनिया मैदान में है, जो कि पूर्व आईएएस और दिग्गज कांग्रेसी नेता पीएल पुनिया के पुत्र हैं। वहीं बसपा के शिव कुमार दोहरे चुनाव को त्रिकोणिय बनाने में जुटे हैं। शाहजहांपुर सीट पर भी भाजपा ने वर्तमान सांसद अरुण सागर उतारा है। इनका मुकाबला सपा की युवा प्रत्याशी ज्योत्सना से है।





पीएल पुनिया



इंद्रजीत सरोज



तुफानी सरोज



सुरेश खन्ना



जितिन प्रसाद



संगीता आजाद

इस सीट पर भाजपा की प्रतिष्ठा जुड़ी है क्योंकि प्रदेश सरकार के तीन मंत्री - वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं।

नगीना सीट पर भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को दिकट दिया है, सपा ने मनोज कुमार को मैदान में उतारा है। मगर इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर रावण ने ताल ठोक दी है, इससे सीट पर बदले समीकरण का खुलासा 4 जून को देखने को मिलेगा। आजमगढ़ अंतर्गत लालगंज सीट पर भाजपा की वर्तमान विधायक नीलम सोनकर का मुकाबला बसपा की डॉ. इंदू चौधरी और सपा के दरोगा प्रसाद सरोज है। यह सीट वर्तमान सांसद संगीता आजाद के लिए प्रतिष्ठा का विषय है, क्योंकि चुनाव के पहले पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है, भाजपा को पूरी उम्मीद है, इसके आने से यह सीट भी उनके खाते में आ जाएगी। इसके अलावा इटावा सीट को हथियाने के लिए सपा ने जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है, सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भाजपा ने प्रो. रामशंकर कठेरिया और बसपा ने सारिका सिंह बघेल को उतार कर चुनौती दी है। इसी प्रकार अन्य हर एक आरक्षित सीट पर समीकरण बदले-बदले मिल रहें हैं, भाजपा एक-एक सीट को बचाने के लिए कील कांटा मजबूत करने में लगी है, वहीं इंडिया गठबंधन ने एक-एक सीट पर कई-कई दिग्गज नेताओं को लगाकर भाजपा के मिशन 80 को धराशायी करने का मंसूबा बना रखा है।

### बंट जाते हैं वोट

राजनैतिक विश्लेषक का मानना है कि आरक्षित सीटों पर सभी उम्मीदवार अनुसूचित जाति के होते हैं। इसके चलते अनुसूचित जातियों के वोट यहां बंट जाते हैं। ऐसे में दूसरी जातियों के वोट निर्णायक हो जाते हैं। इसलिए गैर-अनुसूचित जातियों के वोटों को लेकर राजनीतिक पार्टियां अलग रणनीति बनाती हैं। क्योंकि सवर्ण जाति के मतदाताओं के पास विकल्प कम होते हैं।

### ये 17 सीटें आरक्षित

नगीना, बुलन्दशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराईच, जालौन, मोहनलालगंज कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछलीशहर, बांसगांव और रॉबर्ट्सगंज

## वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके मोदी : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा-स्वास्थ्य और देश की तरक्की के लिए कोई हाथ नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी व चित्रा निषाद बाथम, सुबोध श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने कहा कि मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके हैं। कांग्रेस नेता मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि 2014 में नामांकन भरते समय मोदी ने गंगा की सफाई व काशी के लिए बड़े-बड़े वादे किये थे। वाराणसी में बंदरगाह बनाने व इससे हजारों लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था। आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया गया। इन गांवों में पानी, सड़क, शौचालय, सबको आवास जैसे कई बढ़-चढ़ कर वादे किए गए, पर उसे पूरा नहीं किया गया है। वाराणसी के सीवर और नालों की स्थिति ठीक नहीं है। वाराणसी में स्थानीय लोगों की रिपोर्ट है कि मैला ढोने की कुप्रथा के कारण 25 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# मुस्लिम और अनुसूचित वर्ग के मतों से बदलेगा चुनावी समीकरण

**प्रमुख दलों के प्रत्याशी लगा रहे बड़े वोट बैंक में सेंध, फेंक रहे जाति का पासा**

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, बाराबंकी में राजनीतिक घमासान तेज होता चला जा रहा है। बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ रैली की वजह से राजनीतिक लड़ाई बेहद दिलचस्प होती जा रही है। यहां अब तीनों प्रमुख दलों की निगाह अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिक गई है। इस वर्ग के यहां करीब 48 प्रतिशत से अधिक मतदाता है, जो यदि एकजुट होकर किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करते हैं तो जीत- हार के समीकरण काफी हद तक बदले जा सकते हैं। इसके लिए तीनों दलों के रणनीतिकार राजनीति की बिसात पर जातीय पासा फेंकने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आना आने वाला भविष्य तय करेगा।



बाराबंकी संसदीय सीट लगातार दो बार से भाजपा के कब्जे में है। यहां भाजपा के लिए जहां हैट्रिक लगाने की चुनौती है, तो वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव उसके अस्तित्व की लड़ाई से जुड़ी हुई है। बसपा भी अपना खोया हुआ जनाधार वापस लाने के लिए बेताब दिख रही है। लगातार दस सालों से भाजपा के कब्जे में रहने वाली इस सीट व भाजपा के वर्चस्व को ढहाने के लिए विपक्षी दल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा के टिकट से प्रियंका रावत के खिलाफ यहां से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.पीएल पुनिया तो सपा ने रामसागर को अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन मोदी लहर के आगे कोई टिक न सका और विरोधी दलों को पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को तो इंडी गठबंधन ने तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां बसपा ने शिव कुमार दोहरे को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। अब तक के समीकरणों में तीनों प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ते दिख रहे हैं। सबकी नजर इस समय अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिकी है। उन्हें साधने के लिए सभी अपने अपने मोहरे फिट कर रहे हैं। कांग्रेस से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया पिछड़ा वंचित और मुस्लिम को अपना परम्परागत वोट बैंक बता कर इन मतदाताओं को एक सूत्र में बांध कर इस बडे. वोट बैंक पर अपना एकाधिकार बताने का काम कर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी सबका साथ सबका विकास का नारा दे मतदाताओं के बीच गहरी पैठ बनाने में जुटी हैं, और सरकार द्वारा इन वर्गों के लिए चलाए जाने वाली योजनाओं को अपनी सभी जनसभाओं में गिना कर इस वोट बैंक को अपनी ओर खींचने की कोशिश में हैं।



राजरानी रावत




तनुज पुनिया



शिव कुमार दोहरे

बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे इस वर्ग के मतदाताओं को अपना वोट बैंक बताने से नहीं चूक रहें। बसपा प्रत्याशी भी पिछड़ा, मुस्लिम मतों को जोड़ने की जुगत में है। सियासत दारों का कहना है कि सभी प्रत्याशी और उनके खेवनहार अपनी- अपनी सियासी शतरंज पर अपने तरीके से पासे फेंक रहे हैं। अब देखना यह है कि इन तीनों वर्ग के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने के लिए की गई कसरत 20 मई को होने वाले चुनाव में किस पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करती है। मुस्लिम वंचित और पिछडी. जातियों ने जिस पार्टी की ओर अपना रुख किया उसे पार्टी के प्रत्याशी का सियासी समीकरण के साथ जीत - हार का परिदृश्य ही बदल जाएगा।

### वर्गवार मतदाताओं की सम्भावित स्थिति




## चुनावी चक्कर

**शाह बोल रहे भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक समीक्षक भले ही अपनी-अपनी गणित लगाने में जुटे हों, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह की गणित साफ है। इन दिनों चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बता रहे हैं कि अब तक हुए मतदान में ही भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है। शाह के मुताबिक, 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है और इन 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। अब आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। वह रैली में आने वाले लोगों से सवाल करते हैं कि बताओ कि 400 पार कराओगे क्या। जोर से बोलो कराओगे क्या। इसी सवाल के साथ वह जिस राज्य में होते हैं वहां की सीटों की संख्या बताते हुए आगे जोड़ते हैं कि यहां इतनी सीटें जीताओगे क्या। गृह मंत्री अपने उद्बोधन में ईवीएम के बारे में आ रहीं विपक्ष की शिकायतों का भी संज्ञान लेते हैं। कहते हैं, जो चुनाव हार रहे हैं वहीं ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। शाह साफतौर पर यह भी कह रहे हैं कि किसी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। सब के सब जेल जाएंगे। अमित शाह के अनुसार, राहुल बाबा को 22 जनवरी को राम लला के अभिषेक में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया था। लेकिन, उन्हें अपने वोट बैंक का डर था और वे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। जो कि 70 साल के संघर्ष के बाद आयोजित किया गया था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# लिट्टे की चुनौती

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। यानि वर्तमान में भी लिट्टे भारत के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में लिट्टे पर प्रतिबंध बढ़ाया जाना जरूरी था क्योंकि वह अपनी विघटनकारी और अलगाववादी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। सरकार के मुताबिक इससे भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरा है। लिट्टे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। गौरतलब है कि लिट्टे श्रीलंका का हिंसक व अलगाववादी संगठन है लेकिन भारत में इसके समर्थकों से सहानुभूति रखने वालों और एजेंटों का उद्देश्य सभी तमिलों के लिए एक मात्र भूमि तमिल ईलम की स्थापना करना है जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है। यह गैर-कानूनी गतिविधि के दायरे में आता है। सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत लिट्टे को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। दरअसल, 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब से हर पांच साल में लिट्टे पर प्रतिबंध को बढ़ाया जाता रहा है। लिट्टे के प्रमुख वी.प्रभाकरन की हत्या के बाद इस संगठन को 2009 में श्रीलंका में सैन्य हार का सामना करना पड़ा था। लिट्टे अपनी हार के लिए भारत को जिम्मेदार मानता है। लिट्टे इंटरनेट पोर्टल में लेखों और अन्य सामग्रियों के जरिए श्रीलंकाई तमिलों के बीच भारत विरोधी भावना को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लिट्टे अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों को जारी रखने के लिये सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर रहा है। यदि उसका प्रचार जारी रहता है तो भारत में कई अति महत्वूपर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 2009 में लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरन की हत्या के बाद लिट्टे का आतंक खत्म तो हो गया लेकिन श्रीलंका और भारत समेत दुनिया के अन्य देशों में फैले इसके समर्थक अभी भी चुनौती बने हुए हैं। इसके बचे हुए नेता दुनिया के कई देशों में फैले हुए हैं जो एक बार फिर इस संगठन को खड़ा करना चाहते हैं। जिनसे लगातार सतर्क रहने की जरूरत है।

# अमित शाह कैसे बने मोदी के विश्वासपात्र



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की।

अमित शाह अपने से जुड़े किसी विवाद पर सफाई देने में देरी नहीं करते। वे तुरंत सारी बात साफ कह देते हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो अमित शाह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भाजपा में 75 साल से अधिक उम्र के बाद किसी नेता को कोई पद नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह को अक्सर भारत का "दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति" कहा जाता है। वह एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने में उनकी खास भूमिका थी। उनकी असाधारण सफलता का रहस्य क्या है? इस बारे में उनके कुछ करीबी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी गहरी निष्ठा, स्नेह, और कड़ी मेहनत को श्रेय देते हैं। वे प्रधानमंत्री के सबसे खासमखास सहयोगी और विश्वासपात्र नेता हैं।

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। अमित शाह ने दशकों में भाजपा के लिए कई चुनावी जीत और वोट जीतने वाली नीतियां तैयार की हैं। चाहे वह ग्राम परिषद हो या संसद, वे चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अमित शाह के लिए, हर चुनाव किसी युद्ध को जीतना जैसा होता है। मोदी और शाह की वजह से ही भाजपा 1984 के चुनाव में दो सीटों से 2019 में 303 सीटों पर पहुंची।

अब दस साल हो गए, अमित शाह को राष्ट्रीय राजनीति में आए हुए। उनके व्यक्तित्व, उनके स्वभाव और उनके लक्ष्य के बारे में बहुत सारी बातें जनमानस के पटल पर आ चुकी हैं। आधुनिक चाणक्य, घनघोर मेहनती, अद्भुत संगठनकर्ता जैसी तमाम उपमाएं भी उन्हें मिल चुकी हैं। परंतु उनके बारे में बहुत कुछ कहे जाने के बाद भी अमित शाह खुद बहुत कुछ नहीं कहते। संभवतः भारतीय राजनीति में वे अकेली शख्सियत हैं, जिनका काम पहले बोलता है, वह खुद बाद में बोलते हैं।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, व्यक्ति के लिए समर्पित राजपुरूष नहीं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं।

2014 से पहले दिल्ली में उन्हें कम ही लोग जानते थे। 2014 के मई में लोकसभा का चुनाव परिणाम जब आया और उत्तरप्रदेश के 80 लोक सभा सीटों में भाजपा 71 सीटों पर बाजी मार गई, तब पहली बार लोगों को यह पता चला कि कोई चुनावी चौसर का महारथी गुजरात से आया है, नाम उसका है अमित शाह। ऐसा नहीं था कि 2014 से पहले वह भाजपा में नए थे। वह 1997 से ही चुनावी राजनीति में हैं और 2014 से पहले गुजरात के गृहराज्यमंत्री से लेकर दर्जनों पद संभाल चुके थे। पर दिखावे को उन्होंने तब भी नहीं अपनाया और अब भी उससे दूर हैं।

संभवतः जून 2014 में राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक में तय किया गया कि अमित शाह को केवल एक चुनाव के लिए दिल्ली भेजे जाने के बजाय स्थाई रूप से उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई बड़ा दायित्व दिया जाए। उन्हें यह दायित्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मिला।

उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए अमित शाह एक आदर्श राजनेता और बेहद सक्षम गृहमंत्री हैं, जो बार्डर स्टेट में हैं या फिर नक्सली सक्रियता से परेशान हैं। अमित शाह भी अपने विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अच्छे कामों की तारीफ करने में कोई कोताही नहीं बरतते। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को नक्सल पर अंकुश लगाने और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह को खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के मामले को अच्छे से हैंडिल करने के लिए अमित शाह ने खुले मंच से तारीफ की।

2009 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश भर में कुल मतदान के 18.80 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी के 2014 के राष्ट्रीय राजनीति में अवतार लेने के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत 31 हुआ। लेकिन अगले पांच साल में भाजपा की सदस्यता और वोट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। 2019 के आम चुनाव में 37.36 प्रतिशत वोट मिले। यह वह समय था जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल रहे और अमितशाह भाजपा के अध्यक्ष रहे। दोनों की जोड़ी ने भारत को लगातार दूसरी बार बहुमत वाली सरकार तो दी ही साथ ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य के दौरान तक अमितशाह खाटी कार्यकर्ता बने रहे। उनको मिलने जाने वाले पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज भी यह कहते हैं कि अमित भाई जिस तन्मयता से लोगों की बातें सुनते हैं और कम शब्दों में उसकी मीमांसा कर अपना पक्ष रखते हैं वह बिरले ही कोई और करता है।

राज करना जैसे शब्द अमित शाह के कोष में नहीं है। काम करना उनका नैसर्गिक स्वभाव है। इसलिए जो काम दूसरों के लिए पर्वत की तरह भारी होता है, अमित शाह के लिए वही काम आसान हो जाता है। कौन कह सकता था कि सैकड़ों वर्षों से जिस राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन चल रहा था, उसका फैसला कोई सरकार में बिना किसी हो हल्ला के कर सकती थी। जिस तीन तलाक के मुद्दे को भारतीय राजनीति मे अछूत माना जाता था, उसे कोई सरकार डंके की चोट पर उठा सकती है और सदन के दोनों सदनों से एक विधेयक के जरिए तीन तलाक को समाप्त भी कर सकती है। किसी को यकीन था क्या कि किसी दिन कश्मीर से धारा 370 हट भी सकती है। पर यह सब हुआ। इसके लिए प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा तो अमितशाह की कुशल रणनीति को श्रेय दिया जाना चाहिए।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं। वह जो तय करते हैं उससे डिगते नहीं। संगठन और सरकार के बीच समन्वयक की उनकी भूमिका आज भी वैसी ही है। इसीलिए पार्टी और सरकार के फैसले में कहीं भी विरोधाभास नहीं होते। अमित शाह अपने ढंग के अकेले नेता हैं।

## प्रसंगवश

# जनांदोलन ने घुटने टेक दिए

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए।

आजादी का आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन तक ही सीमित न रहे, इसके लिए महात्मा गांधी ने देश में ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन को हमेशा आजादी से जोड़ कर देखा था। किंतु आजादी का आंदोलन अंग्रेज हटाओ तक पहुंचकर कर कुर्सी के किस्से में बदल गया और आजादी के बाद गांधी के ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन के सपने बिखर गए, फिर जेपी ने भी जब समग्र क्रांति का नारा दिया तब भी उनके सोच में संसद के साथ ही जनता के बीच मोर्चा जमा हुआ था। लेकिन समग्र क्रांति का आंदोलन इंदिरा हटाओ तक पंहुच कर कुर्सी के किस्से में बदल गया।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1948 में जब गांधी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, गांधी चले गए और 1978 में जब जेपी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, जेपी चले गए। यूपी और बिहार में जेपी के अनुयायी गद्दी पर बैठे, समग्र क्रांति का क्या हुआ? समग्र क्रांति का सपना बिखर गया। यही बात फिर हुई, भ्रष्टाचार के विरोध में जनांदोलन उठा और लोकपाल की बात आई। लोगों का सपना था कि देश भ्रष्टाचार-मुक्त होगा।

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए। जन-आंदोलन ने कुर्सी के सामने फिर से घुटने टेक दिए। कुर्सी का किस्सा जिन्दाबाद। जन-आंदोलन बेचारा कुटा-पिटा-लुटा, बार-बार ठगा हुआ। ये जितने वाद हैं, वे सब छलकपट के वाद हैं, अव्वलवाद है किस्सा कुर्सी का। कुर्सीवाद।

# जीने का आधार सुरक्षित कर ही विकास की सोचें



डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी
शिक्षक, गोरखपुर

जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता भी बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है।

आज कोई भी दावा नहीं कर सकता है कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह स्वच्छ है। कोई सबसे पवित्र नदी से भी फिल्टर किए बिना पानी नहीं पी सकता है और कोई यह गारंटी नहीं दे सकता है कि हमारा भोजन रसायनों से रहित है।

घर में रहने के लिए हम कई नियम बनाते हैं। हम रसोई में खाना बनाते हैं, बाथरूम में नहाते हैं और शयन कक्ष में सोते हैं। हम इसमें अदला-बदली नहीं करते। पृथ्वी हमारा और बड़ा घर है। क्या हमें पृथ्वी पर रहने के लिए भी ऐसे ही नियम नहीं बनाने चाहिए? लेकिन अभी तक हमें किसी ने ऐसे नियम नहीं सिखाए। वे किसी भी स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, न ही आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए किन्हीं दिशा निर्देशों में उन्हें शामिल किया गया है।

पृथ्वी पर रहने का हमारा पहला नियम यह होना चाहिए कि अगर पारिस्थितिकी तंत्र में सीमित संसाधन हैं तो हमारा उपभोग भी सीमित ही होना चाहिए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में बढ़ोतरी के बावजूद हमारे ग्रह का आकार नहीं बढ़ रहा है। हमारे विकास के साथ पानी, मिट्टी और खनिजों की मात्रा भी नहीं बढ़ रही है और न ही प्राकृतिक संसाधन बढ़ सकते हैं। मनुष्य मौजूदा परमाणुओं के अलावा एक भी नया परमाणु और नहीं बना सकता। अगर हमारी आमदनी निश्चित हो तो हमारे खर्च भी तय होने चाहिए। पृथ्वी पर भी हमारे समक्ष कुछ उपभोग - सीमा होनी चाहिए। लेकिन हम आए दिन इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यदि हम केवल पिछले तीन दशकों की तुलना करें, तो जनसंख्या 2 अरब बढ़ गई है, वाहन एक अरब बढ़ गए हैं, बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। लेकिन पृथ्वी का आकार बिल्कुल नहीं बदला है।

जीडीपी वृद्धि की पहली आवश्यकता भी लगातार बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है। मैं लोगों से अक्सर पूछता हूं कि लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने ये क्यों कहा था कि 'दुनिया में हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं?' इसका उत्तर किसी को पता नहीं है।

अर्थ ओवरशूट डे ऐसा पैरामीटर है, जो मनुष्य के पारिस्थितिकी-पदचिह्न की तुलना में पृथ्वी की जैविक-क्षमता को मापता है। इसके मुताबिक 2023 में, मनुष्यों के पारिस्थितिकी पदचिह्न पृथ्वी की क्षमता से 70 प्रतिशत अधिक हो गए थे। यानी हम 1.7 पृथ्वियों के बराबर संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पृथ्वी तो एक ही है। हम उससे अधिक उपभोग कैसे कर सकते हैं, जो पृथ्वी हमें स्थायी रूप से प्रदान कर सकती है? अगर आप लंबे समय तक अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो वह जर्जर होने लगता है। इसी तरह से पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र का भी विघटन हो रहा है।

हवा, पानी, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी के संकेत हैं। वर्तमान में हमारा विकास पर्यावरण के ह्रास की कीमत पर हो रहा है। सभी गैर-आवश्यक वस्तुएं जो मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य नहीं हैं- जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन हवा, पानी और मिट्टी जैसी सभी आवश्यक वस्तुओं का भारी क्षरण हो रहा है। हवा, पानी, मिट्टी की कीमत पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना आधुनिकता है या मूर्खता? विवेकशील बनें। पहले अपने जीने के आधार को सुरक्षित रखें और फिर विकास की सोचें। खपत को सीमित करना ही एकमात्र विकल्प है। कोई भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें इस पर काबू पाने में मदद नहीं कर सकती। उपभोग बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना होता है, अधिक संसाधनों का उपयोग करना होता है और अधिक पैसा खर्च करने होते हैं। लेकिन उपभोग को सीमित करने के लिए हमें उन कार्यों को करने से बचना होगा, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उपभोग को सीमित करना आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। यह तुरंत किया जा सकता है। अपने बच्चों के लिए एक रहने योग्य ग्रह छोड़कर जाएं।

## सोशल फोरम

# मंदिर क्यों जाते हैं

आधुनिक काल में परंपराओं के पुनर्गठन और आदतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। ये एक-दूसरे से अभिन्न रुप से जुड़ी हैं। इस प्रक्रिया ने नई छलांग नव्य आर्थिक उदारीकरण के दौर में लगाई। इसने धर्म के प्रति समाज की भावनाएं बदलीं। धर्म और परंपरागत संस्कारों का पुनर्गठन किया। अब भगवान की मूर्ति पूजा, मंदिर जाना, नदी स्नान आदि इवेंट और जश्न के रुप में मनाए जाते हैं। जश्न मनाने की संस्कृति सैलिब्रिटी संस्कृति है। सैलीब्रिटी कल्चर कृत्रिम प्रस्तुति की संस्कृति है। धर्म क्या है? मंदिर क्यों जाते हैं? पूजा क्यों करते हैं? पूजा कैसे करनी चाहिए? पवित्रता किसे कहते हैं? आदि सवालों पर हमने सोचना बंद कर दिया है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अब सारी चीजें पॉपुलर कल्चर और सैलीब्रिटी कल्चर से प्रभावित हो रही हैं। अब धर्म का नहीं सैलीब्रिटी कल्चर का अनुकरण करने लगे हैं। मंदिरों में हम जो विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम देखते हैं और खास दिन अचानक बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हैं या फिर दैनंदिन रुप में मंदिर जाने वालों को देखते हैं तो वे क्यों जाते हैं? कौन सी चीज है जो उनको प्रेरित करती है?

वे असल में अपनी भावनाओं की सर्जनात्मक अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। विभिन्न रुपों में अपने दुख-सुख-आनंद आदि को अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाना, वस्तुतः अभिव्यक्ति का प्राचीनतम सार्वजनिक मानवीय कर्म है। मंदिर जाना, नदी स्नान करना आदि प्राचीनतम सार्वजनिक अभिव्यक्ति के रुप हैं।

अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्पेस जरुरी है। इसने आधुनिक काल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रत्येक क्षेत्र में, प्रत्येक नागरिक के लिए विकास किया। जिस तरह धर्म अधिकार है, उसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी जनता का अधिकार है। यही वजह है धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानवाधिकार है। मंदिर जाने वाले सामूहिक तौर पर आनंद लेते हैं। कहने के लिए मंदिर जाना धार्मिक गतिविधि है। लेकिन असल में यह मानवाधिकार है।

-फेसबुक वॉल से

# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से कम मतदान एक गंभीर मुद्दा



डॉ. भारत
पंजाब विवि, चंडीगढ़

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है।

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 और 13 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे-चरण के बाद 379 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सीटों पर मतदान चुनाव पहले चार-चरणों में समाप्त हो चुका हैं। शेष 164 सीटों पर चुनाव बाकी तीन-चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडी गठबंधन का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई कम से कम 101 सीटों को कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों में इंडी गठबंधन के सहयोगियों को दे दी है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है। जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडी गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर विकलांग 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव -2024 के वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 64.58 और 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों का औसत 66.17 प्रतिशत आता है जो कि बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है, जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं। परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को जगाने और उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है... भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल?

मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा।

# विश्वसनीयता बनाए रखने को प्रयास जरूरी

बात 2019 के चुनाव की है। मेरी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी की थी। भरपूर ट्रेनिंग के बाद अंततः वो दिन भी आ गया। जब हमें चुनाव सामग्री और सामान ले अपने बूथ की तरफ प्रस्थान करना था। चुनाव सामग्री के साथ हमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और विविपैट दिया गया। हमे ट्रेनिंग में बताया गया था कि पूरे सिस्टम को लेने के बाद आपको उसे चेक करना है कि उसकी बैटरी वगैरह सही है या नहीं। सिस्टम सही होने पर ही ले जाना है अन्यथा शिकायत दर्ज करनी है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हमे जो विविपैट दिया गया था। उसका डोर टूटा हुआ था। यानी जहां से हाथ डाल हम पर्चियों को निकालेंगे उसी डोर का एक कब्जा टूटा हुआ था। मैंने खराब विविपैट को लेने से मना कर दिया और इसे बदलने के लिए कहा। इस पर वहां बैठे व्यक्ति ने कहा कि पहले इसे ठीक कर आपको देते हैं अन्यथा दूसरा देंगे क्योंकि इसके सीरियल नंबर की एंट्री आपके साथ हो चुकी है। उस व्यक्ति ने एक दूसरे आदमी को बुलाया और इसे ठीक करने के लिए कहा। दूसरे व्यक्ति ने एक नया डोर मंगवाया और उसे थोड़ा बेंड कर दोनों तरफ लगे होल में उसके बाहर निकले हिस्सों को फंसा दिया। डोर अब बिल्कुल सही हो गया था और बंद करने पर सील लगाने वाले होल भी सेट बैठ रहे थे। मैं विविपैट लेकर मतदान के लिए तो चला गया। लेकिन उसके डोर को सेट करने का दृश्य मेरी आंखों के सामने घूमता रहा। मैं यही सोच रहा था कि जिस तरह इसे लगाया गया, क्या उसी तरह खोला भी जा सकता है। क्योंकि सील तो नीचे लगी होती है।

खैर आज मशीन से चुनाव पर बहुत लोग संदेह करते हैं। और इसे फूल प्रूफ नहीं मानते। इसे लेकर सबसे पहले बीजेपी ने ही सवाल उठाए थे। उसके बाद देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर संदेह जाहिर किया। कुछ लोगों का मानना है कि परिणामों से छेड़छाड़ नही हो सकती। कुछ इसके विपरीत कहते हैं, फिर से बैलेट पेपर से चुनाव की बात भी करते हैं। लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए बैलेट पेपर एक समय खाने वाली प्रक्रिया है और इससे बाहुबलियों की बन आएगी। आज जरूरत लोगों के संदेह निवारण की है और इसके लिए चुनाव आयोग को ज्यादा पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अभी जिस तरह चुनाव के बाद दिए गए आंकड़ों में 5 से 6 प्रतिशत का अंतर हो गया। उससे भरोसा घटता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा एक याचिका भी लगाई गई है कि आंकड़े 48 घंटे के अंदर दिए जाने चाहिए। क्योंकि पहले चरण के आंकड़े 11 दिन बाद और दूसरे चरण के 4 दिन बाद दिए गए। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करने की जरूरत है। जिसमे सभी विविपैट की पर्चियों का मिलान की एक प्रमुख मांग भी है।

### राजीव गांधी को देशद्रोही कहते हैं प्रधानमंत्री, कांग्रेस में शामिल हुए बसपा छोड़ने वाले नेता

# हमारे परिवार को गालियां देने के अलावा कोई काम नहीं उनके पास:प्रियंका

संवाददाता,अमेठी

**अमृत विचार:** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि 1980 के दशक में अमेठी में एक नई राजनीतिक परम्परा स्थापित हुई उसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पिता जी ने की थी। हमारे पिता मरते दम तक अमेठी के सांसद रहे । उनके व्यवहार में कभी कोई बदलाव नहीं आया।

प्रधानमंत्री में अहंकार दूर-दूर तक नहीं था । वर्तमान प्रधानमंत्री राजीव जी को देश द्रोही कहते हैं। हमारे परिवार को गालियां देने और देश की जनता से झूठ बोलने के अलावा और कोई काम उनके पास नहीं है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता की समस्याएं सुनना ओर उनका समाधान करना देश के हर नेता का धर्म होना चाहिए। प्रेम,आदर और श्रद्धा का रिश्ता कायम रहना चाहिए। प्रियंका ने काला धन वापस लाने, नोटबंदी, जी एस टी और मंहगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरा। कहा कि देश में न्याय, सम्मान और भाईचारे की राजनीति वापस लाने के लिए 20 मई को इंडिया एलायंस के प्रत्याशी के एल शर्मा को भारी मतों से जिताएं। इसके पूर्व रविवार को बहुजन समाज पार्टी छोड़ने वाले बसपा नेता कांग्रेस कार्यालय में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रियंका गांधी वाड्रा के समक्ष कांग्रेस में शामिल हो गए। सभा को बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए राम-लखन शुक्ला, आप के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, किशोरी लाल शर्मा, प्रेम नारायण तिवारी आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह त्रिसुंडी ने किया।



फूल मालाओं से प्रियंका गांधी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**स्वागत समारोहों व बैठकों में शामिल हुईं प्रियंका गांधी**

मंगलवार को प्रियंका गांधी मीटिंग और स्वागत समारोह में शामिल हो रही थी। पहले नहर कोठी, फिर मोहैया केसरिया में प्रियंका अपने संबोधन के दौरान पिता राजीव गांधी द्वारा कराए गए विकास कार्यों को बताया। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मैं छोटी थी तो पिता जी ने मुझे प्रचार करने के लिए भेजा तो मैं उस समय बहुत असमंजस में थी कि प्रचार में बोलना क्या है। मन की कसक को दूर करने के लिए मैने पिता जी से पूछा की प्रचार में बोलना क्या है तो पिता जी ने बताया कि जो विकास कार्य जनता के बीच में सरकार रहते हुए कराए गए हैं उसी को बताना है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि एक पिता जी प्रधानमंत्री थे जो प्रचार में विकास कार्यों को गिनाने के लिए कहते थे। एक हमारे प्रधानमंत्री और सांसद है जो कहते फिरते है कि आपके पास दो भैंस है तो कांग्रेस सरकार आएगी तो उसमें से एक बेच लेगी। प्रियंका गांधी ने स्वागत समारोह और कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कांग्रेस सरकार में कराए गए विकास कार्यों को गिनाने के साथ विपक्ष पर तीखा प्रहार करती रही।

## ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** फर्जी काल सेंटर खोलकर विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों द्वारा संचालित किए जा रहे फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी द्वारा ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने सरगना को ओम प्लाजा अपार्टमेंट से पकड़ा। इसके खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज है।

एसटीएफ डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि फर्जी काल सेंटर खोलकर एक गिरोह द्वारा वेबसाइट संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। सोमवार की शाम सूचना मिली कि फर्जी कॉल सेंटर लचाने वाला सरगना मो. दानिश ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 06 में मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह सहित कई एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचे और मो. दानिश को गिरफ्तार कर लिया। दानिश ने पूछताछ में बताया कि हम लोग विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाली वेबसाइट से ऑनलाइन टेलीग्राम चैनल खरीदते हैं और टेलीग्राम व डार्कवेब के जरिएकई विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों के संपर्क में हैं।

## राहुल गांधी के मामले में फिर टली सुनवाई अब 27 को पेशी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने राहुल गांधी की तरफ से हाजिरी माफी दी। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 27 मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

# एसपी रायबरेली अभिषेक के खिलाफ एसआईटी गठित

### आईजी रेंज और डीआईजी सुरक्षा टीम में किए गए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **3 जुलाई को लिया जाएगा एसपी अभिषेक का बयान**



**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के आदेश पर रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ डीजीपी ने विशेष जांच दल ( एसआईटी) गठित कर दी है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी में डीआईजी सुरक्षा वीके सिंह भी शामिल हैं। जांच शुरू कर दी गई है और 03 जुलाई को एसपी अभिषेक अग्रवाल का बयान लिया जाएगा। रायबरेली के खीरो थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

महिला याचिकाकर्ता गोमती मिश्रा (70) ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे अलख मिश्रा (29) को पुलिस ने 31 मार्च की रात चोरी करने और हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जहां से गिरफ्तारी की गई वहां एक पेट्रोलपंप है। पेट्रोलपंप पर लगे सीसीटीवी में गिरफ्तारी का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे अलख के पास एमबीए डिग्री है। अलख का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चोरी के झूंठे मामले में फंसाया गया है। कारणों का हवाला देते हुए उसने कहा कि बेटे अलख मिश्रा ने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को निजी वाहन देने से इनकार कर दिया था। इसी से नाराज होकर एसपी ने अन्य आरोपों में बेटे को गिरफ्तार कराया। याचिका में रायबरेली जनपद के खीरो और सरेनी थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की भी मांग की थी।

> मुख्यालय से एसआईटी का गठन कर दिया गया है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई है। जो भी रिपोर्ट आएगी, उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा
>
> **- अमरेंद्र कुमार सेंगर**
> एडीजी, लखनऊ जोन

## भंडारे में पहुंचने पर स्मृति का हुआ जमकर विरोध

**अमेठी अमृत विचार :** पाल समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ का फायदा लेने पहुंची भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को विरोध का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को कोरारी के एक गांव में भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। चुनावी दौर में भीड़ देखकर फायदा उठाने केंद्रीय मंत्री पहुंच गई। उनके पहुंचते ही युवाओं ने विरोध में जमकर नारेबाजी की। काफी देर तक हंगामा होता रहा। इस पर युवाओं को नसीहत देते हुए स्मृति ने कहा कि धार्मिक कार्य और भंडारा है। इसमें राजनीति न करें। नहीं तो उन्हें भी बहुत कुछ करना आता है। हालांकि युवाओं ने माइक से जवाब देना चाहा। तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोक दिया। थेड़ी देर बाद मामला शांत हो गया।

## 5वें चरण में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चार चरणों में मतदान के बाद अब भारत निर्वाचन आयोग ने 5वें चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ, अमेठी व रायबरेली समेत कुल 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व सीट पर 20 मई को मतदान होगा। इस चरण की लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। 5वें चरण में कई दिग्गज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने 14 में से 13 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा ने पिछले चुनाव में रायबरेली सीट जीतने की भरसक कोशिश थी, पर कांग्रेस से सोनिया गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की थी। इसी तरह, लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर ने विजय हासिल की थी।




निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। ● अमृत विचार

● **लखनऊ समेत 14 सीटों पर 20 मई को होगा मतदान**

इस चरण की महत्वपूर्ण समझी जाने वाली सीटों में इस बार मोहनलालगंज (अजा) सीट पर कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इनमें भाजपा से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी, बसपा से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ सीट पर कुल 10 प्रत्याशियों में से भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, सपा से पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा व बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक चुनाव मैदान में हैं। रायबरेली सीट पर कुल आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस से राहुल गांधी व बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव प्रत्याशी हैं। अमेठी के कुल 13 प्रत्याशियों में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा व बसपा से नन्हे सिंह चौहान प्रत्याशी हैं। चुनाव में इन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

## हापुड़ में भीषण सड़क हादसा छह दोस्तों की जान गई

**हापुड़, एजेंसी :** जिले के गढ़ मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के समीप सोमवार की देर रात बेकाबू कार डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। सभी मृतक आपस में दोस्त बताये गए हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीती रात लगभग साढ़े 12 बजे दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर टोल प्लाजा से पहले अल्लाबख़्शपुर गांव के निकट दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही नीले रंग की एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ कर हवा में उछलते हुए विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जा टकराई। इस दौरान ट्रक चालक व कंडक्टर, ट्रक छोड़कर मौके से भाग गए। मृतकों में रोहित सैनी (33), अनूप सिंह (38), संदीप प्रजापति (35), , निक्की जैन (33) राजू जैन (36) तथा विपिन सोनी (35) शामिल हैं। मरने वालों में पांच गाजियाबाद के लोनी और मुजफ्फरनगर के निवासी हैं।

● **गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर हुआ हादसा**

## न्यायालय परिसर में वादकारियों को पीटने के आरोपी 10 वकीलों के खिलाफ नोटिस

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों से मारपीट करने के मामले में आरोपी 10 वकीलों के खिलाफ आपराधिक अवमानना नोटिस जारी करते हुए उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया है। कोर्ट ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से देखा जाना चाहिए।



कोर्ट ने कहा कि वादकारियों को अदालत कक्ष में बेरहमी से पीटा जाना और पीठासीन अधिकारी का अपनी सुरक्षा के लिए अपने कक्ष से भागना अत्यंत चिंतनीय है। जिला न्यायालय में इस प्रकार का आक्रामक और हिंसक आचरण न्याय व्यवस्था के पतन का कारण बन सकता है। यह न्यायालय इस तरह की घटनाओं पर मूकदर्शक नहीं बना रह सकता है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को जिला न्यायालय में न्यायिक कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया, साथ ही आरोपी वकीलों के आपराधिक इतिहास को निर्दिष्ट करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त करने को कहा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने जिला न्यायाधीश द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में कथित घटना में शामिल अतिरिक्त 10 वकीलों के नाम पर कार्यवाही करते हुए पारित किया।

## डॉ.सचान के खिलाफ केजीएमयू कसेगा शिकंजा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू में फार्माकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ए के सचान के खिलाफ शिकंजा कसेगा। ईडी के आरोपों पर कार्रवाई केजीएमयू प्रशासन करेगा।

इसके लिए केजीएमयू प्रशासन द्वारा आगामी कार्यपरिषद में प्रकरण रखा जायेगा। कार्रवाई करने के निर्देश राज्य सरकार ने 11 मई शनिवार को अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होने के बाद केजीएमयू प्रशासन को दिए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल ने उपनिदेशक, प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ के एक मई 2024 के पत्र का संज्ञान लेते हुए केजीएमयू कुलपति को पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.एके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की सिफारिश की है। ईडी द्वारा की जांच व कार्रवाई की संस्तुति और संबन्धी पत्र भी केजीएमयू को प्रेषित किये गए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ, प्राइवेट प्रैक्टिस, निजी अस्पताल संचालन और आय से अधिक संपत्ति आदि आरोप लग चुके हैं। ईडी ने स्वयं से संज्ञान लेकर आय से अधिक संपत्ति की जांच की थी।

● **ईडी की सिफारिश को राज्य सरकार ने लिया संज्ञान**

## अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में सपा नेता आज़म खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फातिमा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई बता दें कि रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था।

### वर्ग पहेली-70

**बाएं से दाएं**

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ। 9. रवेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे**

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | ■ | 8 |
| | ■ | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -69 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | ■ | 2 इ | ■ | 3 जी | ■ |
| ल | ■ | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| ■ | 5 उ | ■ | र | ■ | जा | ■ |
| ■ | प | ■ | जें | ■ | ग | ■ |
| 6 अ | धि | शा | सी | ■ | ता | ■ |
| गि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 या | र | बा | श | ■ | 8 ब | च |

### सुडोकू -149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | 5 | | | 6 | | |
| | 2 | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | 1 | | | 7 | | 9 | |
| | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |

### सुडोकू -148 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 15 .25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं और किसी को इस बारे में पता नहीं है तो लोगों को इसके बारे में पता चलने की संभावना है। उनके द्वारा आपके प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न करने की कोशिश भी की जाएगी।

**वृष** - आज आपकी उम्र चालीस वर्ष से कम है तो आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो उत्तम रहेगा,लेकिन मानसिक तनाव होने की आशंका है। कोई चिंता आपको घेरे रह सकती है। ऐसे में योग अवश्य करें। सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा।

**मिथुन** - आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों को थोड़ा आराम मिलेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय रचनात्मक कार्यों में दे पाएंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अपने मित्र पक्ष की ओर से विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

**कर्क** - आज आप पहले से किसी के साथ रिलेशन में हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होने की आशंका है जिससे आपसी मतभेद और बढ़ जाएंगे। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** - आज पिछले कुछ दिनों से आपके व्यापार में जो मंदी चल रही थी वह आज लाभ में बदल जाएगी। आपको बस चौकन्ना रहने की आवश्यकता है जिससे आप विभिन्न क्षेत्रों से लाभ अर्जित कर सकते हैं। साथ ही खर्चे कम होंगे जिससे बचत ज्यादा होगी।

**कन्या** - आज आप स्कूल में हैं तो आप अपने भविष्य के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। नई चीजों को सीखने पर बल देंगे,जो आगे चलकर कॉलेज व उच्च शिक्षा में बहुत काम आएगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**तुला** - आज विवाहित लोगों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा व दोनों का एक दूसरे के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे।

**वृश्चिक** - आज परिवार के सभी सदस्य आपसे संतुष्ट दिखाई देंगे व किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होगी। पड़ोसियों के साथ कुछ नया करने का विचार कर सकते हैं जिससे समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

**धनु** - आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को अपने सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। आप अपना कौशल अपनी रुचि के क्षेत्रों में दिखाएंगे,जो आगे चलकर आपके काम भी आएगा। महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मकर** - आज परिवार में कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद अवश्य हो सकते हैं,लेकिन वे आपकी सूझ-बूझ से आसानी से सुलझ जाएंगे। इस दौरान माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें,क्योंकि उनके अस्वस्थ होने की आशंका है।

**कुंभ** - आज विवाहित लोग अपने पार्टनर को खुलकर समय देंगे जिससे दोनों के बीच आपसी रिश्ता और अधिक मजबूत बनेगा। आपको अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**मीन** - आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन थोड़ा आशंकित रहेगा व भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऐसे में अपने ऊपर मायूसी को हावी न होने दें व संयम बनाए रखें। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
जुआरी - सुबह : 10 .28
इंसानियत - दोपहर : 03 .21

**&pictures**
नो प्रॉब्लम - सुबह : 11 .15
चुप - रात : 08 .00

**Sony Pix**
क्लैश ऑफ द टाइटन्स - सुबह : 10 .59
कैप्टेन फिलिप्स - रात : 08 .43

**Zee Cinema**
लवशुदा - सुबह : 10 .10
पुकार - रात : 07 .00

**Colors Cineplex**
रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट - सुबह : 09 .44
गब्बर इज बैक - शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

### मैथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 1000 फ्लेग– 1110 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 930 **रामपुर :** शिवालिक–990 फ्लेग–1115 डीएमओ–880 बोल्ड–1165


### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1900, राजश्री 1340, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1840, फॉर्चून ली. 1580, जय जवान 1450, सचिन 1545, सूरज 1475, अवसर 1645, राग गोल्ड 1625, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1715, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1735, स्वास्तिक 1870, किराना–(प्रति कु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायन 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल – (प्रति कु.) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 कि., 5 कि.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, दाल दलहन– मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7425–7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11300, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7650, लाल हिंदुस्तान 7750, मलका विदेशी 7300, रूप किशोर बेसन 8500, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10200, मोटा हीरा 11600, अरहर गोला मोटा 14500, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15200, अरहर पटका छोटा 15200–15600, अरहर कोरी छोटी 16600, चीनी – डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 (नई), बहेड़ी 4150 (नई)

# यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री 1.3% बढ़ी

## यात्री कारों की बिक्री में 23% की आई गिरावट, दोपहिया 31% और तिपहिया वाहनों की बिक्री में 14.5% का इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3% बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 2023 की 1,48,005 इकाई से 21% अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23% घटकर 96,357 इकाई रह गई, जो अप्रैल, 2023 में 1,25,758 इकाई थी। पिछले महीने वैन की बिक्री 15% बढ़कर 12,060 इकाई हो गई, जो अप्रैल, 2023 में 10,508 इकाई थी।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31% बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी। बाइक बिक्री 34% बढ़कर 11,28,192 इकाई रही जो अप्रैल, 2023 में 8,39,274 इकाई थी। स्कूटर की थोक बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़कर 5,81,277 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 4,64,389 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5% बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी खंडों ने अप्रैल, 2023 की तुलना में अप्रैल, 2024 में वृद्धि दर्ज की है।

### पीएचएफ ने किया ईवी ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली।** पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कारों वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है। कंपनी ने कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किये गये इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी- दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है। कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा पीएचएफ लीजिंग सस्टेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है।

# कीमतों में गिरावट से भारत का पाम तेल आयात 34 % बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अप्रैल में भारत के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 % रही

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में गिरावट से अप्रैल में भारत का पाम तेल आयात सालाना आधार पर 34.11% बढ़कर 6,84,000 टन पर पहुंच गया है।

एसईए ने कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52% थी, जिसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। इसमें कहा गया है कि गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात अप्रैल में 26% बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,50,189 टन था। एसईए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी से सोयाबीन तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति टन गिर गईं, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने 15 डॉलर प्रति टन कम हो गई। पाम तेलों में आरबीडी पामोलीन का आयात बढ़कर 1,24,228 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,12,248 टन था। सीपीओ (कच्चा पाम तेल) का आयात पहले के 3,93,856 टन से 36% बढ़कर 5,36,248 टन हो गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 3,990 टन से छह गुना होकर 23,618 टन हो गया। नरम तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात 2,62,455 टन से बढ़कर 3,85,514 टन हो गया। हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात 2,49,122 टन से घटकर 2,34,801 टन रह गया। एसईए ने कहा, एक मई तक भारत के पास 22.45 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55150–55350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,600 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 83,000 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,300 |
| चांदी पक्की | 828 (अनुमानित) |

# शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 328 अंक और चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

- खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 328.48 अंक यानी 0.45% की बढ़त के साथ 73,104.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 510.13 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। धातु और वाहन शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में तेजी चिंता का विषयः सीतारमण

**मुंबई, एजेंसी**



- 10 में से नौ निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में होता है नुकसान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

उन्होंने शेयर बाजार बीएसई में कार्यक्रम में कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है। सीतारमण ने कहा कि पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं। बाजार नियामक सेबी के अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# घटिया आयोडीन युक्त नमक मामले में टाटा केमिकल्स से हटा जुर्माना

**नागपुर।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2016 में महाराष्ट्र के बुलढाणा में खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा जारी उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें टाटा केमिकल्स लिमिटेड और अन्य कंपनियों पर घटिया आयोडीन युक्त नमक बनाने व बिक्री करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

न्यायमूर्ति अनिल एल. पानसरे ने अपने आदेश में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भविष्य में ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उचित सलाह या परिपत्र जारी करने का भी निर्देश दिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड व अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 71 (6) के तहत 13 अक्टूबर, 2016 के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने फैसले में मामले में कई गंभीर विसंगतियों और प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित किया।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आचार संहिता बन गई है मोदी संहिता: तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली।** टीएमसी ने आदर्श आचार संहिता के मोदी आचार संहिता में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए कदम उठाए। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की।

#### एसआईए ने द. कश्मीर के तीन जिलों में छापेमारी की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिहार के एक व्यक्ति की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में एसआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के अधिकारियों ने तड़के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, एसआईए द्वारा यह छापेमारी 17 अप्रैल को बिजबेहरा के जबलीपोरा में रेहड़ी-पटरी लगाने वाले राजा साह की हत्या के बारे में बिजबेहरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में की गई ताकि इस हत्या के पीछे की बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके।

#### त्रिपुरा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी फरार

**अगरतला।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) का एक सदस्य त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले में स्थित केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। सिपाहीजला के जिलाधिकारी नागेश कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य स्वर्ण कुमार के केंद्रीय कारागार से फरार होने की जानकारी मंगलवार सुबह तक हुई जब कैदियों की हाजिरी लगाई जा रही थी। उन्होंने बताया, दक्षिण त्रिपुरा के संतीरबाजार इलाके में हुई हत्या के मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था।


#### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है।

# सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं ममता

## मतुआ समुदाय की नागरिकता की चिंताओं को दूर करने का गृहमंत्री अमित शाह ने दिया आश्वासन

**बनगांव/उलुबेरिया (प. बंगाल), एजेंसी**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत मंगलवार को यह आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता मिलेगी। शाह ने साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कानून का क्रियान्वयन कभी भी रोक नहीं सकतीं।

मतुआओं के गढ़ बनगांव और उलुबेरिया में चुनावी रैलियों में शाह ने बनर्जी पर घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को खुश करने के लिए सीएए के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया, जो राज्य में टीएमसी के वोट बैंक हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण तक जिन 380 सीट पर मतदान पूरा हो चुका है, उनमें से भाजपा 270 सीट जीतेगी। राज्य से 30 सीट जीतने के भाजपा के लक्ष्य को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब भाजपा को बंगाल से 30 सीट मिल जाएंगी, तो ममता बनर्जी का समय खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ये मोदी का वादा है। ममता को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत आता है, न कि राज्य सरकारों के अधीन।

### राहुल बाबा सीएए रद करने की बात करते हैं

हावड़ा जिले की उलुबेरिया सीट पर दूसरी रैली में शाह ने सीएए का विरोध करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा सीएए का विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वह इसे रद कर देंगे, लेकिन मैं बता दूं कि न तो वह और न ही उनकी नानी इसको रद कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ममता झूठ बोल रही हैं कि जो सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था।

# मालीवाल मामले पर आप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- दोषी पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केजरीवाल के निजी सहायक पर मालीवाल ने बदसलूकी करने का लगाया है आरोप

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को सीएम आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की। मालीवाल के केजरीवाल के निजी स्टाफ पर हमले का आरोप लगाने के एक दिन बाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने मांग की कि संजय सिंह के बयान पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यह निंदनीय घटना है और आप मालीवाल के साथ है।

कल सुबह मालीवाल केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं, तो विभव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह का यह बयान कि पार्टी इस मामले में कार्रवाई करेगी, काफी शर्मनाक है। किसी महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए थी।

### मालीवाल की सुरक्षा को लेकर आयोग चिंतित : रेखा शर्मा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं, उन पर ऐसा कौन सा दबाव है कि वह आगे आकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पा रही हैं। साहसी बनिये स्वाति, बोलिए।

# मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या हुई 14

**मुंबई, एजेंसी**

- घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर गिर गई थी 100 फुट लबी होर्डिंग
- मृतकों के परिवार को दिया जाएगा पांच -पांच लाख रुपये मुआवजा

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी।

सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

### जीआरपी की जमीन से होर्डिंग हटाएगी बीएमसी

**मुंबई।** बीएमसी मुंबई के पूर्वी हिस्से छेड़ा नगर में हुए हादसे के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग मंगलवार को हटाना शुरू कर देगी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निकाय ने जीआरपी की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग को हटाने की योजना तैयार की है। इससे पहले बीएमसी ने कहा था कि उसने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाने के लिए मैसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

### मुख्यमंत्री शिंदे ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अवैध और खतरनाक होर्डिंग को तत्काल हटाया जाएगा। शिंदे ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

# साइबर अपराध करने वालों की तुरंत करें शिकायत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गृह मंत्रालय ने हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की दी सलाह

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डॉट गो व डॉट इन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

# टीएमसी विधायक से धक्का मुक्की में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद संदेशखालि में प्रदर्शन

- बरहमाजूर इलाके में सड़क पर टायर डालकर लगाई आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में लोगों ने स्थानीय विधायक समेत टीएमसी नेताओं से कथित तौर पर धक्का-मुक्की करने के आरोप में चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को बागडीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरेदारी की। संदेशखालि में लोगों के समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए कथित वीडियो के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं को सोमवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि में कथित वीडियो के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया और यौगलत सूचना फैलाने के लिए टीएमसी के स्थानीय विधायक सुकुमार महता का घेराव किया।

# एचडी रेवन्ना यौन शोषण से जुड़े अपहरण मामले में जेल से हुए रिहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अश्लील वीडियो कांड से जुड़े हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जनता दल (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के दिए शर्त के अनुसार वह देश से बाहर नहीं जा सकते और पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि अपहृत महिला ने पुलिस या मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में रेवन्ना का उल्लेख नहीं किया था।

# आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग वाली याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध वाली अर्जी पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली।

# चुनावी बॉण्ड: जांच की याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय से चुनावी बॉण्ड को लेकर जांच कराने संबंधी जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का मंगलवार को अनुरोध किया। याचिका में चुनावी बॉण्ड योजना में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट समूहों और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से जुड़े बदले में लाभ पहुंचाने के कथित मामलों की एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा, यह प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय के विचारार्थ है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया थ।

**आज का मुकाबला**

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

पंजाब किंग्स

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, लैंगर और गंभीर भी दौड़ में

**कोच की खोज**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे।


बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं।



वीवीएस लक्ष्मण



जस्टिन लैंगर



गौतम गंभीर

**वीवीएस लक्ष्मण :** अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

**गौतम गंभीर :** पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं। विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

**जस्टिन लैंगर :** एशेज और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने कहा वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

## पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल



तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

# जीत के साथ दिल्ली ने खत्म किए लीग मैच

## अरशद की जुझारू पारी के बावजूद 19 रनों से हारी सुपरजाइंटस, अभिषेक और स्टब्स ने लगाए अर्धशतक



अभिषेक पोरेल

58 रन



जीत के बाद जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

**61** रन की शानदार पारी खेलकर निकोलस पूरन ने रोमांचक बनाया मुकाबला

**दिल्ली 208/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क कैच नवीन बो अरशद खान | 0 | 2 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल कैच पूरन बो नवीन | 58 | 33 | 5/4 |
| शाही होप कैच राहुल बो रवि बिश्नोई | 38 | 27 | 3/2 |
| ऋषभ पंत कैच दीपक हुड्डा बो नवीन | 33 | 23 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 57 | 25 | 3/4 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 14 | 10 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** अरशद 3-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, नवीन 4-0-51-2, रवि बिश्नोई 4-0-26-1, क्रुणाल 2-0-20-0, दीपक 1-0-9-0, युद्धवीर 2-0-28-0

**लखनऊ 189/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकॉक कैच मुकेश बो इशांत | 12 | 8 | 2/0 |
| केएल राहुल कैच मुकेश बो इशांत | 5 | 3 | 1/0 |
| मार्कस स्टॉयनिस स्टंप पंत बो अक्षर | 5 | 7 | 1/0 |
| दीपक हुड्डा पगबांध बो इशांत | 0 | 0 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच अक्षर बो मुकेश | 61 | 27 | 6/4 |
| आयुष बदोनी कैच गुलबदीन बो स्टब्स | 6 | 9 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या स्टंप पंत बो कुलदीप | 18 | 18 | 2/0 |
| अरशद खान नाबाद | 58 | 33 | 3/5 |
| युद्धवीर सिंह कैच होप बो खलील | 14 | 7 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई रन आउट मैकगुर्क | 2 | 2 | 0/0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 2 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, गुलबदीन 1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद (57) और अभिषेक पोरेल (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 64वें मैच लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हरा दिया है।

209रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक एक के बाद एक अपने चार विकेट गवां दिये थे। क्विंटन डिकाक (12), कप्तान के एल राहुल (5), मार्कस स्टॉयनिस (5) और दीपक हुड्डा (शून्य) और उसके आयुष बदोनी (6) रन पर आउट हुए। ऐसे संकट के समय निकोलस पूरन और कुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अरशद खान ने जमकर खेलते हुए 33 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन 27 गेंदों में सर्वाधिक (61) रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन ही बना सकी और मुकाबला 19 रन से हार गई।

इससे पहले अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गार्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच 92 रनों की साझेदारी हुई। पोरेल ने 33 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में कप्तान रिषभ पंत 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 208 का स्कोर खड़ा किया।

**खेल डायरी**

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

### मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

**नई दिल्ली।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

### तोक्यो में खेलकर खुशी थी पर पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी। इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे।

### मनु और विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल के फाइनल में

**भोपाल।** ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। अभिंद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरूषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली।

### गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर




**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63 .5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

## क्वार्टर फाइनल में इगा का मुकाबला कीज से

रोम, एजेंसी

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है।

रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी। जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में हराया। मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले



कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अमेरिका की कोको गॉफ और हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को शिकस्त दी।

### बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

**रोम।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने की जोड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

## अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री

चेन्नई, एजेंसी

मौजूदा आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है।

शास्त्री ने कहा जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है, लेकिन समय



के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने कहा इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा।

### इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों में बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। जैसे कि रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिलता जबकि गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे हैं।

## चैंपियंस लीग के करीब पहुंची एस्टन विला

बर्मिंघम, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई।

एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालिफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेक्पो और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट में गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। एस्टन विला की टीम अभी पांचवें स्थान पर चल रहे टोटेनहैम से पांच अंक आगे है। विला को अभी एक जबकि टोटेनहैम को दो मैच खेलने हैं। लीग की शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाती हैं। लीवरपूल की टीम एस्टन विला से 14 अंक आगे तीसरे स्थान पर है।



गोल के बाद खुशी मनाते एस्टन विला के खिलाड़ी।

### रियल सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रियल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना की टीम 35 मैच में 76 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गिरोना के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं।

### गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी, नीलामी रोकना चाहते हैं उत्तराधिकारी

**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

**बॉलीवुड हलचल**

## कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आएंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी' 'ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे। इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- मेनी वेज टू बी एन आइकन। इसका मतलब है, एक आइकन बनने के कई तरीके। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है। ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

## ड्यून प्रोफेसी में काम करेंगी तब्बू

**मुंबई।** बॉलीवुड की अभिनेत्री तब्बू अमेरिकन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि लाइफ ऑफ पाई और द नेमसेक जैसी इंग्लिश फिल्मों में काम करने के बाद तब्बू अब अमेरिकी टीवी की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। तब्बू को पॉपुलर अमेरिकन फिक्शन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में एक बड़ी भूमिका मिली है। कहा जा रहा है कि तब्बू इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सीरीज का पहला भाग 2019 में आया था, जिसका टाइटल था ड्यून : द सिस्टरहुड। प्रीक्वल सीरीज ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन द्वारा लिखित नॉवेल सिस्टरहुड ऑफ ड्यूनसे प्रेरित है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## जागरूकता रैली



बीएसएफ के जवानों ने युवाओं के साथ उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर जल संरक्षण, शिक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल रैली निकाली। • एजेंसी

## मुंबई में इंजीनियर से 3.7 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी।

एक निजी कंपनी में कार्यरत वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि इंजीनियर ने लिंक पर क्लिक किया और शेयर में निवेश करने से अच्छा लाभ कमाने की जानकारी प्राप्त की। लिंक पर संपर्क करने के लिए मोबाईल नंबर भी दिया गया था। बाद में, पीड़ित ने ठगी करने वालों में से एक के साथ व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया था।

## दिल को दुरुस्त रखने में मददगार डार्क चॉकलेट, इसके हैं कई हेल्थ बेनिफिट्स



चॉकलेट का सेवन हर बार नुकसानदेह नहीं, बल्कि कई बार फायदेमंद भी हो सकता है, जैसे कि प्योर डार्क चॉकलेट का सेवन। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको हार्ट प्रॉब्लम से बचा सकते हैं। लोग अक्सर चॉकलेट को हेल्थ के लिए खराब मानते हैं, क्योंकि इसमें हाई कैलोरी, शुगर और फैट्स हैं, जो वजन बढ़ाने से लेकर डायबिटीज के खतरे तक को बढ़ाता है। लेकिन प्योर डार्क चॉकलेट खाना आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, खासतौर पर हार्ट से बचाता है। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार कोकोआ से बने डार्क चॉकलेट को कम मात्रा में खाने से आपको एंटीऑक्सीडेंट और खनिज भी मिल जाते हैं और हार्ट डिजीज से बचने में मदद मिलती है। लेकिन इसका फायदा आपको तभी होगा जब आप बिना शुगर वाली डार्क चॉकलेट का सेवन करें। यहां डार्क चॉकलेट मिलने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

### हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है

सप्ताह में 3 बार कम मात्रा में चॉकलेट खाने से हृदय रोग का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता। डार्क चॉकलेट में मौजूद यौगिक एलडीएल के ऑक्सीकरण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता, जिससे ब्लॉकेज सहित कई गंभीर हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है।

### थकावट दूर होती है

अगर आप बहुत जल्दी थक जाते हैं। तो अपने खाने में चॉकलेट को शामिल करें, इससे थकावट दूर होती है और सांस लेने की तकलीफ में आराम मिलता है।

### धमनियां रहती हैं स्वस्थ

डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट रक्त संचार को बढ़ाने के साथ व्हाइट ब्लड सेल्स को ब्लड वेसल्स की दीवारों से चिपकने से रोकती है। इससे आर्टीज में कोलेस्ट्रॉल जम नहीं पाता है और अटैक का रिस्क भी कम होता है।

### ब्लड प्रेशर होता है कंट्रोल

कोकोआ में बायोएक्टिव कंपाउंड धमनियों में रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकते हैं और रक्तचाप को भी कंट्रोल करता है। फ्लावोनॉल्स एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस तरह से हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को कम कर के हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है।

### बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है

डार्क चॉकलेट में 70% कोकोआ होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कई पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जैसे कि पॉलीफेनोल्स, फ्लैवेनॉल्स और कैटेचिन आदि। डार्क चॉकलेट में मौजूद पॉलीफेनोल्स एलडीएल यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 40 हजार बच्चे बेघर

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आयी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गये। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा बच्चे सहमे हुये हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गयी जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही।

### मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का सह-अध्यक्ष पद छोड़ेगीं

**न्यूयॉर्क।** मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने और उनके पूर्व पति बिल गेट्स ने इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की थी और उसे पिछले 20 वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े परोपकारी संगठनों में से एक बनाया। मेलिंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा गहन चिंतन और विचार के बाद मैंने बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा देने का फैसला किया है, फाउंडेशन में मेरा आखिरी दिन सात जून होगा।

### ड्यून प्रोफेसी का हिस्सा बनीं अभिनेत्री तब्बू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज ड्यून प्रोफेसी में अभिनय करेंगी।



वेरायटी की खबर के मुताबिक तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी। यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है। ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून पर आधारित है। पहले इसका शीर्षक ड्यून : द सिस्टरहुड था। निर्माताओं ने अभी तक ड्यून : प्रोफेसी के प्रीमियर की तारीख की घोषणा नहीं की है।

### ब्रिटेन को लेजर हथियारों से युक्त छह नए जहाज मिलेंगे

**लंदन।** ब्रिटेन की नौसेना को छह नए मल्टी-रोल सपोर्ट जहाज (एमआरएसएस) मिलेंगे। यह जहाज ड्रोन लॉन्च करने में सक्षम और ड्रैगनफायर लेजर से लैस होंगे। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया कि नए जहाजों का निर्माण शुरू हो गया है। इन जहाजों में हेलीकॉप्टरों के लिए एक हैंगर भी होगा।

# चाबहार पोर्ट डील पर बौखलाया अमेरिका, दे दी भारत को चेतावनी

## कहा- भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

• भारत को 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया।

इस पर पटेल ने कहा हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।

भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान कई वर्षों से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान व सेंट्रल एशिया से व्यापार का नया रूट मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट एक तरह से भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए ऑप्शनल रास्ता मुहैया कराएगा। भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।



### इसलिए चाबहार पोर्ट भारत के लिए जरूरी

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेंहू भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। भारत इस पोर्ट के चीन और पाकिस्तान पर भी नजर रख पाएगा।

### ईरान पर अमेरिका ने लगा रखे है प्रतिबंध

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी सरकार ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। साथ ही अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। अमेरिका ने ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन और आतंकी संगठनों को समर्थन देने की वजह से लगाई हैं। इसी के साथ ईरान वह देश है जिसपर अमेरिका ने सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए हुए हैं। पिछले महीने ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान रक्षा मंत्रालय और ईरानी शासन से जुड़ी मिसाइलें और ड्रोन प्रोडक्शन वाली कंपनीज पर कार्रवाई की थी।

## संरा में फिलिस्तीन की सदस्यता का भारत ने किया समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा कि अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में यूएई ने पेश किया था।

## यूएन में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अफसर की गाजा में मौत

• संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया दुख :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया।



वैभव अनिल काले (फाईल फोटो)।

### साढ़े चार लाख लोगों ने गाजा का राफा शहर छोड़ा

**गाजा/तेल अवीव।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि तटीय पट्टी के दक्षिण में भारी लड़ाई से बचने की कोशिश में एक सप्ताह के भीतर लगभग 4,50,000 लोगों ने गाजा के राफा शहर को छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक्स पर लिखा राफा में सड़कें खाली हैं क्योंकि परिवार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

## यौन उत्पीड़न के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रोफेसर गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)।** केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफसर को एक युवती का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के एक मनोरंजन पार्क की है।

कासरगोड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले आरोपी इफ्तिकार अहमद बी को युवती की शिकायत के आधार पर सोमवार को यहां विस्मय मनोरंजन पार्क में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। घटना उस समय हुई, जब 22 वर्षीय शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मनोरंजन पार्क के वेव पूल में समय बिता रहे थे।

## पीओके में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत



• मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ हुई झड़प

इस्लामाबाद, एजेंसी

पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई व छह घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

## केरल में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के तीन बजे एंबुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई। जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गयी।

उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी।

## व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम

• व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है भारतीय लोकप्रिय व्यंजन

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाले समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है। पिछले साल भी कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया था।

सोमवार को विरासत माह के जश्न के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।



व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने बताया कि पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पा/पानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरी/गोलगप्पा लेकर आया।

### सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा से गूंजा व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, नेटिव हवाई और पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया।

## डीएचएफएल घोटाला : सीबीआई ने धीरज वधावन को किया गिरफ्तार

• 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि वधावन को सोमवार रात को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डीएचएफएल के पूर्व निदेशक और उनके भाई कपिल को इस मामले में पहले 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने 15 अक्टूबर, 2022 को कपिल और धीरज सहित 75 प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें विशेष अदालत ने तीन दिसंबर, 2022 को इस आधार पर जमानत दे दी थी कि जांच अधूरी है और दायर आरोप पत्र टुकड़ों में पेश किया है।

इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

**खगोल विज्ञान** — कम ही लोग जानते हैं उपग्रह आकाशगंगाओ के बारे में

## व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आकाशगंगाओं से हर कोई परिचित है, लेकिन उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जिनका अस्तित्व अब तक सीमित माना जाता है, लेकिन हाल की खोज बताती है कि इनकी संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक है।

जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है और इनकी वास्तविकता का पता लगाया है। उपग्रह आकाशगंगाओं की अपनी अलग दुनिया है। इनके बारे में अभी तक हुई खोजबीन बेहद कम हैं। जिस कारण ब्रह्मांड में अपना अलग स्थान रखने वाली उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे अधिक लोगों को जानकरी नही है। पूर्व में माना जाता था कि इनकी संख्या मात्र 9 है, जबकि नई खोज बताती है कि यह ब्रह्मांड के एक बढ़े हिस्से में हो सकती हैं। फिलहाल 61 उपग्रह आकाशगंगा हाल में खोजी गई हैं।

जिनमें बड़े और छोटे मैगेलैनिक बादल के उपग्रह आकाशगंगा शामिल हैं। यह खोज 1.4 मिलियन प्रकाश वर्ष के भीतर दायरे में कई गई है। जापान की सुबारू दूरबीन के जरिए यह खोज की गई है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि फिलहाल उन्होंने आकाश के केवल 3 प्रतिशत भाग में ही खोज की है।

हमारी आकाशगंगा की परिक्रमा करने वाली अधिकांश उपग्रह आकाशगंगाएँ नवागंतुक हैं, जो छोटे बड़े मैगेलैनिक बादल में सिमटी हैं और इन्हें नवागंतुक माना जाता हैं। इनका विस्तार निरंतर जारी है। इनकी ऑर्बिट के बारे में निश्चित पता अभी नही लग पाया है। बहरहाल यह जानकारी जुटाने के लिए सुबारू दूरबीन से डेटा एकत्र का कार्य चल जिसका पता जल्द लग जाएगा। हवाई के मौना केआ में सुबारू टेलीस्कोप एक 8.2 मीटर व्यास की टेलीस्कोप है ।



उपग्रह आकाशगंगा की तस्वीर।

### बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है

उपग्रह आकाशगंगा सीमित आकार लिए एक छोटी आकाशगंगा है, जो आकाशगंगा की परिक्रमा करती हैं। इन्हें बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है। यह मेजबान आकाशगंगा की गुरुत्वाकर्षण के आकर्षण के भीतर बंधी हुई कक्षाओं में यात्रा करती है। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए अधिक शोध किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाल में हुई खोज से इस दिशा में खोज का दायरा बढ़ेगा। जिसमें दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

## मोदी के लिए खाना पकाने की ममता की पेशकश पर विवाद

• भाजपा ने राजनीतिक एजेंडा करार दिया, माकपा ने इसे टीएमसी व भाजपा के बीच सहमति बताया

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए खाना पकाने की पेशकश पर अलग-अलग राजनीतिक दलों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। जहां भाजपा ने इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया, वहीं माकपा ने इसे टीएमसी-भाजपा के बीच सहमति बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान को लेकर उन पर तंज कसते हुए ममता ने सोमवार को कहा था कि अगर वह (मोदी) चाहें तो मैं उनके लिए खाना पकाने को तैयार हूं लेकिन वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मोदी उनके हाथ का पका खाना खाएंगे या नहीं। मोदी ने पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर ऐसे समय में मछली खाने को लेकर कटाक्ष किया था, जिस दौरान हिंदू मांसाहार के सेवन से परहेज करते हैं। भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा ममता बनर्जी, मोदी जी को अपने हाथ की बनी मछली और चावल खिलाना चाहती हैं। अच्छा प्रस्ताव है। लेकिन उससे पहले वह अपने विश्वस्त फिरहाद हकीम को सुअर का मांस खिलाइये? इससे तीन उद्देश्य पूरे होंगे, पहला धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा, दूसरा लोगों को मालूम पड़ेगा कि कोई भी चीज घर से शुरू होती है और तीसरा पकौड़े की भी प्रशंसा हो जाएगी।